
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 09 अप्रैल 2026
वर्ष 07, अंक 186, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

जीपैट 2026 में जेएसएस इंस्टीट्यूट का परचम, मो. जावेद ने 21 वां स्थान हासिल कर रचा इतिहास...03

अमेरिका-ईरान युद्धविराम के बीच बोले पीट हेगसेथ- ईरान का भविष्य हमारे हाथों में है...12

# सबरीमाला केसः आस्था पर न्यायिक समीक्षा नहीं... सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का तर्क



सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि अगर मेरी आस्था सार्वजनिक व्यवस्था के खिलाफ नहीं है, तो उस पर न्यायिक समीक्षा नहीं हो सकती. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर मैं किसी बात पर विश्वास करता हूं और वह सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता या स्वास्थ्य के खिलाफ नहीं है तो तर्क और विज्ञान के आधार पर न्यायिक समीक्षा नहीं हो सकती. स्त्र ने शेषाम्मल और अन्य बनाम तमिलनाडु राज्य (1972) मामले का हवाला दिया।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने शेषाम्मल मामले में कहा था कि राज्य की कोई भी कार्रवाई जो आगमों द्वारा अधिकृत न किए गए अर्चक के स्पर्श से मूर्ति को अपवित्र या दूषित करने की अनुमति देती है. वह हिंदू उपासक की धार्मिक आस्था और प्रथाओं में गंभीर रूप से हस्तक्षेप करेगी और इसलिए संविधान के अनुच्छेद 25(1) के तहत प्रथम दृष्टया अमान्य होगी।

**धर्म के मूल तत्व का बलिदान नहीं किया जा सकता- SG**

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने 1972 के फैसले में उद्धृत पालखीवाला के तर्कों को पढ़ा कि सामाजिक सुधार के बहाने राज्य किसी धर्म को मिटा नहीं सकता. इस पर जस्टिस नागरत्ना ने टिप्पणी की कि सामाजिक सुधार के नाम पर कोई धर्म अपनी पहचान नहीं खो सकता. एसजी ने कहा कि सुधार के नाम पर धर्म के मूल तत्व का बलिदान नहीं किया जा सकता

**सुधार किसी धर्म को खोखला नहीं कर सकता- जस्टिस नागरत्ना**

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि सुधार किसी धर्म को खोखला नहीं कर सकता. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एसपी मित्तल मामले (ऑरोविल) में 'धार्मिक संप्रदाय' की परिभाषा पर दिए गए स्पष्टीकरण को पढ़ते हुए कहा संविधान के अनुच्छेद 26 में प्रयुक्त शब्द 'धार्मिक संप्रदाय' को 'धर्म' शब्द से ही अर्थ लेना चाहिए और यदि ऐसा है, तो 'धार्मिक संप्रदाय' अभिव्यक्ति को तीन शर्तों को भी पूरा करना होगा।

पहला ये कि यह ऐसे व्यक्तियों का समूह होना चाहिए जिनकी मान्यताओं या सिद्धांतों की एक प्रणाली हो जिसे वे अपने आध्यात्मिक कल्याण के लिए सहायक मानते हों, अर्थात एक साझा आस्था. दूसरा साझा संगठन और तीसरा एक विशिष्ट नाम द्वारा नामित होना। वे ऑरोविल मामले में धार्मिक संप्रदाय की परिभाषा को सीमित मानते हुए उससे असहमत हैं. स्त्र का तर्क है कि एक संप्रदाय अन्य संप्रदायों के कुछ हिस्सों से मिलकर बन सकता है. विभिन्न आस्था प्रणालियों, धर्मों और संप्रदायों के लोग एक ही धार्मिक स्थल पर एकत्रित हो सकते हैं।

**जस्टिस नागरत्ना ने याचिका की वैधता पर उठाए सवाल**


जस्टिस बीवी नागरत्ना ने सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को चुनौती देने वाली याचिका की वैधता पर सवाल उठाया. उन्होंने पूछा कि मूल याचिकाकर्ता भक्त नहीं हैं. किसी भी भक्त ने सुप्रीम कोर्ट में (महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को) चुनौती नहीं दी है, याचिकाकर्ता कौन हैं? सॉलिसिटर जनरल ने जवाब दिया कि यह यंग इंडियन लॉयर्स एसोसिएशन है.

**क्या भगवान अय्यप्पा के भक्त ऐसी याचिका दायर कर सकते हैं?**

जस्टिस नागरत्ना ने फिर पूछा कि क्या भगवान अय्यप्पा के कोई भक्त ऐसी याचिका दायर कर सकते हैं और निष्कर्ष निकाला कि यदि कोई गैर-भक्त, यानी मंदिर से असंबंधित व्यक्ति, इसे चुनौती देता है तो क्या सुप्रीम कोर्ट उस याचिका पर विचार कर सकता है? और यह मुद्दा पहले हल किया जाना चाहिए. SG तुषार मेहता ने उल्लेख किया कि सबरीमाला मामले में जस्टिस इंदु मल्होत्रा के अल्पमत मत में कहा गया था कि कोई अजनबी किसी धार्मिक आंदोलन में शामिल नहीं हो सकता।

जस्टिस नागरत्ना ने याचिकाकर्ताओं के व्यक्तिगत संबंध पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि किसी संस्था द्वारा मुकदमा दायर किया गया होता, तो आदेश 7 नियम 11ए के तहत कार्रवाई के कारण के अभाव में उसे खारिज कर दिया जाता. जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि पहले इस बात पर विचार किया जाना चाहिए कि क्या किसी धार्मिक संप्रदाय से अपरिचित व्यक्ति जनहित याचिका के माध्यम से उस संप्रदाय की प्रथाओं पर सवाल उठा सकता है।

## गाजियाबाद जाने वाले यात्री ध्यान दें, 60 दिन बंद रहेगी नोएडा सेक्टर 62 की सर्विस रोड




**नोएडा सेक्टर 62 सर्विस रोड 60 दिन बंद**

**मेट्रो प्रोजेक्ट निर्माण के कारण लगाई गई रोक**


**यात्रियों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह**

**नोएडा।** अगर आप नोएडा से गाजियाबाद के बीच सफर करते हैं तो यह खबर आपके काम की है। दरअसल नोएडा के सेक्टर 62 के पास गाजियाबाद की ओर जाने वाली एक सर्विस रोड अगले 60 दिन (9 अप्रैल से 10 जून) तक बंद रहेगी। इस संबंध में दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने एक्स पर एक पोस्ट कर जानकारी दी है। डीएमआरसी ने बताया कि यह रोक मेट्रो प्रोजेक्ट निर्माण कार्य के कारण लगाई गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए डायवर्जन लागू किया गया है और वैकल्पिक रास्तों से सफर करने की अपील की गई है। यहां पर स्टील स्पैन लगाने और फाउंडेशन बनाने का काम होगा। सर्विस रोड पर बंद होने की वजह से अब सेक्टर-62 अंडरपास और दिल्ली से गाजियाबाद जाने वाले वाहन चालक अब सीधे एनएच-9 पर जाकर गाजियाबाद की तरफ मुडेंगे। इसके अलावा सेक्टर-62 से अहिंसा खंड-द जाने वाले वाहन चालकों को सेक्टर-62 चौक से राइट टर्न लेकर अंडरपास जाना होगा, जो आगे जाकर सर्विस लेन से जुड़ता है।




## संक्षिप्त ख़बरें

### देशद्रोह मामले में रामपाल को राहतः हाईकोर्ट ने जमानत याचिका की स्वीकार, 2014 में दर्ज हुआ था केस



**ब्यूरो प्रयागराज।** हिसार के बरवाला स्थित करौंथा आश्रम में 2014 में हुई उपद्रव और हिंसा के मामले में आश्रम संचालक रामपाल को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जस्टिस जीएस गिल और जस्टिस रमेश कुमारी की खंडपीठ ने उनके खिलाफ दर्ज देशद्रोह समेत अन्य गंभीर धाराओं वाले मामले में नियमित जमानत याचिका को शर्तों के साथ स्वीकार कर लिया है। हालांकि, इस संबंध में विस्तृत आदेश अभी जारी होना बाकी है। 18 नवंबर 2014 को थाना बरवाला (हिसार) में एफआईआर नंबर 428 दर्ज हुई थी। उस समय पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई के दौरान आश्रम में भारी बवाल हुआ था। इस घटना में आश्रम के छह अनुयायियों की मौत हो गई थी, जबकि कई लोग घायल हुए थे।

आरोप है कि आश्रम में मौजूद अनुयायियों को कथित तौर पर बंधक बनाकर रखा गया था और पुलिस कार्रवाई में बाधा डाली गई थी। इस पूरे प्रकरण में रामपाल के खिलाफ देशद्रोह, हत्या, गैरकानूनी रूप से लोगों को बंधक बनाना और सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित कई गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि मामले में अब तक करीब 450 गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं और ट्रायल काफी आगे बढ़ चुका है। ऐसे में लंबी न्यायिक प्रक्रिया को देखते हुए नियमित जमानत दी जानी चाहिए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट की खंडपीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए रामपाल को नियमित जमानत देने का फैसला सुनाया। हालांकि अदालत ने जमानत कुछ शर्तों के साथ मंजूर की है, जिनका विवरण विस्तृत आदेश में स्पष्ट किया जाएगा।

## बेमौसम बारिश और आंधी से किसानों की बढ़ी चिंता, गेहूं की फसल को नुकसान

● **बारिश से मड़ाई ठप, खेतों में भीगी पड़ी फसल**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लालगंज (रायबरेली)।** बेमौसम बारिश और आंधी-तूफान ने क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मंगलवार शाम अचानक मौसम बदल गया और तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी के बाद बारिश शुरू हो गई। इस बारिश से खेतों में खड़ी और कटी हुई गेहूं की फसल भीग गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका सता रही है। बारिश के कारण मड़ाई का काम पूरी तरह ठप हो गया है। कई किसानों की कटी फसल अभी भी खेतों में पड़ी है, जो भीगने से खराब होने की कगार पर है। बुधवार को भी आसमान में बादल छाए रहने से किसानों की बेचैनी और बढ़ गई है।रणमऊ गांव के

प्रगतिशील किसान देवकुमार यादव ने बताया कि यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो नुकसान और बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि गेहूं की फसल ही किसानों के पूरे साल का सहारा होती है और ऐसे समय पर बारिश होना बेहद चिंताजनक है। ऐहार के किसान रामकृष्ण ने बताया कि मौसम के बदलाव के कारण मड़ाई में दिक्कत आ रही है और खेतों में काम ठप हो गया है। मजदूरों के खाली बैठने से लागत भी बढ़ रही है। पिलखा गांव के किसान दलपतसिंह ने कहा कि पहले हुई बारिश से फसल पहले ही गिर चुकी थी, अब दोबारा बारिश से नुकसान और बढ़ेगा, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा।

### नोएडा में मई से शुरू होगी 50 मिडी सिटी बस सेवा, आठ लाख लोगों को मिलेगा लाभ

**नोएडा।** नोएडा से ग्रेटर नोएडा, ग्रेनो वेस्ट, जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा तक सार्वजनिक परिवहन सेवा उपलब्ध कराने में के लिए नोएडा प्राधिकरण ने मई से सिटी बसों के रूप में 50 मिडी बसों को संचालन शुरू कराने का निर्णय लिया है। इसका संचालन व रखरखाव उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की ओर से किया जाएगा। जबकि टिकट और किमी के हिसाब से जो भी वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) होगा, उसकी भरपाई नोएडा प्राधिकरण करेगा। इसका एक बिल प्रत्येक माह यूपी रोडवेज नोएडा प्राधिकरण को देना होगा। नोएडा प्राधिकरण की इस सुविधा से तीनों शहर के आठ लाख लोगों को सुविधा मिलेगी। महाप्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि इस सुविधा का ऐलान प्राधिकरण के गोल्डन जुबली स्थापना दिवस पर किया जा सकता है, जिसमें 50 मिडी बसों को नोएडा से ग्रेटर नोएडा व ग्रेनो वेस्ट और जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा तक संचालन कराया जाएगा। इसकी शुरुआत मई से होने जा रही है।

## महाराष्ट्र में गिग वर्कर्स की जांच पर सियासत तेज, सपा बोली- ये परेशान करने की साजिश

● **महाराष्ट्र में फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स के गिग वर्कर्स के अनिवार्य वेरिफिकेशन पर राजनीतिक विवाद गहराया है. अवैध घुसपैठ और सुरक्षा चिंताओं के कारण सरकार सख्त एसओपी लागू करने की तैयारी में है. इसे कुछ वर्कर्स जरूरी मानते हैं तो वहीं विपक्ष भेदभाव का आरोप लगा रहा है. अब ये मुद्दा सुरक्षा बनाम सियासत की बहस में उलझा है**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

महाराष्ट्र में फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स से जुड़े गिग वर्कर्स के वेरिफिकेशन को लेकर राजनीतिक विवाद गहराता जा रहा है. सुरक्षा, अवैध घुसपैठ और कथित भेदभाव के आरोपों के बीच राज्य सरकार सख्त एसओपी लाने की तैयारी में है. बताया जा रहा है कि सरकार जल्द ही Swiggy, Zomato और Blinkit जैसे प्लेटफॉर्म से जुड़े डिलीवरी कर्मियों के लिए अनिवार्य पहचान और बैकग्राउंड वेरिफिकेशन लागू कर सकती है।

बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने इस मुद्दे को उठाया है. उन्होंने आरोप लगाया कि गिग वर्क सेक्टर में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए काम कर रहे हैं, जिनमें कुछ आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं. उन्होंने मांग की कि डिलीवरी कर्मचारियों की पासपोर्ट जैसी सख्त जांच हो. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सरकार ने इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए गृह और श्रम विभाग की बैठक में एसओपी लागू करने का फैसला लिया है।

**अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ होगी कार्रवाई**

सूत्रों के मुताबिक, अवैध रूप से रह रहे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. जमीनी स्तर पर गिग वर्कर्स के बीच इस फैसले को लेकर अलग-अलग राय सामने आई है. कुछ डिलीवरी कर्मियों और ओला उबर वालों का का कहना है कि मौजूदा थर्ड-पार्टी वेरिफिकेशन सिस्टम कमजोर है, जिससे बाहरी लोगों की घुसपैठ संभव है. ऐसे में सख्त जांच जरूरी है ताकि ईमानदार कर्मचारियों पर शक न हो।

**जांच के नाम पर भेदभाव नहीं होना चाहिए**

कई वर्कर्स ने चिंता जताई कि जांच के नाम पर भेदभाव नहीं होना चाहिए. उनका कहना है कि वे वैध दस्तावेजों के साथ काम कर रहे हैं और धर्म या पहचान के आधार पर टारगेट करना गलत है. इस मुद्दे पर विपक्ष सरकार पर हमलावर हो गया है. समाजवादी पार्टी नेता अबू आसिम आजमी, AIMIM के वारिश पठान और कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि यह कार्रवाई मुसलमानों को निशाना बनाने के लिए की जा रही है।

**आम कामगारों को परेशान करना समाधान नहीं**

विपक्ष का कहना है, अगर घुसपैठ हुई है तो यह सरकार की नाकामी है लेकिन आम कामगारों को परेशान करना समाधान नहीं है. फिलहाल गिग वर्कर्स के वेरिफिकेशन का मुद्दा सुरक्षा बनाम सियासत के बीच फंसा नजर आ रहा है. अब सभी की नजर सरकार की आने वाली एसओपी पर है. ऐसे में लोगों की जुबान पर एक ही सवाल है, वो ये कि- क्या यह प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी होगी या विवाद को और बढ़ाएगी?

## देशभर में चाइल्ड ट्रैफिकिंग को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त, राज्य सरकारों को क्यों दी चेतावनी?

**सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी (बाल तस्करी) की घटनाओं को लेकर सत रुख अपनाया है**

● **SC ने विभिन्न राज्यों के सरकारों को चेतावनी देते हुए कहा कि चाइल्ड ट्रैफिकिंग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं.**

● **SC ने कहा कि इस संबंध में केवल राज्य सरकार और उसका गृह विभाग ही सतर्कता से कार्रवाई कर सकता है**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



देशभर में बाल तस्करी (Child Trafficking) की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं. इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है. एससी ने इसे लेकर राज्य सरकारों को चेतावनी दी है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर राज्य सरकारें ध्यान नहीं देंगी तो चाइल्ड ट्रैफिकिंग बेकाबू हो जाएगी. कृपया इस मुद्दे को गंभीरता से लें और इस पर तेजी से काम करें।

सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न राज्यों के गृह सचिवों से कहा कि चाइल्ड ट्रैफिकिंग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं. एक तरह से माना जाए तो ये घटनाएं बेकाबू हो गई हैं. इस पर लगाम लगाना बहुत जरूरी है. एस. सी ने राज्यों के गृह सचिवों से कहा कि जल्द से जल्द इस पर काम शुरू कर इसे रोका जाए. क्योंकि ये एक बहुत बड़ी समस्या है जो वर्तमान में बहुत गंभीर बनती जा रही है. अगर इसे आज न रोका गया तो ये और गंभीर हो जाएगी।

**देश भर में चाइल्ड ट्रैफिकिंग गिरोह सक्रिय**

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के गृह सचिवों से आगे कहा कि देश भर में चाइल्ड ट्रैफिकिंग गिरोह सक्रिय हैं. अगर आप लोग इस पर ध्यान नहीं देंगे तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी. स्ट ने कहा कि इस संबंध में केवल राज्य सरकार और उसका गृह विभाग ही सतर्कता से कार्रवाई कर सकता है. स्ट ने कहा कि एक कोर्ट के रूप में हम निगरानी कर सकते हैं, लेकिन अंततः कार्रवाई राज्य सरकार, पुलिस और अन्य एजेंसियों को ही करनी होगी।

**देश भर में चाइल्ड ट्रैफिकिंग गिरोह सक्रिय**

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के गृह सचिवों से आगे कहा कि देश भर में चाइल्ड ट्रैफिकिंग गिरोह सक्रिय हैं. अगर आप लोग इस पर ध्यान नहीं देंगे तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी. एस. सी ने कहा कि इस संबंध में केवल राज्य सरकार और उसका गृह विभाग ही सतर्कता से कार्रवाई कर सकता है. एस. सी ने कहा कि एक कोर्ट के रूप में हम निगरानी कर सकते हैं, लेकिन अंततः कार्रवाई राज्य सरकार, पुलिस और अन्य एजेंसियों को ही करनी होगी।

## Reel बनाने के लिए खुद को कमरे में किया बंद, दरवाजा खुला तो घरवालों की निकल गई चीख; रोने लगे सब




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** सीतापुर रोड के अजीज नगर में रील का नशा ऐसा चढ़ा की एक युवक ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। इसके बाद लुंगी से फंदा बनाकर उसने अपने गले में डाल दिया। संतुलन बिगड़ने से वह फिसल गया और गला फंदे में कस गया। काफी देर वह कमरे से नहीं निकला तो मां बुलाने पहुंची लेकिन आवाज देने पर दरवाजा नहीं खुला। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खोला तो युवक लटका था। उसे बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया जहां बुधवार को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

अजीज नगर निवासी मो. रफीक कबाड़ का कारोबार करते हैं। परिवारजन ने बताया कि रविवार की सुबह घर के सभी लोग अपने काम से गए थे। 18 वर्षीय बेटा मो. जाकिर और उसकी मां शहनाज घर में थी। शहनाज घर के काम कर रही थी तभी जाकिर मोबाइल फोन लेकर कमरे में चला गया। उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और लुंगी से फंदा बनाकर रील बनाने लगा। इसी बीच संतुलन बिगड़ने से फंदे में गला कस गया। काफी देर कमरे में हलचल नहीं हुई तो मां बुलाने पहुंची। आवाज देने पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने दरवाजा खोलने का प्रयास किया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला। उन्होंने शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया। दरवाजा तोड़कर पड़ोसी अंदर गए तो जाकिर फंदे से लटका था।

परिवारजन ने उसे इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया। बुधवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवारजन को सौंप दिया गया। इंस्टाग्राम पर आफिशियल जाकिर सिड के नाम से उसका अकाउंट है जिस पर 1718 फॉलोवर हैं। वह रील बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया करता था।

कुछ दिन पहले उसने एक वीडियो भी अपलोड किया था जिसमें एक युवक सरिये के जाल में बंद था और उसे बोतल से कोई पानी पिला रहा था। मड़ियांव इंस्पेक्टर ने बताया कि परिवार ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

### यूपी के सभी अफसरों-कर्मचारियों के लिए नया फरमान जारी, 2 दिन और करनी होगी 'डिजिटल क्लास'



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह के तहत प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए 'डिजिटल लर्निंग' को दो दिन और बढ़ा दिया है। सात व आठ अप्रैल के बाद अब नौ व 10 अप्रैल को भी इसे करना अनिवार्य कर दिया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से बुधवार को जारी आदेश के अनुसार नौ व 10 अप्रैल को शाम चार से छह बजे तक आइजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर निर्धारित कोर्स पूरे करने होंगे। शासनादेश में यह भी स्पष्ट कहा गया है कि इस दौरान किसी भी प्रकार की बैठक या कोई अन्य कार्य निर्धारित न किए जाएं, ताकि सभी कार्मिक प्रशिक्षण पूरा कर सकें। इसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों की कार्यकुशलता और क्षमता को बढ़ाना है। प्रदेश सरकार ने विशेष रूप से एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से जुड़े कोर्स पर जोर दिया है। प्रदेश मुख्यालय से लेकर मंडल और जिला स्तर तक तैनात सभी अधिकारियों और कर्मचारियों (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) को इस आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ क्रॉप कटिंग



**गेहूं की फसल की उपज का लिया जायजा**

**बलरामपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत विकास खण्ड तुलसीपुर के ग्राम पंचायत शिवानगर में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की उपस्थिति में गेहूं की फसल का क्रॉप कटिंग प्रयोग सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। यह क्रॉप कटिंग गाटा संख्या 196 पर किया गया, जिसमें निर्धारित मानकों का पालन करते हुए समबाहु त्रिभुज (Equilateral Triangle) आकार के कुल 43.33 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में गेहूं की कटाई की गई। इस दौरान औसत उत्पादकता 54.46 कुन्तल प्रति हेक्टेयर दर्ज की गई। क्रॉप कटिंग के दौरान जिलाधिकारी ने किसानों से सीधा संवाद किया और 'फार्मर रजिस्ट्री' अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से मिल सके। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समयबद्ध उपलब्धता को लेकर किसानों से फीडबैक लिया और उनकी समस्याओं को सुना। इस अवसर पर अपर सांख्यिकी अधिकारी सोभनाथ, लेखपाल भावना गुप्ता, राजस्व निरीक्षक उमाकान्त पाठक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय किसान उपस्थित रहे।

### नवजात को डिस्चार्ज न करने का आरोप, बस्ती लाइफ लाइन हॉस्पिटल पर परिजनों का हंगामा




**बस्ती।** बस्ती जिले में स्थित दक्षिण दरवाजा रोड स्थित बस्ती लाइफ लाइन हॉस्पिटल पर एक गंभीर आरोप सामने आया है। परिजनों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन 06 दिन के नवजात बच्चे को जबरन रोके हुए है और डिस्चार्ज नहीं कर रहा है। मामला ग्राम कोठवाभरतपुर, विकास खंड बहादुरपुर निवासी शब्बीर अहमद के रिश्तेदार से जुड़ा बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार, नवजात को कई दिनों से अस्पताल में भर्ती रखा गया है, जबकि उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन डिस्चार्ज करने में टालमटोल कर रहा है।इस घटना को लेकर परिजनों में आक्रोश बढ़ गया है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही और जबरन रोककर रखने का आरोप लगाया है।वहीं, नगर पंचायत के नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राना दिनेश प्रताप सिंह ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि वह बस्ती पहुंचते ही इस पूरे प्रकरण की शिकायत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करेंगे।घटना के बाद अस्पताल परिसर में तनाव का माहौल बना हुआ है। फिलहाल इस संबंध में अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### विकलांग महिला ने एसपी से लगाई गुहार, जमीन व आम के पेड़ों की सुरक्षा की मांग



**बस्ती।** बस्ती जिले के मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के गुलरिहा सिरसा गांव की निवासी विकलांग महिला अनुराधा पत्नी गिरीश चन्द्र ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर भूमि व पेड़ों से जुड़े विवाद के निस्तारण की मांग की है।एसपी को दिए गए पत्र में अनुराधा ने बताया कि डीही आबादी में उनका छप्परपोश मकान स्थित है, जिसके उत्तर दिशा में नाली है। मकान और नाली के बीच तीन आम के पेड़ लगे हुए हैं। आरोप है कि गांव के ही रामलोचन, मदन और इन्द्रेश पुत्रगण दयाराम ने उत्तर दिशा में स्थित गाटा संख्या 116 के चकमार्ग को जोतकर अपने खेत में मिला लिया है। पीड़िता का कहना है कि उक्त लोग ग्राम प्रधान से मिलकर चकमार्ग की नाली को उत्तर की बजाय दक्षिण दिशा में, उसके डीही आबादी क्षेत्र में इंटरलॉकिंग खड़ंजा लगाने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही, उसकी जमीन पर लगे तीन आम के पेड़ों को कटवाने के लिए दबाव बना रहे हैं। अनुराधा के अनुसार, पेड़ काटने से मना करने पर विपक्षीगण ने अपनी माता कलावती देवी के साथ मिलकर थाने में जबरन सुलहनामा लिखवा दिया और उसके देवर सूर्यनाथ को जेल भिजवा दिया। पीड़िता ने बताया कि वह और उसका पति दोनों विकलांग, गरीब और असहाय हैं। उन्होंने एसपी से अपने मकान, जमीन और पेड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# थारू विकास परियोजना, विशुनपुर विश्राम को मिली नई गति

**●शासन से 1.28 करोड़ की स्वीकृति, स्वास्थ्य, शिक्षा व आधारभूत सुविधाओं का हो रहा व्यापक सुदृढ़ीकरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद के थारू जनजाति क्षेत्र में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित करते हुए थारू विकास परियोजना, विशुनपुर विश्राम को सशक्त बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के निर्देशन एवं सतत अनुश्रवण में परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास हेतु शासन द्वारा ?1.28 करोड़ की धनराशि स्वीकृत एवं प्राप्त हुई है। इस धनराशि के माध्यम से क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने, जनसेवाओं का विस्तार करने तथा स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यों को तेजी से कराया जा रहा है।

**परियोजना परिसर का हो रहा कायाकल्प**

थारू विकास परियोजना परिसर में रंग-






रोगन, मरम्मत, सौंदर्यीकरण एवं संरचनात्मक सुधार के कार्य तेजी से चल रहे हैं। भवनों की बाहरी एवं आंतरिक साज-सज्जा को बेहतर बनाकर परिसर को आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। इससे यह केंद्र न केवल प्रशासनिक गतिविधियों का प्रमुख स्थान बनेगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास के मॉडल के रूप में भी स्थापित होगा।

**स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, बढ़ी ओपीडी**

परियोजना क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) का भी कायाकल्प किया गया है। यहां आधुनिक चिकित्सा उपकरण, दवाएं, फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सुविधाओं में सुधार का असर ओपीडी में मरीजों की बढ़ती संख्या के रूप में देखा जा रहा है। अब ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल रही हैं, जिससे बाहर जाने की आवश्यकता कम हुई है।

**अभ्युदय योजना से युवाओं को मिल रहा लाभ**

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं NEET जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन से छात्रों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिल रही है, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध हो रही है।

**समग्र विकास पर प्रशासन का जोर**

प्रशासन द्वारा थारू बाहुल्य क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, रोजगार एवं आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। परियोजना के माध्यम से वर्तमान सुविधाओं के साथ-साथ भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक विकास की रूपरेखा भी तैयार की जा रही है।

## एआरटीओ ने चैकिंग कर वाहनों पर की कार्रवाई

**कोंच(जालौन)-** बुधवार की सुबह परिवहन विभाग द्वारा नगर में चलाए गए चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। एआरटीओ विनय कुमार पांडेय के नेतृत्व में कोंच-नदीगांव रोड पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने दो लोडर, एक ट्रैक्टर तथा एक आपे वाहन को रोककर उनके कागजातों की जांच की। जांच में उक्त वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए तथा बगैर वैध परमिट और फिटनेस के संचालित होते मिले। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर एआरटीओ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक लोडर और एक ट्रैक्टर को सीज कर मंडी पुलिस चौकी में खड़ा करा दिया, जबकि एक लोडर व आपे का चालान काटा गया। अचानक चेकिंग की इस कार्रवाई से वाहन चालकों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई वाहन चालक रास्ता बदलते हुए नजर आए। एआरटीओ ने बताया कि वैध दस्तावेजों के बगैर वाहन चलाना नियमों के विरुद्ध है और इससे सड़क सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पैकोलिया थाना क्षेत्र के चांदा खुर्द गांव में कंबाइन मशीन से गेहूं की कटाई को लेकर दो पक्षों में विवाद कई घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में पुलिस की कर शैली पर उठ रहे सवाल शिकायत पत्रों पर अगर कार्रवाई होती तो घटनाएं न होती लेकिन पुलिस विभाग के लापरवाही से बड़ी घटना हो जाती हैं कहीं ना कहीं सिस्टम में कमी के कारण ऐसी घटनाएं क्षेत्र में बढ़ रही हैं पुलिस इस पर कंट्रोल नहीं कर पा रही है ताजा मामला पैकोलिया थाना क्षेत्र के चांदा खुर्द गांव में कंबाइन मशीन से गेहूं की कटाई को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान हुई मारपीट में सुनील दुबे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चांदा खुर्द निवासी सुनील दुबे पुत्र परमात्मा प्रसाद दुबे ने आरोप लगाया है कि यह घटना 7 अप्रैल की शाम करीब 4:30 बजे हुई। उनके अनुसार, कंबाइन मशीन को पहले अपने खेत में ले जाने को लेकर उनके पाटीदारों से विवाद शुरू हुआ। सुनील दुबे ने आरोप लगाया है कि अशोक कुमार पुत्र अष्टभुजा दुबे और आदर्श कुमार पुत्र अशोक कुमार ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित सुनील दुबे ने बताया कि वह किसी तरह अपनी जान बचाकर घर पहुंचे। हालांकि, उनके आरोप के अनुसार, इसके बाद रामकृष्ण दुबे पुत्र अष्टभुजा दुबे, अशोक कुमार दुबे, रामकृष्ण की पत्नी और कुछ अन्य लोग उनके घर में घुस आए। उन्होंने डंडों, लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से सुनील दुबे पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। सुनील दुबे के मुताबिक, हमलावरों ने उन्हें मरा हुआ समझकर छोड़ दिया था। बाद में परिजनों और रिश्तेदारों ने उन्हें बस्ती के जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पैकोलिया थाना के उपनिरीक्षक सत्येन्द्र कुमार ने इस मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी मिल गई है और आवश्यक जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## कानपुर में 3 बाबू बने चपरासी: टाइपिंग टेस्ट में दो बार फेल होने पर कार्रवाई



**कानपुर।** कानपुर में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन बाबुओं को डिमोट कर चपरासी बना दिया। तीनों कर्मचारी एक मिनट में 25 शब्द टाइप करने की अनिवार्य परीक्षा में लगातार दो बार फेल हो गए थे। प्रशासन के अनुसार, मृतक आश्रित कोटे से नियुक्त इन कर्मचारियों–प्रेमनाथ यादव, अमित कुमार यादव और नेहा श्रीवास्तव–को नियम के तहत एक साल के भीतर टाइपिंग टेस्ट पास करना था। हालांकि, 2024 और 2025 में हुए दोनों प्रयासों में वे निर्धारित मानक पूरा नहीं कर सके।

लगातार असफल रहने पर डीएम ने समीक्षा के बाद तीनों को जूनियर क्लर्क पद से हटाकर चतुर्थ श्रेणी में भेज दिया, साथ ही वेतन वृद्धि पर भी रोक लगा दी गई। डीएम ने कहा कि कलेक्ट्रेट में फाइलों की नोटिंग और दस्तावेज तैयार करने के लिए टाइपिंग कौशल बेहद जरूरी है, ऐसे में मानक पूरा न करने पर कार्रवाई अनिवार्य है।

# मिशन शक्ति अंतर्गत आरपीएम पब्लिक स्कूल के बेटियों को पुलिस ने किया जागरूक

**●नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन के लिए समर्पित लंभुआ पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लंभुआ, सुल्तानपुर-** मिशन शक्ति के द्वितीय चरण अंतर्गत लंभुआ एंटी रोमियो टीम तथा मिशन शक्ति प्रभारी टीम के द्वारा बेटियों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने उन्हें जागरूक किया तथा मिशन शक्ति का पत्रक वितरित किया। लंभुआ क्षेत्र के अटल नगर वार्ड में स्थित आरपीएम पब्लिक स्कूल में उपनिरीक्षक अजय राय, हेड कांस्टेबल प्रेम वर्मा तथा शैल कुमारी राजभर के नेतृत्व में मिशन शक्ति के अंतर्गत बालिकाओं के लिए चलाए गए टोल फ्री नंबरों के विषय में जानकारी दी गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, विमेंन पावर हेल्पलाइन, साइबर अपराध, स्वास्थ्य सेवा, एंबुलेंस सेवा, चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन आदि नंबरों के बारे में भी जागरूक किया गया। पुलिस की टीम ने मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्पडेस्क, एंटी रोमियो स्क्वाड, महिला अपराधों पर त्वरित कार्रवाई, ऑनलाइन फैमिली काउंसलिंग, महिला साइबर सेल आदि के बारे में भी बालिकाओं को जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें नारी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए लंभुआ पुलिस समर्पित है। महिलाओं से संबंधित अपराध के लिए सभी जनपदों एवं तहसीलों में रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र महिला थानों का गठन भी किया गया है। प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए संकल्पित है और महिला से संबंधित किसी भी अपराध होने पर तत्काल पुलिस करवाई सुनिश्चित कर रही है। मिशन शक्ति की टीम ने विद्यालय की महिला शिक्षकों को भी पत्रक वितरित कर उन्हें भी उनकी सुरक्षा के लिए जागरूक किया।

# दहेज हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का किया घेराव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के छावनी थाना क्षेत्र ग्राम चौगढ़वा दहेज हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का किया घेरावजम कर किया गया नारेबाजी, पुलिस कर्मियों और महिलाओं से हुआ नोक झोक , इस संबंध में ष्थ हरैया से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने मोबाइल नहीं उठाई कहीं ना कहीं सिस्टम की कमी के कारण क्षेत्र में घटनाएं ज्यादा हो रही है उसे पर कार्रवाई न होने से अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है बस्ती जिले में छावनी थाना क्षेत्र में आए दिन महिलाओं पर अपराध बढ़ रहे हैं छावनी पुलिस अपराध रोकने में पूरी तरह फेल नजर आ रही है, आए दिन महिलाओं संबंधी अपराध छावनी क्षेत्र में बढ़ रहे हैं, ताजा मामला छावनी थाना क्षेत्र के चौगडवा गांव का है जहां 30 वर्षीय महिला सीमा की जलकर दहेज लोभियों द्वारा हत्या कर लाश को छुपाने का प्रयास किया गया पहले बाद में पुलिस के डर के नाते लोगों को दिखाने के लिए दहेज लॉबियों द्वारा गाड़ी में लादकर लखनऊ मेडिकल कॉलेज लेकर जाएगा जहां डॉक्टरों ने तुरंत लाश को देखते ही मृतक घोषित कर दिया गया, मौके पर लखनऊ पुलिस द्वारा लाश को पीएम कराया गया और बस्ती पुलिस को सूचना दी गई।

मृतिका सीमा के पिता ने रो-रो कर बताया कि मेरी बेटी का दहेज लोभियों द्वारा उनके घर के लोग बार-बार दहेज के लिए मरते-पटाते थे और या दबाव डालते थे कि अपने घर से दहेज लेकर आओ नहीं तो तुम्हारी हत्या कर देंगे जबकि मेरी बेटी की एक बच्ची भी 4 साल की है बच्ची ने पूरा घटनाक्रम देखा कि 4 अप्रैल को रात लगभग 11:00 बजे पापा और सारे लोग मिलकर मम्मी के ऊपर तेल डालकर घर के अंदर आग लगा दिए जिससे मम्मी पूरी तरह जल गई और मम्मी वहीं जमीन पर गिर गई और मर गई। मेरी बेटी की घर वाले मुझे सूचना नहीं दिए गांव के कुछ लोगों से मुझे जानकारी मिली कि आपकी बेटी को जलाकर मार डाले हैं मौके पर हम लोग जब पहुंचे तो घर पर पुलिस पहुंची थी और पुलिस को तहरी लिखकर हम लोग दिए लेकिन आरोपियों छावनी थाने पर दबाव होने के नाते अभी तक गिरफ्तारी सबकी नहीं हो पाई है जिसको लेकर आज हम लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करने आए थे कप्तान साहब हम लोगों से मिले नहीं वहीं 6 अप्रैल को विशेश्वरगंज बाजार में दुबौलिया थाना अध्यक्ष छावनी थाना अध्यक्ष और सीईओ हरिया द्वारा हम लोगों को लिखित आश्वासन दिया गया कि मुलजिम को हम लोग 24 घंटे में गिरफ्तार कर लेंगे लेकिन पुलिस द्वारा लिखित कागज हम लोगों को दिया गया इसके बावजूद भी पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है ,। तत्काल अगर हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो हम लोग जिला अधिकारी कार्यालय के सामने अनशन पर बैठेंगे वहीं जब इस संबंध में हरिया को के मोबाइल नंबर पर फोन किया गया कि इस संबंध में क्या कार्रवाई की जा रही है तो को हराया ने फोन नहीं उठाया पुलिस सिस्टम में कहीं ना कहीं गड़बड़ी तो है जिसके कारण आए दिन घटनाएं घट रहे हैं पुलिस के लापरवाही पहले दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार कार्रवाई किया होता है तो इतनी बड़ी घटना ना घटती लेकिन पुलिस अपनी जेब भरने में मोहम्मद स्कूल रहते हैं प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई नहीं करती है फिलहाल इस मामले में पुलिस ने मुकदमा लिखकर दो लोगों की गिरफ्तारी कर जेल भेजा है जबकि इस पूरे घटना करम में पिता ने द्वारा बताया गया कि हम लोग 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कारया हैं अभी तक सिर्फ पुलिस ने दो लोगों की गिरफ्तारी की है।

# शुकुल बाजार में 'स्कूल चलो अभियान' रैली का भव्य शुभारंभ

**●शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** विकास खंड शुकुल बाजार में 8 अप्रैल को 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ किया गया। रैली का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।यह रैली खंड विकास अधिकारी कार्यालय से प्रारम्भ होकर कस्बा शुकुल बाजार के प्रमुख मार्गों से होती हुई जैनबगंज स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय मरदानपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। रैली में अध्यापकों, ग्राम प्रधानों और स्थानीय नागरिकों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली। लोगों ने बाइक और कार के माध्यम से




भी रैली में भाग लेकर अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। समापन समारोह के अवसर पर विधायक सुरेश पासी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार है और समाज के समग्र विकास के लिए सभी बच्चों का विद्यालय से जुड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में अवश्य कराएं, जहां सरकार द्वारा बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।खंड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र शुक्ल ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सरकार की विभिन्न शैक्षिक योजनाओं और विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए अभिभावकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक राघवेंद्र तिवारी, विक्रमादित्य तिवारी, अनूप तिवारी, संदीप यादव, सूरज यादव, श्याम यादव सहित अन्य शिक्षकों की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना रहा।रैली के माध्यम से क्षेत्र में शिक्षा के महत्व का संदेश प्रभावी ढंग से प्रसारित हुआ, जिससे 'सब पढ़ें, सब बढ़ें' का लक्ष्य साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

## जनगणना से संबंधित विभिन्न बिन्दुओ पर विस्तार से चर्चा की गयी तथा कार्यो को समयबद्ध एवं शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में जनगणना कार्य प्रगति की समीक्षा कलेक्टेऽट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में जनगणना से संबंधित विभिन्न बिन्दुओ पर विस्तार से चर्चा की गयी तथा कार्यो को समयबद्ध एवं शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसके आधार पर विभिन्न विकास योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन किया जाता है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नही की जायेंगी। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी गणनाकर्ताओं एवं पर्यवेक्षको को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाय तथा कार्य के दौरान आने वाले समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाय। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जनगणना जिला प्रभारी सुरम्या भारती ने कहा कि इस कार्य के दौरान कंट्रोल रजिस्टर



संबंधित अधिकारी द्वारा बनाया जायेंगा, जिसमें डेटा को मेनटेन करना होगा। बैठक में एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, डीडीओ अजय कुमार सिंह, एसडीएम शत्रुध्न पाठक, मनोज प्रकाश, हिमांशु कुमार, सत्येन्द्र सिंह, राजेश यादव, उमाकान्त तिवारी, डीआईओ एनआईसी आलोक कुमार मिश्र, डीएसटीओ मनोज कुमार श्रीवास्तव, बीएसए अनूप तिवारी, डीपीआरओ धनश्याम सागर, जिला कृषि अधिकारी बी.आर. मौर्य, ईओ नगरपालिका अंगद गुप्ता, अधिशासी अधिकारी नगरपंचायत, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## बंदरों ने हमला कर वृद्धा सहित दो महिलाओं को किया घायल

**कोंच(जालौन)-** नगर में चारों ओर हजारों की संख्या में मौजूद उत्पाती कटखने बंदरों के आतंक से नागरिकों का जीना मुहाल हो गया है लेकिन वन विभाग से लेकर नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बंदरों के झुंड ने वृद्धा सहित दो महिलाओं पर हमला बोलकर उन्हें घायल कर दिया, दोनों ने सीएचसी जाकर मरहम पट्टी कराई और रेबीज के इंजेक्शन लगवाए हैं। जानकारी के अनुसार मोहल्ला नया गांधीनगर में नगाइच बाग गेट के सामने रहने वाली वृद्धा कृष्णारानी पत्नी हरीराम निरंजन बुधवार की सुबह खुले आंगन में कुछ काम कर रही थी तभी अचानक से बंदरों के झुंड ने उन पर हमला बोलकर दोनों पैरों में बुरी तरह काट लिया। दूसरी ओर पटेल नगर निवासी महिला कीर्ति देवी मंगलवार की शाम छत पर घरेलू कार्य कर रही थी जिसे बंदरों ने काट कर घायल कर दिया। उक्त दोनों ने सीएचसी जाकर अपना उपचार कराया है।

# घोरावल पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, 04 शातिर गो-तस्कर गिरफ्तार

**●एक अदद पीकप वाहन से 12 गोवंश बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में गो-तस्करी एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक घोरावल बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना घोरावल पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई।

दिनांक 07/08.04.2026 को रात्रि गश्त के दौरान चौकी शिवद्वार क्षेत्र में 04 नफर गो-तस्कर अभियुक्तों को 12 अदद गोवंश (09 बछिया व 03 बछड़ा) को पिकअप वाहन पर वध हेतु लोड करते समय गिरफ्तार किया गया। मौके से 02 अन्य अभियुक्त अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। जिनकी तलाश जारी है।




बरामद पिकअप वाहन को धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किया गया है। इस संबंध में थाना घोरावल पर मु0अ0सं0 70/2026 धारा 3/5/5B/8 गोवध निवारण अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्तगण को न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण क्रमशः चांद मोहम्मद उर्फ सोनू उर्फ डब्बू पुत्र शिराजुद्दीन उर्फ कल्लू निवासी खुटहनिया थाना करमा जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 22 वर्ष, चांद बाबू उर्फ चन्दा पुत्र मलऊ निवासी बेलवनिया थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 25 वर्ष, जमालुद्दीन पुत्र सुलेमान निवासी गुरुवल थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 24 वर्ष, संदीप कुमार मौर्य पुत्र जगराम मौर्य निवासी तीनताली थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 22 वर्ष। वांछित अभियुक्तगण -

आसिक रजा उर्फ नेता पुत्र मुस्तफा निवासी खुटहनिया थाना करमा जनपद सोनभद्र, मजीब उर्फ मण्डी पुत्र मुन्नू धुनिया निवासी बेलवनिया थाना घोरावल जनपद सोनभद्र।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 कवीन्द्र सिंह यादव, चौकी प्रभारी शिवद्वार, थाना घोरावल जनपद सोनभद्र ।उ0नि0 बृजेश राय, हे0का0 महेन्द्र कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# पंन्नुगंज की साइबर टीम ने ठगी के धनराशि पीड़ित को कराये वापस, जनपद पुलिस की पीड़ित ने किया भूरि भूरि प्रशंसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -पंन्नुगंज थानाक्षेत्र निवासी सूर्या प्रताप निवासी लखनवार कला थाना पंन्नुगंज जनपद सोनभद्र से साइबर फ्रॉड द्वारा ?20,000 का फ्रॉड कर लिया गया था। जिस खाते में रूपये गए थे, उसकी जानकारी जरिये मेल जुटाकर आवेदक कि सपूर्ण धनराशि 20,000 रूपये वापस करायी गयी। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुध्द चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन मे व क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक पंन्नुगंज कुमुद शेखर सिंह के कुशल नेतृत्व मे थाना पन्नुगंज की साइबर टीम द्वारा NCRP पोर्टल का अवलोकन करके आवेदक की फ्रॉड हुई धनराशि को सम्बन्धित खाते मे होल्ड कराया गया तथा NCRP पोर्टल से ट्रांजैक्शन से सम्बन्धित आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर सम्बन्धित बैंक को ईमेल/पत्राचार करके आवेदक की फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि 20,000 रूपये आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराया गया । आवेदक द्वारा थाना पन्नुगंज की साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की ।




धनराशि वापस कराने वाली टीम मैं प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह थाना पन्नुगंज ,सोनभद्र , का0 शिवशंकर कुमार सिंह , साइबर हेल्प डेस्क थाना पन्नुगंज .म0का0 कात्यायनी सिंह शामिल रहे।

जनपद पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी अज्ञात व्यक्ति को अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड,पासपोर्ट या किसी परिचित का नाम/ मोबाइल नंबर एवं बैंकिग सुरक्षा हेतु अपना अकाउंट नंबर,नेट बैंकिंग की जानकारी, पासवर्ड, ओटीपी शेयर न करें। साइबर अपराध की घटना होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल या नजदीकी थाने पर रिपोर्ट या cybercrime.gov.in पर लॉगिन कर तुरन्त शिकायत दर्ज करायें।

# संक्षिप्त खबरें

## सड़क हादसे में 7 वर्षीय किशोर की मौके पर मौत



**बिसवां (सीतापुर)** कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 17 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शौर्य गुप्ता उर्फ दीपू पुत्र आशीष गुप्ता, निवासी मोहल्ला गोपाल नगर, अपने चचेरे भाइयों को मंशाराम स्थित एलपिस स्कूल छोड़कर वापस घर लौट रहा था। शौर्य एलपीएस स्कूल में इंटरमीडिएट का छात्र था। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह बिसवां के बड़े चौराहे पर सब्जी मंडी के पास वाइन शॉप के निकट पहुंचा, तभी अचानक उसकी बाइक फिसल गई और वह अनियंत्रित होकर पास से गुजर रहे डंपर की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक डंपर के नीचे चली गई और शौर्य की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। इस हृदयविदारक घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मंडी से बाइक चोरी, सब्जी लेने गया युवक बाइक गायब

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के गांधी चौराहा स्थित नवीन कृषि मंडी परिसर में बुधवार को सब्जी खरीदने आए एक युवक की बाइक चोरों ने उड़ा दी। सेमरपहा गांव निवासी महेंद्र ने बताया कि वह सुबह करीब 8 बजे अपनी बाइक से मंडी में सब्जी खरीदने आया था। मंडी कार्यालय के पास उसने बाइक खड़ी कर दी और खरीदारी करने लगा। कुछ देर बाद वापस लौटने पर उसकी बाइक वहां से गायब मिली। पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। घटना के बाद मंडी परिसर में हड़कंप मच गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मंडी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों का पता लगाया जा सके।

## रोडवेज बस से टकराकर बाइक सवार युवक घायल, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली रोड स्थित शेखवापुर गांव के पास बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और अनियंत्रित बाइक सवार ने चलती रोडवेज बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर खेड़ा गांव निवासी दीपक पासी (30), पुत्र श्यामलाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह बाइक से अपनी ससुराल जा रहे थे। तभी शेखवापुर गांव स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर चलती बस से जा टकराई।

## यूपी में जनगणना 2027 को लेकर क्या है नया अपडेट? सात मई से खुलेगा स्व-गणना पोर्टल

**लखनऊ।** प्रदेश में जनगणना 2027 के पहले चरण की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जनगणना में करीब 5.5 लाख प्रगणक और पर्यवेक्षक मैदान में उतरेंगे। इन सभी का सत्यापित और अद्यतन डिजिटल डेटाबेस 10 अप्रैल तक तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, फील्ड में तैनाती से पहले सभी को अनिवार्य और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 16 अप्रैल से सात मई के बीच पूरा किया जाएगा। जनगणना से पहले सात मई से स्वगणना के लिए भी पोर्टल खुल जाएगा। जनगणना 2027 के पहले चरण की तैयारियों को लेकर बुधवार को मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये हुई समीक्षा बैठक में सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मकान सूचीकरण और गणना कार्य को तय समय-सीमा में सटीक और त्रुटिरहित तरीके से पूरा किया जाए।

# जीपैट 2026 में जेएसएस इंस्टीट्यूट का परचम, मो. जावेद ने 21 वां स्थान हासिल कर रचा इतिहास

**● छात्रों की सफलता पर कॉलेज में जश्न,भांगड़े पर थिरके विद्यार्थी, रैली निकालकर किया उत्साहवर्धन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर(ब्यूरो)।** जनपद के लहरपुर रोड स्थित पारा सराय चौराहा पर जे. एस. सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने जीपैट- 2026 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। संस्थान के छात्र मो. जावेद ने ऑल इंडिया रैंक 21 प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की, जिससे पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। इस सफलता के साथ ही संस्थान के अन्य छात्रों–लवकुश, फैजियाब, रुपांशी, तौफीक, मोहम्मद शादाब ने भी परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सभी सफल छात्रों को संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। छात्रों की इस उपलब्धि पर कॉलेज परिसर में जश्न का माहौल देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों की थाप पर छात्र-छात्राएं भांगड़े पर झूमते नजर आए। पूरे परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। छात्रों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और सफल विद्यार्थियों के सम्मान में रैली भी निकाली, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया। संस्थान की डायरेक्टर डॉ. भूमिका योगी, डॉ. सुजीत गुप्ता एवं चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने सभी सफल छात्रों को बधाई



देते हुए कहा कि यह उपलब्धि कड़ी मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अवसर पर छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि निरंतर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। संस्थान परिवार ने इसे अपनी बड़ी उपलब्धि बताते हुए भविष्य में और बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई है।

## कंपोजिट विद्यालय उमरिया खैराबाद में स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई



**खैराबाद,** सीतापुर स्थानीय कंपोजिट विद्यालय उमरिया में आज विभागीय आदेशानुसार सेवित क्षेत्र के अभिभावकों को अपने 6 से 14 वर्ष के बच्चों को विद्यालय में नामांकन के लिए प्रेरित करने हेतु स्कूल चलो अभियान रैली बहुत धूमधाम से निकाली गई। प्रधानाध्यापक नरेश कुमार मिश्र के नेतृत्व मे रैली उमरिया से प्रारम्भ होकर गंगापुर, जिला मऊ व कासिमपुर गांव में भ्रमण करते हुए प्राथमिक विद्यालय कासिमपुर पहुंची जहां संकुल भवन में बच्चों को जानकारी प्रदान की गई उसके बाद रैली समाप्त हई। सुबह से ही बच्चों में रैली के प्रति बहुत उत्साह था। बच्चे अपने हाथों में नामांकन बढ़ाने व शिक्षा के प्रति जागरूक करने वाले नारों से लिखी तख्तियां हाथ में लेकर जोरदार उदघोष कर रहे थे। रैली मे विद्यालय की शिक्षक, शिक्षिकाओं में रोली मौर्या, शोभना सिंह, रंजीता मौर्या, दीप्ति यादव, प्रीती त्रिवेदी, प्रतिभा, राजेश कुमार, रंजना सिंह, गुरमीत कौर, रेनू यादव, नीतू अग्रवाल, अजय कुमार त्रिपाठी व जय देवी, ऊषा, रामेश्वरी, सुनीता, व रेखा का बहुत ही सराहनीय योगदान रहा।

# बाल चित्रशाला प्रतियोगिता एवं समापन समारोह सम्पन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 08 अप्रैल 2026 विराम खंड-5 जन कल्याण समिति द्वारा सोमेश्वर महादेव मंदिर, एम.आई.जी. परिसर में आयोजित बाल चित्रशाला प्रतियोगिता एवं समापन समारोह अत्यंत उत्साह एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी), एसएमएस तथा अध्यक्ष, विराम-5 जनकल्याण उपसमिति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए दो आयु वर्गों - 10 वर्ष तक तथा 15 वर्ष तक - में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्रो. भरत राज सिंह ने विजेता बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए तथा बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना का विकास करती हैं। इस अवसर पर 4-5 अप्रैल 2026 को मधुबनी चित्रकला कार्यशाला का भी आयोजन किया गया था, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पारंपरिक कला के विविध आयामों को सीखा। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. आर.पी. शर्मा एवं शर्मा द्वारा किया गया, जबकि संयोजन अरुण त्रिवेदी, सचिव, विराम-5 जनकल्याण उपसमिति ने किया। बच्चों के चित्रों का आकलन डा. गर्ग द्वारा किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में बच्चों, अभिभावकों एवं परिवारजनों की उपस्थिति रही, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत प्रेरणादायक एवं सांस्कृतिक रंगों से परिपूर्ण रहा।

## चंद्र भानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में विदाई समारोह संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** 8 अप्रैल चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के सम्मान में षष्ठम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेंद्र कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंहने अपने संबोधन में बताया कि इस संस्थान के छात्र देश के विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और लगन से वे भी उच्च स्थान प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मिस्टर फेयरवेल का खिताब अनुराग को तथा मिस फेयरवेल का खिताब शिखा सिंह को प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ छात्र निखिल प्रताप सिंह ने अपने चार वर्षों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय में उच्च



कोटि की शिक्षा एवं उत्कृष्ट वातावरण प्राप्त होता है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। मंच का संचालन ग्रेसी एवं कुंदन सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. सुधीर कुमार रघुवंशी, डॉ. धनेंद्र कुमार सिंह, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ. के.डी. सिंह, डॉ सुधाकर सिंह,डॉ दीपक पांडे ,डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. गुरप्रीत सिंह भाटिया, डॉ. सिद्दीकी, डॉ उपमा त्रिपाठी, डॉ अखिलेश कुमार, इबाद खान, श्वेता मिश्रा, स्मिता मिश्रा कार्यक्रम प्रभारी प्रतिमा सिंह सहित तथा गणमान्य शिक्षक तथा कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## योगी सरकार ने IAS अधिकारियों के किए तबादले, लिस्ट में शामिल हैं ये 5 नाम

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने बुधवार को पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। प्रतीक्षारत चल रही गुंजन द्विवेदी स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण का मिशन निदेशक बनाया गया है। प्रतीक्षारत चल रहे रत्नेश सिंह को उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी लखनऊ का अपर निदेशक बनाया गया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज में सचिव के पद पर तैनात अशोक कुमार को सिंचाई, जल संसाधन के साथ कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। विशेष सचिव उच्च शिक्षा गिरिजेश कुमार त्यागी को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज का सचिव बनाया गया है। इसी प्रकार सिंचाई, जल संसाधन तथा कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग में विशेष सचिव के पद पर तैनात अनीता वर्मा सिंह को विशेष सचिव उच्च शिक्षा के साथ ही डा. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय कुलसचिव बनाया गया है।

# अल्लामा फ़ज़ले हक़ खैराबादी मेमोरियल कॉलेज खैराबाद में परीक्षाफल वितरण समारोह कार्यक्रम सम्पन्न

**● परिश्रम करने से हमेशा अच्छी कामियाबी हासिल होती है:-काज़िम हुसैन संस्था संस्थापक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खैराबाद सीतापुर** स्थानीय शिक्षण संस्था अल्लामा फ़ज़ले हक़ खैराबादी मेमोरियल कॉलेज कटरा में सत्र 2025-2026 का प्री प्राइमरी से सीनियर सेकेंडरी प्रथम यानी कक्षा ग्यारह तक के बच्चों को परीक्षाफल वितरण किया गया जिसमें प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को संस्था संस्थापक काज़िम हुसैन ने पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया तथा उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद भी प्रदान किया,इस अवसर पर श्री हुसैन ने कहा कि अगर हम मेहनत करेंगे तो उसके अच्छे परिणाम भी हमें अवश्य प्राप्त होंगे इस लिए कभी भी मेहनत करने से घबराएं नहीं तथा जिन बच्चों के नम्बर कम आए हैं उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है वो भी मेहनत करें ताकि आने वाले समय में वह भी अच्छे अंक प्राप्त कर सकें संस्था के प्रधानाचार्य एहतिशाम आलम उप प्रधानाचार्या रुबीना परवीन ने कहा कि मेहनत किसी की भी बेकार नहीं जाती उसका उसके जीवन में लाभ अवश्य मिलता है कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों में प्री प्राइमरी प्रथम में अयनांश कुमार 95%, उमरा 87%, कक्षा एक में फारिया 93%,दो में मरियम 96%, तीन में अदीबा 95%, चार में अलीशा 96%, पांच में अब्दुर्रहमान 91%, छ में



हादिया 94%, सात में फ़ाज़ला 95%, आठ में ज़िकरा 91%, नौ में अरीशा 92% ग्यारह में नसीबा अंसारी 88% अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।अन्य संबोधित करने वाले शिक्षकों में हाफ़िज़ मुशीर अहमद, उमैर आज़ाद,कामरान खान, निकहत जहां, तथा प्रबंधक ने भी अपना आशीर्वाद बच्चों को देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मोहनलालगंज में फार्मर रजिस्ट्री सत्यापन पर प्रशासन सख्त, एसडीएम का औचक निरीक्षण

**● .......दयालपुर पंचायत भवन में पहुंचे अधिकारी; मौके पर सुनी किसानों की समस्याएं, तेजी लाने के दिए निर्देश।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** राजधानी के लखनऊ के मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दयालपुर में बुधवार को किसान सम्मान निधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाई। फार्मर रजिस्ट्री सत्यापन कार्य का औचक निरीक्षण करने पहुंचे उपजिलाधिकारी (एसडीएम) पवन पटेल और खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) आशुतोष श्रीवास्तव ने व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। पंचायत भवन में चल रहे पंजीकरण और सत्यापन कार्य की जमीनी स्थिति परखते हुए अधिकारियों ने किसानों



से सीधे संवाद किया। एसडीएम पवन पटेल ने किसानों से बातचीत कर प्रक्रिया में आ रही तकनीकी और व्यवहारिक समस्याओं की जानकारी ली और मौके पर ही उनके समाधान के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पंचायत सचिव शशांक शुक्ला को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सत्यापन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी पात्र किसानों का डाटा शुद्धता के साथ समयबद्ध तरीके से पोर्टल पर अपडेट किया जाए, ताकि कोई भी किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रह सके। वहीं बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए स्वयं कई किसानों के अभिलेखों की जांच की और उनका सत्यापन कार्य पूरा कराया। इस अभियान को सफल बनाने में स्थानीय टीम की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

पंचायत सहायक ओशिता साहू और समाजसेवी शैलेंद्र शुक्ला ने गांव में घर-घर संपर्क कर किसानों को पंचायत भवन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लाभों के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक दस्तावेज पूरे कराने में सहयोग किया। अधिकारियों के इस औचक निरीक्षण और सक्रियता से ग्रामीणों में संतोष देखने को मिला और बड़ी संख्या में किसानों ने अपना पंजीकरण एवं सत्यापन कार्य पूर्ण कराया।

## दिनदहाड़े बाइक व कार सवारों में मारपीट से बाजार में दहशत

**राहगीरों और दुकानदारों मे मची अफरातफरी**

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के नई बाजार मोहल्ला में सोमवार दोपहर अचानक मारपीट हो गई। बाइक सवार और कार सवार युवकों के बीच विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। इससे बाजार में अफरा तफरी मच गई। लोगों में दहशत फैल गई। स्कूल से लौट रहे बच्चे भी सहम गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दो बाइकों पर सवार युवक हाथों में लाठी डंडा लेकर पहुंचे। उन्होंने एसबीआई बैंक शाखा के पास कार सवार युवकों को रोक लिया। कार के रुकते ही बाइक सवारों ने ताबड़तोड़ हमला किया। कार का साइड और पीछे का शीशा तोड़ दिया। इसके बाद कार से उतरे युवक भी डंडों के साथ भिड़ गए। दोनों पक्षों में देर तक जमकर मारपीट हुई। यह देखकर आसपास के दुकानदार घबरा गए। सड़क के दोनों ओर वाहन थम गए और जाम लग गया। घटना के बाद दोनों पक्ष मौके से फरार हो गए। हाथों में डंडे लेकर भागते युवकों को देखकर स्कूल से लौट रहे बच्चे सहम गए। प्रत्यक्ष दर्शनों ने बताया कि मारपीट में दोनों पक्षों से करीब एक दर्जन युवक शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि मामले का कोई शिकायती पत्र नहीं प्राप्त हुआ है।

## विधायक श्याम सुंदर भारती के प्रयास से सारीपुर गांव में लगी हाई मास्क लाइट, गांव हुआ रोशन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली:** क्षेत्र के सारीपुर गांव में स्थित सैकड़ों वर्ष पुरानी सुविख्यात बाबा बिहारी दास की कुटी परिसर अब हाई मास्क लाइट से जगमगा उठा है। समाजवादी पार्टी के बछरावां विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्याम सुंदर भारती के प्रयास से करीब तीन लाख रुपये की लागत से यह हाई मास्क लाइट स्थापित कराई गई है। इस लाइट के लगने से गांव में रात के समय पर्याप्त रोशनी उपलब्ध हो सकेगी, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी और सुरक्षा व्यवस्था भी बेहतर होगी। विधायक श्याम सुंदर भारती ने बताया कि उनका उद्देश्य संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र को 'अंधेरा मुक्त' बनाना है। इसी क्रम में गांवों, प्रमुख चौराहों, सब्जी मंडियों, मंदिरों और मस्जिदों पर हाई मास्क लाइटें लगवाई जा रही हैं।

इस कार्य से खुश होकर ग्रामीणों ने विधायक का तहे दिल से स्वागत करते हुए उनकी सराहना की। गांव में इस पहल को विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। धन्यवाद ज्ञापित करने वालों में प्रमुख रूप से सुरेंद्र श्रीवास्तव, जगदेव प्रजापति, विंधा यादव, रामसुख मौर्य, सुमित श्रीवास्तव, दिलीप जायसवाल, काशी प्रसाद मौर्य, नीरज शर्मा, सुखनंदन मौर्य, रामनेवाज मौर्य, राम सजीवन मौर्य, रामनरेश मौर्य, दीपक जायसवाल, अवधेश अवस्थी, निहाल अवस्थी, राजेश शर्मा, हरिप्रसाद मिश्र, राघवेंद्र श्रीवास्तव सुरेंद्र निर्मल सूरज निर्मल रूपचंद रैदास अभिषेक रैदास, विक्की रैदास गोपाल श्रीवास्तव, रमाकांत श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, कैलाश नाथ श्रीवास्तव, संदीप मौर्य, नन्हूं रैदास, राम प्रकाश, शिवकरण यादव, सतीश यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

# शिक्षक खुद को जलाकर फैलाता है ज्ञान का प्रकाश: बीएसए

**● शिक्षक कभी नहीं होता सेवानिवृत्त सदैव फैलाता रहता है ज्ञान: सत्येंद्र सिंह**

**शिक्षक अपने ज्ञान की रोशनी से तैयार करता है देश की फसल: दिनेश राठौर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली।** शिक्षक वह ज्योति हैं जो खुद को जलाकर सदैव ही ज्ञान की रोशनी फैलाता रहता है। उक्त विचार व्यक्त करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने महराजगंज ब्लॉक से सेवानिवृत्त हुए तीन शिक्षकों को सम्मानित किया। कम्पोजिट विद्यालय कोटवा मदनियां में आयोजित सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह, मुख्य अतिथि बीएसए राहुल सिंह, विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन व समाजसेवी दिनेश चंद्र राठौर रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आरएसएम के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर सिंह रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक शिव प्रसाद, प्रेमलता देवी व मीरा देवी का सम्मान अतिथियों ने किया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने कहा कि शिक्षक वह मोमबत्ती होते हैं, जो खुद जलकर दूसरों को प्रकाश देने का कार्य करते हैं। शिक्षक वह ज्ञान की ज्योति जो हमेशा ही प्रकाश फैलाता रहता है। स्कूल चलो अभियान के तहत उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से अधिक से



अधिक बच्चों का नामांकन कराने के लिए कहा। निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होता है, वह सदैव ही ज्ञान का प्रकाश फैलाता रहता है। समाजसेवी दिनेश राठौर ने कहा कि शिक्षा और शिक्षक एक दूसरे के पूरक होते है।

वे अपने ज्ञान की रोशनी के पूरे समाज को रोशन करते रहते हैं। गुरु का हमारे जीवन को संवारने में बहुत बड़ा योगदान रहता है। शिक्षकों की पहचान उनके काम से ही होती है। आरएसएम प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर सिंह ने कहा कि हमें आने वाली पीढ़ी को माँ-बाप की सेवा का भी ज्ञान देने की अति आवश्यकता होगी। बीईओ राम मिलन यादव कहा कि पौराणिक काल से ही गुरु ज्ञान के प्रसार के साथ साथ समाज के विकास का बीड़ा उठा रहे हैं। गुरू अज्ञान रुपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाने वाला सशक्त माध्यम होता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक संस्कार के ज्ञानदीप शिक्षक होते हैं।

जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षक जिस दिन से हम सभी सेवा में आ जाते हैं, उस दिन से सेवानिवृत्त की तिथि भी तय हो जाती है लेकिन शिक्षक का काम समाज शिक्षा की अलख जगाना है जो कि सदैव जारी रहता है। कार्यक्रम के दौरान ही प्राथमिक विद्यालय दौतरा के शिक्षक आशीष सिंह, विष्णु साहू, संजीव बाजपेई व शिक्षक वीरेंद्र प्रजापति को सम्मानित किया गया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक वारिस अली, ब्लॉक अध्यक्ष मधुकर सिंह, सोनिया अवस्थी, स्वाति यादव व धर्मेश यादव ने अतिथियों का सम्मान किया।

**कार्यक्रम का संचालन आलोक द्विवेदी व विमला यादव ने किया।**

इस मौके पर प्रदेश मंत्री श्वेता, जिला महामंत्री संजय कनौजिया, जयकरन, रणविजय सिंह, यादवेन्द्र सिंह, ब्लॉक महामंत्री राकेश गौतम, हेमंत सिंह, देशबंधु चौरसिया, फूलचंद्र यादव, पंकज सिंह, विनोद कनौजिया, पुनीत सिंह, मिथलेश कुमार, राम लखन, मोहित कुमार, श्रीकांत यादव, राम प्रताप सिंह, स्वयंबर सिंह, बजरंग नारायण, अजय कुमार पटेल, नंद कुमार, शायकुल निशां, राम प्रकाश, शिव प्रताप सिंह, छोटेलाल गौतम, मनीष मौर्य, शिल्पी गुप्ता, सुभाष सिंह, मीनाक्षी पाण्डेय, राम लखन, डॉ0 संदीप सोनकर, अनुराग सिंह, अरविन्द यादव, नीलिमा श्रीवास्तव, कविता गौतम, शिल्पी गुप्ता, नंद कुमार, मीनाक्षी पाण्डेय, गीता श्रीवास्तव, राधारानी आदि लोग मौजूद रहे।

# कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की सप्लाई अब प्रारंभ, शादी कार्ड या आर्डर बुकिंग दिखाने पर मिलेंगे

**● यूपी आदर्श टेंट और कैटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मंडल को एडीएम ने दिया आश्वासन**

**● जिला आपूर्ति कार्यालय या एडीएम कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत करने वालों को मिलेंगे सिलिंडर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति के कारण कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की सप्लाई पर लगाई गई रोक अब हटा ली गई है। शादी समारोहों और दूसरे आयोजनों के लिए एलपीजी कमर्शियल सिलिंडर के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा। उत्तर प्रदेश आदर्श टेंट, कैटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल को प्रशासन ने बुधवार को आश्वासन दिया है कि शादी कार्ड या बुकिंग आर्डर दिखाने पर जरूरत के अनुसार सिलिंडर जारी किए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी खाद्य ज्योति गौतम से मिला। इस दौरान कैटरिंग क्षेत्र के व्यापारियों ने अपर जिला अधिकारी को अवगत कराते हुए कहा 15 अप्रैल से वैवाहिक समारोह की सहालग शुरू हो रही है। ऐसे में कैटरिंग क्षेत्र के व्यापारियों के सामने कमर्शियल गैस सिलिंडर की व्यवस्था बहुत बड़ी मुसीबत है।

कैटरिंग क्षेत्र के व्यापारियों को वैवाहिक समारोह के अवसर पर कमर्शियल गैस सिलेंडर की सुगमता से आपूर्ति अति आवश्यक है क्योंकि इससे व्यापार के साथ-साथ आम जनमानस की प्रतिष्ठा भी जुड़ी रहती है। अपर जिलाधिकारी ने व्यापारियों से कहा शादी कार्ड एवं आर्डर बुकिंग के प्रपत्र के साथ जिला आपूर्ति कार्यालय अथवा अपर जिलाधिकारी खाद्य एवं आपूर्ति के कार्यालय पर कैटरर्स अथवा जिनके घर में वैवाहिक कार्यक्रम है के पत्र देकर कमर्शियल गैस सिलेंडर की मांग प्रस्तुत की जा सकती है।



मांग के अनुसार संबंधित गैस एजेंसी को उनकी मांग भेज कर कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया वैवाहिक समारोह में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने पाएगी उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के साथ प्रतिनिधि मंडल में उत्तर प्रदेश आदर्श टेंट, कैटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मंडल के चेयरमैन राघवेंद्र चौधरी, अध्यक्ष संतोष गुप्ता, लखनऊ के उपाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान, आयुष पांडे और संजीव सिंह शामिल थे।

# मानवता और ज्ञान के प्रकाश को प्रभावित करती महायुद्ध की काली छाया

बच्चे, बूढ़े और महिलाएं सर्वाधिक प्रभावित।

महात्मा गांधी ने अहिंसा को मानवता का सबसे बड़ा अस्त्र बताया था,उनका प्रसिद्ध कथन है कि 'आँख के बदले आँख पूरी दुनिया को अंधा बना देगी।' उन्होंने यह भी कहा कि 'अहिंसा मानवता का परम धर्म है,' और यह स्पष्ट किया कि स्थायी शांति केवल सत्य और अहिंसा के मार्ग से ही संभव है, न कि युद्ध से। ज्ञान, संवेदना और मानवता से परे जब महायुद्ध की आहट सुनाई देती है, तब केवल सीमाओं का विस्तार या सत्ता का संघर्ष नहीं होता, बल्कि पूरी मानव सभ्यता अपनी आत्मा के संकट से गुजरती है। यह वही समय होता है जब विज्ञान, जो मानव कल्याण का साधन होना चाहिए था, विनाश का औजार बन जाता है और ज्ञान, जो प्रकाश फैलाने के लिए था, अंधकार को और गहरा कर देता है। आज का महायुद्ध केवल बंदूकों और बमों तक सीमित नहीं रहा, यह तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर हमलों और परमाणु शक्ति के रूप में इतना भयावह हो चुका है कि इसका परिणाम केवल हार-जीत नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। गौतम बुद्ध ने करुणा और शांति को जीवन का मूल आधार माना था, उनका संदेश था घृणा से घृणा कभी समाप्त नहीं होती, प्रेम से ही समाप्त होती है। यह विचार बताता है कि युद्ध की आग को केवल प्रेम और समझदारी से ही बुझाया जा सकता है। जब एक देश अपनी शक्ति का प्रदर्शन करता है, तो वह केवल अपनी सीमाओं की रक्षा नहीं करता, बल्कि अनजाने में दूसरे देशों के लिए भय, असुरक्षा और विनाश का कारण भी बन जाता है। यही शक्ति संतुलन की असमानता महायुद्ध की नींव रखती है, जहाँ एक का सामर्थ्य दूसरे के लिए संकट बन जाता है और यह संकट धीरे-धीरे पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लेता है। आज मानवता चीख रही है, रो रही है, क्योंकि जिन हाथों ने मशीनें बनाई थीं, उन्हीं हाथों ने विनाश के हथियार भी गढ़ लिए हैं। वैज्ञानिक प्रगति का यह विडंबनापूर्ण रूप हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम सच में विकसित हुए हैं या केवल विनाश के नए-नए तरीके खोज लिए हैं। युद्ध के मैदान में गिरता हर सैनिक केवल एक शरीर नहीं होता, वह किसी का बेटा, किसी का पिता, किसी का सपना होता है, और जब वह गिरता है, तो उसके साथ कई जीवन बिखर जाते हैं। बच्चों की मासूमियत, माताओं की ममता और बुजुर्गों की आशाएं इस महायुद्ध की भेंट चढ़ जाती हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या युद्ध का अंत शांति में नहीं हो सकता, क्या संवाद और वार्ता के माध्यम से समाधान नहीं निकाला जा सकता। इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि जहाँ युद्ध ने केवल विनाश दिया, वहीं शांति वार्ताओं ने नए युग की शुरुआत की है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने भी यही कहा कि अंधकार अंधकार को नहीं मिटा सकता, केवल प्रकाश ही ऐसा कर सकता है,और यह प्रकाश केवल शांति और संवाद के माध्यम से ही संभव है।' जब राष्ट्र अपने अहंकार और शक्ति प्रदर्शन को त्यागकर एक-दूसरे के साथ बैठते हैं, तो समस्याओं का समाधान निकलता है, क्योंकि संवाद वह सेतु है जो दुश्मनी को भी दोस्ती में बदल सकता है। आज की दुनिया को यह समझने की आवश्यकता है कि युद्ध कोई समाधान नहीं, बल्कि समस्याओं को और जटिल बनाने का माध्यम है। विज्ञान का उपयोग यदि मानव कल्याण के लिए किया जाए, तो यह जीवन को सरल और सुंदर बना सकता है, लेकिन यदि इसका दुरुपयोग किया गया, तो यह पूरी सृष्टि को विनाश के कगार पर पहुँचा सकता है। अल्बर्ट आइंस्टीन जैसे महान वैज्ञानिक, जिन्होंने परमाणु युग की शुरुआत देखी, उन्होंने चेतावनी दी मुझे नहीं पता तीसरा विश्व युद्ध किन हथियारों से लड़ा जाएगा, लेकिन चौथा विश्व युद्ध पत्थरों और लाठियों से लड़ा जाएगा। उनका यह कहना।विज्ञान के दुरुपयोग की भयावह परिणति को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि 'शांति बलपूर्वक नहीं रखी जा सकती, यह केवल समझ से ही प्राप्त होती है।' हमें यह तय करना होगा कि हम अपने ज्ञान का उपयोग किस दिशा में करना चाहते हैं,सृजन की ओर या विनाश की ओर। महायुद्ध की यह भयावह छाया हमें चेतावनी देती है कि यदि हमने समय रहते अपने मार्ग को नहीं बदला, तो वह दिन दूर नहीं जब मानवता केवल इतिहास की पुस्तकों में ही रह जाएगी। इसलिए आवश्यक है कि विश्व के सभी राष्ट्र अपने मतभेदों को भुलाकर शांति, सहयोग और सह-अस्तित्व के मार्ग को अपनाएँ। युद्ध के स्थान पर यदि हम संवाद को प्राथमिकता दें, तो न केवल संघर्ष टल सकते हैं, बल्कि एक बेहतर और सुरक्षित दुनिया का निर्माण भी संभव है। अंततः यह मानवता की परीक्षा का समय है, और हमें यह साबित करना होगा कि हम केवल तकनीकी रूप से ही नहीं, बल्कि नैतिक और मानवीय दृष्टि से भी विकसित हैं, और यही विकास हमें महायुद्ध की विभीषिका से बचाकर शांति के मार्ग पर आगे बढ़ा सकता है।

संजीव ठाकुर

# शिक्षा का 'बाजार' या 'संस्कार'—दोषी कौन? व्यवस्था, समाज या मानसिकता?



उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था आज एक ऐसे दोराहे पर खड़ी है, जहाँ हर पक्ष के पास अपने तर्क हैं और हर दिल में एक शिकायत। गोंडा से शुरू हुआ निजी स्कूलों के विरुद्ध आक्रोश आज पूरे प्रदेश की एक सामूहिक आवाज बन चुका है। लेकिन इस बहस के शोर में क्या हम उस बुनियादी सच को देख पा रहे हैं जो हमारी आँखों के सामने है? यह संपादकीय किसी का पक्ष लेने के लिए नहीं, बल्कि समाज और सरकार के सामने उस आईने को रखने के लिए है जिसमें हम सभी का चेहरा साफ दिखाई दे।

**निजी स्कूलों की 'मजबूरी' बनाम 'मनमानी'**

हमें धरातल की सच्चाई स्वीकार करनी होगी कि निजी स्कूल बिना किसी 'सरकारी ग्रांट' के चलते हैं। एक संस्थान को चलाने के लिए बिजली के भारी व्यावसायिक बिल, सुरक्षा मानक, आधुनिक लैब और सैकड़ों कर्मचारियों का वेतन—यह सब एक विशाल आर्थिक बोझ है। यदि स्कूल प्रबंधन आर्थिक संतुलन नहीं बनाएगा, तो गुणवत्ता का गिरना तय है।

किन्तु, प्रश्न तब उठता है जब यह 'प्रबंधन' एक 'सिंडिकेट' का रूप ले लेता है। किताबों के नाम पर कमीशनखोरी, हर साल यूनिफॉर्म का बदल जाना और अभिभावकों को विशेष दुकानों का बंधक बनाना—यह 'मजबूरी' नहीं, बल्कि 'नैतिक पतन' है। निजी संस्थानों को समझना होगा कि वे समाज का निर्माण कर रहे हैं, किसी वस्तु का उत्पादन नहीं। मुनाफे की भूख जब शिक्षा की शुचिता को निगलने लगे, तो समाज का आक्रोश स्वाभाविक है।

**समाज का विरोधाभास: विरोध की हुंकार, पर निजी का ही प्यार?**

संपादकीय का सबसे तीखा सवाल उन अभिभावकों से है जो निजी स्कूलों की फीस पर तो सवाल उठाते हैं, लेकिन अपने ही क्षेत्र के सरकारी प्राथमिक, जूनियर और एडेड विद्यालयों की ओर कदम बढ़ाना अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। सरकार ने करोड़ों खर्च कर 'ऑपरेशन कायाकल्प' के जरिए स्कूलों को संवारा है। वहां झ्श्ज्ञ/ष्ट्झ्श्ज्ञ उत्तीर्ण उच्च शिक्षित शिक्षक तैनात हैं, जो योग्यता में किसी भी निजी स्कूल के शिक्षक से कहीं आगे हैं।

फिर भी, एक चपरासी से लेकर बड़े अधिकारी तक का बच्चा निजी कॉन्वेंट की कतार में खड़ा है। जब तक समाज सरकारी व्यवस्था पर विश्वास नहीं जताएगा और वहां अपने बच्चों को नहीं भेजेगा, तब तक निजी स्कूलों का एकाधिकार (रूह्वठ्ठशश्चश्द्य4) खत्म नहीं होगा। हम विरोध तो करते हैं, लेकिन विकल्प के तौर पर अपनी ही सरकारी व्यवस्था को अपनाने का साहस नहीं जुटा पाते।

**सरकार की जवाबदेही: नीति बनाम नीयत**

सरकार के पास नियम तो कड़े हैं, पर उनका 'धरातल' पर उतरना अभी बाकी है। समय आ गया है कि उत्तर प्रदेश में एक ऐसा साहसी कानून बने कि 'समस्त सरकारी सेवकों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों के बच्चे अनिवार्य रूप से सरकारी स्कूलों में ही पढ़ेंगे।'

सोचिए, जिस दिन जिलाधिकारी, बीएसए और पुलिस कप्तान का बच्चा टाट-पट्टी पर बैठकर सरकारी स्कूल में पढ़ेगा, उस दिन वहां की शिक्षा, पंखे, मिड-डे मील और ब्लैकबोर्ड की गुणवत्ता रातों-रात बदल जाएगी। जब व्यवस्था चलाने वालों का निजी हित व्यवस्था से जुड़ेगा, तभी वास्तविक क्रांति आएगी। बिना जवाबदेही के सरकारी स्कूल केवल 'गरीबों का ठिकाना' बनकर रह जाएंगे।

**आईना हमारे सामने है**

आज शिक्षा का स्तर बच्चे के 'पिता की जेब' तय कर रही है, जो एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। यदि हमें उत्तर प्रदेश के भविष्य को संवारना है, तो तीन स्तरों पर काम करना होगा: स्कूलों को: लाभ की सीमा तय करनी होगी और अनैतिक कमीशनखोरी बंद करनी होगी। समाज को: सरकारी स्कूलों पर भरोसा करना होगा और वहां के प्रबंधन से सवाल पूछने की हिम्मत जुटानी होगी। सरकार को: केवल निर्देश नहीं, बल्कि 'समान शिक्षा संहिता' लागू करनी होगी जहाँ अमीर और गरीब का बच्चा एक ही छत के नीचे पढ़े। शिक्षा कोई व्यापार नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य है। यदि आज हमने इस आईने में अपनी कमियों को नहीं देखा, तो आने वाला कल हमें कभी माफ नहीं करेगा।

बृजभूषण तिवारी

# जंग रुकी, शक नहीं: पाकिस्तान की भूमिका पर क्यों उठ रहे हैं सवाल?

[ ट्रंप के यू-टर्न के पीछे की असली कहानी: तेल, दबाव और डर ]

[ ट्रंप, पाकिस्तान और ईरान: दो हफ्ते का विराम, लेकिन खतरा बरकरार ]



मध्य पूर्व की धधकती धरती पर जब चारों ओर बारूद, धमकियों और विनाश की गूंज फैल रही थी, तभी अचानक शांति की ऐसी खबर सामने आई जिसने पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जो कुछ घंटे पहले तक ईरान को 'सभ्यता के अंत' की चेतावनी दे रहे थे, अचानक दो सप्ताह के युद्ध विराम के लिए तैयार हो गए। उनकी केवल एक शर्त थी—ईरान तुरंत और सुरक्षित ढंग से होर्मुज स्ट्रेट खोल दे। यही वह समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया के बड़े हिस्से तक तेल पहुंचता है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या यह फैसला पाकिस्तान की चौंकाने वाली कूटनीति की जीत था, या फिर अमेरिका अपनी ही भड़काई आग में फंसकर पीछे हटने पर मजबूर हो गया?

ट्रंप की इस घोषणा ने वैश्विक राजनीति की पूरी बिसात ही पलट दी। दुनिया युद्ध के छठे सप्ताह में पहुंच चुकी थी। तेल की कीमतें लगातार आसमान छू रही थीं, शेयर बाजार दहशत में डूबे थे और पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं पर संकट की रेखाएं साफ नजर आने लगी थीं। ऐसे निर्णायक मोड़ पर ट्रंप ने सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से बातचीत के बाद उन्होंने ईरान पर संभावित सैन्य कार्रवाई को दो सप्ताह के लिए टालने का फैसला किया है। इसके तुरंत बाद ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने भी इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। 10 अप्रैल को इस्लामाबाद में बातचीत तय हुई और पूरे क्षेत्र में पहली बार ऐसा लगा कि बारूद के बीच भी शांति की राह निकल सकती है।

इस संकट में पाकिस्तान ने खुद को केवल पड़ोसी देश नहीं, बल्कि मुख्य मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश की। शहबाज शरीफ ने ट्रंप से युद्ध टालने की अपील की, जबकि ईरान से होर्मुज स्ट्रेट खोलने को कहा। रातभर आसिम मुनीर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वांस और विशेष दूतों के संपर्क में रहे। दावा है कि ईरान की दस सूत्रीय योजना भी पाकिस्तान के जरिए वॉशिंगटन पहुंची। इस्लामाबाद ने ईरान से पुराने रिश्तों और अमेरिका से सैन्य साझेदारी के बीच संतुलन साधा, लेकिन इसी ने उसकी नीयत पर सवाल खड़े कर दिए। मिस्र और तुर्की को साथ जोड़कर पाकिस्तान ने संकेत दिया कि वह केवल क्षेत्रीय खिलाड़ी नहीं, बल्कि संकट में खुद को अनिवार्य शक्ति साबित करना चाहता है।

पाकिस्तान की यह भूमिका जितनी प्रभावशाली दिखती है, उतनी ही संदेहों से घिरी भी है। कई विश्लेषकों का मानना है कि इस्लामाबाद ने शांति से अधिक अपनी घटती वैश्विक हैसियत बचाने का मौका देखा। एक तरफ वह अमेरिका का करीबी सुरक्षा साझेदार है, दूसरी तरफ ईरान से उसके धार्मिक, भौगोलिक और राजनीतिक संबंध हैं। ऐसे में दोनों पक्षों को साथ रखने की उसकी कोशिश क्या वास्तव में संतुलन है, या केवल अपना प्रभाव बढ़ाने की चाल? फिलहाल यह रणनीति उसके पक्ष में दिख रही है, लेकिन यही दांव आगे सबसे बड़ा संकट बन सकता है। वार्ता विफल हुई या किसी एक पक्ष ने उसे पक्षपाती माना, तो पाकिस्तान दोनों ओर से अविश्वास और अलगाव का सामना कर सकता है।

ट्रंप के कदम पीछे खींचने की असली वजह पाकिस्तान नहीं, अमेरिका की बढ़ती मजबूरी थी। होर्मुज स्ट्रेट बंद होते ही तेल आपूर्ति पर असर पड़ा और अमेरिकी बाजार, महंगाई व ईंधन कीमतों पर दबाव बढ़ गया। चुनावी माहौल में ट्रंप जानते थे कि महंगाई की चोट उन्हें राजनीतिक रूप से भारी पड़ सकती है। इजरायल लगातार ईरान पर कड़ी कार्रवाई चाहता था, लेकिन लंबा युद्ध अमेरिका की छवि भी बिगाड़ रहा था। वह 'विश्व पुलिस' नहीं, बल्कि 'युद्ध को हवा देने वाली शक्ति' नजर आने लगा था। ऐसे में ट्रंप के सामने विकल्प साफ था—या तो युद्ध बढ़ाकर संकट गहराएं, या पीछे हटकर नुकसान सीमित करें। उन्होंने दूसरा रास्ता चुना।

ईरान ने युद्धविराम को दबाव में लिया गया फैसला नहीं, बल्कि शर्तों से जुड़ा समझौता माना। तेहरान ने साफ कर दिया कि उसे कुछ दिनों की राहत नहीं, स्थायी समाधान चाहिए। उसकी मांगों में प्रतिबंधों में ढील, पुनर्निर्माण सहायता और भविष्य में हमले न करने की गारंटी शामिल है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट खोलने के संकेत दिए, लेकिन बदले में अमेरिका से स्पष्ट राजनीतिक भरोसा मांगा। इसी वजह से वह शुरुआत में दो सप्ताह के अस्थायी विराम पर तैयार नहीं हुआ। पाकिस्तान बीच में अपनी भूमिका दिखाता रहा, लेकिन निर्णायक दबाव चीन ने बनाया। इससे साफ है कि यह केवल दो देशों का टकराव नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन की लड़ाई है। इस युद्धविराम का सबसे गहरा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ा। होर्मुज स्ट्रेट खुलने की संभावना से तेल बाजार को राहत मिली। भारत जैसे देशों के लिए यह अहम है, क्योंकि उनका अधिकांश तेल इसी रास्ते से आता है। रास्ता बंद रहता, तो पेट्रोल-डीजल और खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती थीं। लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। इजरायल सतर्क है, लेबनान और हिजबुल्लाह के बीच तनाव जारी है। ऐसे में क्या इस्लामाबाद की वार्ता सचमुच समाधान दे पाएगी, या केवल संकट को कुछ समय के लिए टाल रही है? अगर दो सप्ताह बाद बातचीत विफल हुई, तो यह टकराव और खतरनाक हो सकता है। यह युद्धविराम शांति नहीं, केवल अस्थायी विराम लगता है।

धुआं अभी थमा है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल बाकी है—इस विराम के पीछे असली जीत किसकी है? पाकिस्तान खुद को संकट का समाधानकर्ता बता रहा है, पर क्या उसने सचमुच हालात बदले, या केवल अमेरिका की मजबूरी को अपनी उपलब्धि बना लिया? अमेरिका पहले ही महंगाई, चुनावी दबाव और वैश्विक आलोचना से घिरा था। दूसरी ओर ईरान ने दिखा दिया कि होर्मुज स्ट्रेट बंद कर वह पूरी दुनिया पर दबाव बना सकता है। अब फैसला 10 अप्रैल की वार्ता करेगी। वहीं साफ होगा कि यह शांति की शुरुआत है, या अगली टकराव से पहले का सन्नाटा।

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

# पुस्तके ज्ञानियों की समाधि

**जीवन विकास में पुस्तकों का महत्व ज्ञान का अमर स्रोत और मार्गदर्शक प्रकाश**

मानव जीवन के विकास में ज्ञान का स्थान सर्वोपरि है और इस ज्ञान की प्राप्ति का सबसे सशक्त माध्यम पुस्तकें हैं। स्वाध्याय और पुस्तकें एक-दूसरे के पूरक हैं। जिस प्रकार अन्न और जल जीवन के लिए आवश्यक हैं, उसी प्रकार पुस्तकें बौद्धिक और आत्मिक विकास के लिए अनिवार्य हैं। पुस्तकें केवल कागज और अक्षरों का संग्रह नहीं होतीं, बल्कि उनमें महान विचारकों, संतों और महापुरुषों के अनुभव, चिंतन और जीवन का सार समाहित होता है। वे मनुष्य को दिशा देती हैं, उसे अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाती हैं।

पुस्तकों की विशेषता यह है कि वे निर्जीव होते हुए भी जीवंत प्रतीत होती हैं। उनमें लेखक की आत्मा बसती है। जब कोई व्यक्ति पुस्तक खोलता है तो उसे ऐसा अनुभव होता है मानो महान व्यक्तित्व उसके सामने उपस्थित होकर उससे संवाद कर रहे हों। इस प्रकार पुस्तकें केवल ज्ञान का संग्रह नहीं बल्कि जीवंत संवाद का माध्यम बन जाती हैं। यही कारण है कि उन्हें ज्ञानियों की समाधि कहा गया है, जहां उनके विचार सुरक्षित रहते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी मानवता का मार्गदर्शन करते हैं।

पुस्तकों का प्रभाव दो प्रकार का होता है। वे अमृत भी बन सकती हैं और विष भी। अच्छी पुस्तकें मनुष्य को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं, उसके विचारों को शुद्ध करती हैं और उसके चरित्र का निर्माण करती हैं। वे सच्चे मित्र की भांति उसका मार्गदर्शन करती हैं और जीवन की कठिनाइयों में उसे सही दिशा दिखाती हैं। इसके विपरीत, निम्न स्तर की या गलत विचारों वाली पुस्तकें मनुष्य को भ्रमित कर सकती हैं और उसे गलत रास्ते पर ले जा सकती हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि व्यक्ति विवेकपूर्वक पुस्तकों का चयन करे और सद्ग्रंथों का अध्ययन करे। पुस्तकों का महत्व इस बात से भी स्पष्ट होता है कि वे अमर होती हैं। मनुष्य का शरीर नश्वर है, लेकिन उसके विचार और कृतियां पुस्तकों के माध्यम से सदैव जीवित रहती हैं। प्राचीन ग्रंथ जैसे गीता, रामायण, महाभारत और अन्य धार्मिक व नैतिक साहित्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने अपने समय में थे। इन ग्रंथों ने न केवल अपने युग को प्रभावित किया बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी दिशा प्रदान की है। यही कारण है कि पुस्तकें लेखक के अमरत्व का प्रतीक मानी जाती हैं। इतिहास में पुस्तकों के निर्माण और संरक्षण के लिए अनेक प्रयास किए गए हैं। प्राचीन काल में ज्ञान को सुनकर याद रखने की परंपरा थी, जिसे श्रुति कहा जाता था। बाद में जब यह अनुभव हुआ कि स्मृति पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है, तब ज्ञान को लिखित रूप देने की आवश्यकता महसूस हुई। प्रारंभ में ताड़पत्र, भोजपत्र और चमड़े पर लेखन किया जाता था। यह प्रक्रिया अत्यंत कठिन और श्रमसाध्य थी। एक पुस्तक तैयार करने में वर्षों लग जाते थे और उसकी प्रतियां बनाना भी अत्यंत कठिन कार्य था। इसके बावजूद ज्ञान के संरक्षण के लिए विद्वानों और राजाओं ने अथक प्रयास किए। समय के साथ कागज का आविष्कार हुआ और मुद्रण कला के विकास ने पुस्तकों के प्रसार को सरल बना दिया। आज के युग में एक ही पुस्तक की हजारों प्रतियां सहजता से तैयार हो जाती हैं और ज्ञान का प्रसार व्यापक स्तर पर संभव हो गया है। यह परिवर्तन मानव सभ्यता के विकास में एक महत्वपूर्ण चरण रहा है। इसके कारण शिक्षा का प्रसार हुआ और समाज में जागरूकता बढ़ी।

पुस्तकों के महत्व को समझते हुए अनेक महान व्यक्तियों ने उनके प्रति गहरा सम्मान व्यक्त किया है। उन्होंने पुस्तकों को जीवन का सच्चा साथी माना है। पुस्तकें न केवल ज्ञान देती हैं बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाती हैं। वे मनुष्य के विचारों को परिष्कृत करती हैं और उसे नैतिक मूल्यों से जोड़ती हैं। इस प्रकार वे व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

ज्ञान की आराधना में भी पुस्तकों का विशेष स्थान है। स्वाध्याय, ज्ञानियों का सम्मान, और ज्ञान के प्रसार के साधनों का समर्थन, ये सभी कार्य पुस्तकों के माध्यम से ही संभव होते हैं। पुस्तकालय इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि वे ज्ञान का भंडार होते हैं और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अध्ययन का अवसर प्रदान करते हैं। इसलिए पुस्तकों के साथ-साथ पुस्तकालयों का विकास भी आवश्यक है। अंततः यह कहा जा सकता है कि पुस्तकें मानव जीवन की अमूल्य धरोहर हैं। वे केवल ज्ञान का स्रोत नहीं बल्कि जीवन को दिशा देने वाली शक्ति हैं। वे मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती हैं और उसे एक बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देती हैं। आवश्यकता केवल इस बात की है कि हम पुस्तकों के महत्व को समझें, अच्छी पुस्तकों का चयन करें और नियमित रूप से उनका अध्ययन करें। तभी हम अपने जीवन को समृद्ध और सफल बना सकते हैं।

कांतिलाल मांडोत

# वैश्विक ऊर्जा संकट और भारत की चुनौतियाँ

वर्तमान समय में संपूर्ण विश्व जिस सबसे भयावह और जटिल संकट के मुहाने पर खड़ा है, वह ऊर्जा संकट है। ऊर्जा केवल उद्योगों को चलाने का साधन नहीं है, बल्कि यह आधुनिक सभ्यता की वह धड़कन है जिसके बिना जीवन की गति थम सकती है। आज हम जिस युग में जी रहे हैं, वहाँ सुई से लेकर हवाई जहाज तक और खेत की जुताई से लेकर अंतरिक्ष के अनुसंधानों तक, सब कुछ ऊर्जा पर आश्रित है। ऐसे में ऊर्जा की आपूर्ति में आने वाली कोई भी बाधा सीधे तौर पर मानव अस्तित्व और वैश्विक शांति के लिए चुनौती बन जाती है। यह संकट अचानक उत्पन्न हुई कोई घटना नहीं है, अपितु इसके पीछे दशकों से चली आ रही दोषपूर्ण नीतियां, भू-राजनीतिक वर्चस्व की जंग और संसाधनों का अनियंत्रित दोहन उत्तरदायी है। विशेष रूप से पश्चिम एशिया के क्षेत्रों में निरंतर बढ़ता तनाव और विश्व के प्रमुख समुद्री मार्गों पर मंडराते युद्ध के बादल इस संकट की आग में घी डालने का कार्य कर रहे हैं। जब हम होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की बात करते हैं, तो हमें यह समझना होगा कि यह केवल भूगोल का एक हिस्सा नहीं है, बल्कि यह विश्व की आर्थिक जीवन-रेखा है। यहाँ से गुजरने वाले तेल के जहाज दुनिया की प्यास बुझाते हैं, और यदि इस मार्ग में तनिक भी अवरोध उत्पन्न होता है, तो उसकी थरथराहट न्यूयॉर्क से लेकर दिल्ली और टोक्यो तक महसूस की जाती है। युद्ध की विभीषिका केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह उन जहाजों को भी अपनी चपेट में ले लेती है जो राष्ट्रों की प्रगति का ईंधन ढो रहे होते हैं।

जब आपूर्ति की शृंखला टूटती है, तो सबसे पहला प्रहार अर्थव्यवस्था पर होता है। ऊर्जा संसाधनों की कमी के कारण तेल और गैस की कीमतों में जो उछाल आता है, वह संपूर्ण वैश्विक बाजार को अस्थिर कर देता है। कीमतें बढ़ना केवल एक संख्यात्मक परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह उस आम नागरिक की थाली पर होने वाला हमला है जो महंगाई के बोझ तले दब जाता है। परिवहन की लागत बढ़ने से अनिवार्य वस्तुओं के दाम आसमान छूने लगते हैं, जिससे निर्धन और मध्यम वर्ग का जीवन दूभर हो जाता है। ऊर्जा संकट का यह आर्थिक पक्ष अत्यंत व्यापक है क्योंकि तेल और प्राकृतिक गैस केवल ईंधन नहीं हैं, बल्कि वे अनेक उद्योगों के लिए कच्चे माल का स्रोत भी हैं। उर्वरक उद्योग पूरी तरह से गैस पर निर्भर है, और यदि गैस महंगी होती है, तो खेती की लागत बढ़ती है, जिससे अंततः खाद्य सुरक्षा पर संकट मंडराने लगता है। इसी प्रकार दवाइयाँ, वस्त्र और प्लास्टिक जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र भी इसी ऊर्जा चक्र का हिस्सा हैं। इसलिए ऊर्जा संकट एक संक्रामक रोग की तरह है जो एक क्षेत्र से शुरू होकर पूरी अर्थव्यवस्था के अंगों को शिथिल कर देता है। पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि किस प्रकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली राजनीतिक उठा-पटक ने विकसित और विकासशील दोनों तरह के राष्ट्रों की आर्थिक नींव हिला दी है।

इस वैश्विक परिदृश्य में भारत की स्थिति अत्यंत संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण है। भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इस तीव्र विकास को बनाए रखने के लिए ऊर्जा की निरंतर और सस्ती आपूर्ति अनिवार्य है। भारत अपनी कच्चा तेल संबंधी आवश्यकताओं का लगभग पचासी प्रतिशत हिस्सा विदेशों से आयात करता है। यह भारी निर्भरता भारत को वैश्विक उतार-चढ़ाव के प्रति अत्यंत असुरक्षित बना देती है। जब भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से घटने लगता है और व्यापार घाटा बढ़ जाता है। इससे न केवल देश की मुद्रा का मूल्य प्रभावित होता है, बल्कि सरकार की विकास योजनाओं के लिए आवंटित धन का एक बड़ा हिस्सा केवल ऊर्जा बिल चुकाने में चला जाता है। भारत के लिए चुनौती केवल आर्थिक नहीं है, बल्कि सामरिक भी है। हमें अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए उन क्षेत्रों पर निर्भर रहना पड़ता है जो राजनीतिक रूप से अत्यंत अस्थिर हैं। ऐसे में यदि समुद्री मार्गों पर सैन्य टकराव की स्थिति बनती है, तो भारत के सामने अपनी विशाल जनसंख्या की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने का गंभीर संकट खड़ा हो जाता है।

इसके अतिरिक्त, ऊर्जा संकट का एक सामाजिक और राजनीतिक आयाम भी है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में जहाँ एक बड़ी आबादी अभी भी गरीबी रेखा के आसपास जीवन यापन कर रही है, ईंधन और बिजली की कीमतों में वृद्धि सीधे तौर पर जन-असंतोष को जन्म देती है। जब रसोई गैस महंगी होती है या सार्वजनिक परिवहन का किराया बढ़ता है, तो इसका प्रभाव देश की सामाजिक स्थिरता पर पड़ता है। सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती यह होती है कि वह वैश्विक बाजार की ऊंची कीमतों और घरेलू जनता के हितों के बीच संतुलन कैसे बनाए। यह संतुलन साधना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है क्योंकि एक ओर राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने का दबाव होता है और दूसरी ओर जनता को महंगाई से राहत देने की जिम्मेदारी। यह स्थिति नीति निर्माताओं को इस दिशा में सोचने पर विवश करती है कि क्या हम लंबे समय तक केवल पारंपरिक जीवाश्म ईंधनों पर निर्भर रह सकते हैं?

इसी संकट के गर्भ से समाधान की किरणें भी प्रस्फुटित होती हैं। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों ने भारत और विश्व के अन्य देशों को यह स्पष्ट संकेत दे दिया है कि भविष्य केवल नवीकरणीय और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों में ही सुरक्षित है। अब समय आ गया है कि हम अपनी निर्भरता कोयले और तेल से हटाकर सौर शक्ति, पवन शक्ति और जल शक्ति की ओर ले जाएं। भारत ने इस दिशा में सराहनीय प्रयास किए हैं और अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी पहलों के माध्यम से विश्व का नेतृत्व करने की इच्छाशक्ति प्रदर्शित की है। हरित हाइड्रोजन जैसी नई प्रौद्योगिकियाँ भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में क्रांतिकारी भूमिका निभा सकती हैं। हालांकि, इन विकल्पों की ओर संक्रमण इतना सरल नहीं है। इसके लिए भारी निवेश, अत्याधुनिक अनुसंधान और विशाल बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होती है। इसके साथ ही, भारत को अपनी परमाणु ऊर्जा क्षमताओं का भी विस्तार करना होगा ताकि आधारभूत भार के लिए एक स्थिर और स्वच्छ ऊर्जा स्रोत उपलब्ध रहे।

ऊर्जा संकट केवल संसाधनों की कमी का नाम नहीं है, बल्कि यह मानवीय व्यवहार और उपभोग की प्रवृत्तियों पर भी एक प्रश्नचिह्न है। हमने जिस प्रकार प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन किया है, उसका परिणाम आज हमारे सामने है। यह संकट हमें याद दिलाता है कि ऊर्जा का संरक्षण ही ऊर्जा का सृजन है। हमें अपनी जीवनशैली में संयम और मितव्ययिता को अपनाना होगा। सामूहिक परिवहन के साधनों का अधिक उपयोग, बिजली की बचत और ऊर्जा-दक्ष उपकरणों को बढ़ावा देना अब केवल व्यक्तिगत पसंद नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय कर्तव्य बन चुका है। सतत विकास और संपोषणीय प्रगति का मार्ग तभी प्रशस्त हो सकता है जब हम प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर ऊर्जा का उपयोग करें। भविष्य में वही राष्ट्र सफल और सुरक्षित रहेंगे जो ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर होंगे और जिनके पास विविध स्रोतों का एक सुदृढ़ ढांचा होगा। अंततः, वैश्विक ऊर्जा संकट एक ऐसी ऐतिहासिक चुनौती है जिसने पूरी मानवता को एक चौराहे पर खड़ा कर दिया है। यह समय दोषारोपण का नहीं, बल्कि सामूहिक क्रियाशीलता का है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग और आपसी समन्वय के बिना इस संकट का स्थायी समाधान संभव नहीं है। भारत जैसे देश के लिए यह एक अवसर भी है कि वह अपनी ऊर्जा नीतियों को पुनर्गठित करे और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप एक आत्मनिर्भर और स्वच्छ ऊर्जा तंत्र का निर्माण करे। यदि हम अपनी पारंपरिक बुद्धिमत्ता और आधुनिक विज्ञान का सही तालमेल बिठा सके, तो हम न केवल इस संकट से उबर सकेंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अधिक सुरक्षित, समृद्ध और प्रकाशवान भविष्य भी सुनिश्चित कर पाएंगे। ऊर्जा की यह जंग केवल बाजारों में नहीं, बल्कि प्रयोगशालाओं, खेतों और हर घर के आंगन में लड़ी जानी है। यह एक संकल्प है जो हमें एक सुरक्षित कल की ओर ले जाएगा।

महेन्द्र तिवारी

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या के प्रयास में तीन आरोपी गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के लार थाने की पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में चन्दन, शनि और डेविड शामिल हैं, जो थाना लार क्षेत्र के डुमरी गांव के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार 6 अप्रैल की शाम पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने वादिनी स्नेहा देवी के पति पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस संबंध में थाना लार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। पुलिस ने 8 अप्रैल को आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मातादीन को दी श्रद्धांजलि

**देवरिया।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के संदर्भ में मातादीन की भूमिका को लेकर इतिहास में मतभेद रहे हैं, लेकिन कई सामाजिक विचारकों के अनुसार वे इस विद्रोह के प्रेरक व्यक्तियों में शामिल थे। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने उनके शहादत दिवस पर कहा कि जातिगत भेदभाव का सामना करने वाले मातादीन को इतिहास में पर्याप्त स्थान नहीं मिला। उनके अनुसार बैरकपुर में 1857 का प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत से पहले मंगल पांडेय और मातादीन भंगी के बीच कारतूस और छुआछूत को लेकर विवाद हुआ, जिसने सैनिकों को झकझोर दिया। यह घटना विद्रोह की चिंगारी बनी। बाद में अंग्रेजों ने मातादीन को दोषी मानते हुए 8 अप्रैल 1857 को फांसी दे दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नगर अध्यक्ष ने मनोनीत सभासदों को दिलाई पद और गोपनीयता



**सहजनवां** – नगर पंचायत के अंतर्गत गाहासाड़ स्थित एक निजी मैरिज हॉल में बुधवार को शासन द्वारा मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष संजू सिंह ने मनोनीत सभासद गीता शुक्ला, मंजू सिंह, गौरव गुप्ता को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान सभी सभासदों ने जनसेवा, स्वच्छता तथा नगर के सर्वांगीण विकास के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तीव्र गति से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा जनप्रतिनिधि होना केवल पद प्राप्त करना नहीं बल्कि जनता के विश्वास पर खरा उतरने की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को निवर्तमान जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह एवं पूर्व विधायक देवनारायन उर्फ जीएम सिंह ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ईओ सूर्यकांत तथा संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ल ने किया। इस अवसर पर डॉ आरडी सिंह, प्रमुख दिलीप यादव, गोपाल गुप्त, मनोज सिंह, रामपाल सिंह, राम उजागिर शुक्ल, अभिमन्यु मौर्य, हिमांशु सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे

### रूद्रपुर के जंगल पिपरा में आरपीएफ की छापेमारी, चोरी का माल बरामद



**रूद्रपुर, देवरिया।** रुद्रपुर गौरी बाज़ार मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जंगल पिपरा में आरपीएफ ने बुधवार की सायंकाल छापेमारी कर रेलवे का सामान बरामद किया जो चोरी का था। रेलवे सुरक्षा बल ने मुखबिर की निशानदेही पर जंगल पिपरा स्थित कबाड़ के दुकानदार पप्पू गुप्ता की दुकान पर छापेमारी किया और चोरी का सामान बरामद किया। छापेमारी की सूचना पाकर दुकानदार मौके से फरार हो गया किंतु चौराहे पर कई तरह की चर्चाएं होने लगी। छापेमारी में पेडांल क्लिप, सीयसजी नाइन प्लेट, 3.50 कैंडल, जनरेटर लाइनर स्कोर ड्रैगन आदि सामान बरामद हुआ। रेलवे पुलिस की देखरेख में छापेमारी की गई जिसमें सूरज प्रसाद यादव, संजय मिश्रा उप निरीक्षक, मुकेश कुमार शाह, राजन सिंह मौजूद रहे।

# शपथ केवल औपचारिकता नहीं, उसे आत्मसात करना ही असली जिम्मेदारी - विधायक श्रीराम चौहान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी, गोरखपुर।** खजनी बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक श्रीराम चौहान ने कहा कि शपथ लेना एक अच्छी और जरूरी परंपरा है, लेकिन उसे अपने आचरण में उतारना उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब पदाधिकारी अपनी शपथ को आत्मसात करते हैं, तभी संगठन में वास्तविक निखार आता है और वह अपने मूल उद्देश्य को हासिल कर पाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व-विजय सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री बीर बहादुर सिंह को याद करते हुए खजनी तहसील परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि 1987 में स्थापित इस तहसील में आज तक उनकी प्रतिमा न लगना दुर्भाग्यपूर्ण है और अधिवक्ता समाज को इस पहल में आगे आना चाहिए।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अंशुमाली धर द्विवेदी ने अधिवक्ताओं की मांगों पर कराए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए आश्वासन दिया कि प्रस्ताव मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री की प्रतिमा स्थापना कराई जाएगी। वहीं मधुसूदन त्रिपाठी और भानू प्रताप पाण्डेय ने नव निर्वाचित टीम को शुभकामनाएं देते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्यप्रकाश श्रीवास्तव 'मल्लू लाल' ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्यायिक कार्यों में पारदर्शिता, ईमानदारी और निष्ठा के साथ जनता की सेवा करेगा और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर मुखर विरोध करेगा। कार्यक्रम का संचालन राणा प्रताप सिंह ने किया, जबकि एल्डर कमेटी के चेयरमैन रामप्रीत यादव ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जहां अधिवक्ताओं ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

# रैली को हरी झंडी दिखाकर बीएसए ने किया रवाना, बच्चों को वितरित की गई शैक्षणिक सामग्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** ब्लाक संसाधन केंद्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय चिल्हिया एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय गनेशपुर परिसर में सर्व शिक्षा अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शैलेश कुमार, विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान जफर आलम, अबरार अली तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक अतीउल्लाह एवं राम किशुन गुप्ता ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का बैज व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पुस्तक, कॉपी, पेंसिल, कटर और रबर वितरित किए गए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। वहीं ग्राम प्रधान जफर आलम ने भी शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन का उदाहरण देते हुए बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और शिक्षकों को पूरी निष्ठा से शिक्षण कार्य करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर जिला समन्वयक अमित कुमार शुक्ला, एआरपी आनंद कुमार, प्रवीण यादव, रॉबिन, मोहम्मद नैय्यर सिद्दीकी, दिनेश कुमार, प्रधानाध्यापक अतीउल्लाह, रामकिशन गुप्ता, शिक्षक राजेंद्र प्रसाद गुप्ता बालचंद, घनश्याम शुक्ला, अर्पित पटेल, अमित श्रीवास्तव, विजय बहादुर, रीता देवी, आलोक मिश्रा सहित विद्यालय के शिक्षक भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शंकराचार्य के अपमान से बुद्धिजीवी लोग भाजपा को सबक सिखाना चाहते हैं - अखिलेश यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** सपा प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि पूजनीय शंकराचार्य जी का जबसे अपमान हुआ है, बहुत सारे बुद्धिजीवी लोग भारतीय जनता पार्टी को सबक सिखाना चाहते हैं, उस दिशा में कोई भी हमारा साथ देगा तो हम लोग उसका साथ देंगे। अखिलेश यादव आज कानपुर के नौबस्ता गल्ला मंडी में स्व. रंजन सिंह यादव उर्फ लाला पहलवान के यहां श्रद्धांजलि एवं शोक संवेदना प्रकट करने आए थे। सपा प्रमुख ने पत्रकारों से कहा कि जैसे बीबीसी संस्था चलती है वैसे पत्रकारों की संस्था बनाने का काम करेंगे जिले जिले में, जिससे आप किसी पर निर्भर न हो, आप स्वतंत्र रहो। उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री जी अपने ही संसद का मजाक उड़ा रहे हैं। अभी तक तो पता था कि वनस्पति से स्ट्रेस हटाते हैं लेकिन अब पता चला उनके सांसद ही उनका स्ट्रेस दूर करते हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन रहित होगा तो न्याय होगा। इलेक्शन कमिशन भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम कर रहा है।



कानपुर के किडनी कांड पर चर्चा करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि 'अभी कुछ दिन पहले कोडीन भाई आए थे कालीन भाई के बाद, अब सुनने में आया है किडनी भाई। कहीं ऐसा न हो ओटीटी पर गांजा गंज भी बन जाए। सपा प्रमुख ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमारी विदेश नीति चौपट कर दी है। एक बार को लग रहा था भारत विश्व गुरु होगा लेकिन इधर पाकिस्तान अपनी फॉरेन पॉलिसी को मजबूत कर रहा है। 'जो जोश और उत्साह दिखाई दे रहा है यह बता रहा है कि जनता बदलाव चाहती है। बदलाव के साथ-साथ बुरे दिन जाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि 'गरीब को न ही इलाज मिल रहा है न समय पर इलाज मिल रहा है, उसका परिणाम है कि उन्हें दर दर भटकना पड़ रहा है। समाजवादी सरकार आएगी तो उनका फ्री इलाज होगा। 'PDA से घबराकर बीजेपी वालों को समझ नहीं आ रहा कि क्या करें। PDA के लोग एकजुट हो गए हैं, अधिकार और सम्मान मांग रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब की प्रतिमाओं को सबसे ज्यादा किसी ने तोड़ा तो बीजेपी ने। 'PDA प्रहरी ने एक व्यक्ति पकड़ा जिसका वोट बीजेपी के लोग कटवा रहे थे। बीजेपी के लोगों ने दस्तखत न करने वाले से नकली दस्तखत करवाए, लेकिन इलेक्शन कमीशन ने कोई भी कार्रवाई नहीं करी। 'शिक्षामित्रों को कोई भी न्याय दिला सकता है तो समाजवादी लोग हैं। 'उत्तर प्रदेश में जो फिल्म बनी थी एक वो रिलीज होने से पहले ही फ्लॉप हो गई। अब एक नए किरदार आए हैं धुआं-धर, हर दिन उत्तर प्रदेश में गांजा पकड़ा जा रहा है। सड़कों पर गड्ढों पर चर्चा करते हुए अखिलेश ने कहा कि 'जब मुख्यमंत्री जी खुद ही इंजीनियर बन जाएंगे, जब सरकार ही कमीशन लेगी तो सड़क की गुणवत्ता कैसे रहेगी।

# मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत सोनभद्र पुलिस का लगातार जनजागरूकता अभियान जारी, महिला एवं साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर

**●सोनभद्र पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि किसी भी आपात या संदिग्ध स्थिति में तत्काल संबंधित हेल्पलाइन पर सूचना दें तथा जागरूक रहकर स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें- सोनभद्र पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –जनपद सोनभद्र में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण में व्यापक जनजागरूकता अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग संस्थान, बाजार और ग्राम सभाओं में संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा, महिला उत्पीड़न से संबंधित कानून और हेल्पलाइन सेवाओं जैसे हेल्पलाइन नंबर-112 - आपातकालीन सेवा, 1090 / 1091 - महिला सुरक्षा हेल्पलाइन, 181 - महिला हेल्पलाइन, 1930 - साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन।की जानकारी दी जा रही है। साथ ही, बढ़ते साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं ह्ञक्कसाझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे आमजन साइबर ठगी से सुरक्षित रह सकें।

# घोरावल की साइबर टीम ने कराये फ्रॉड की गयी धनराशि वापस, लोगों ने की सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घोरावल / सोनभद्र** – स्थानीय थाना क्षेत्र निवासी शिवम पाण्डेय पुत्र बृजेश कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम बेलवनिया थाना घोरावल जनपद सोनभद्र के साथ दिनांक 19.11.2025 को ?19,000/- का साइबर फ्रॉड हो गया था, जिसके संबंध में आवेदक द्वारा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई गई थी।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर अपराध नियंत्रण अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक घोरावल बृजेश सिंह के नेतृत्व में थाना घोरावल की साइबर टीम द्वारा NCRP पोर्टल का अवलोकन करते हुए संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही की गई। तत्पश्चात दिनांक 07.04.2026 को आवेदक की संपूर्ण धनराशि 19,000/- सफलतापूर्वक वापस कराई गई। आवेदक द्वारा उ0प्र0 पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए साइबर टीम की सराहना की गई।




धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीम में बृजेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना घोरावल , का0 योगेश मिश्र, साइबर हेल्प डेस्क , का0 नितीश राज, साइबर हेल्प डेस्क शामिल रहे। जनपद पुलिस ने स्पष्ट किया कि

साइबर अपराध से संबंधित किसी भी घटना की शिकायत हेतु तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा www.cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र ने आगामी 13 अप्रैल को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाने का लिया निर्णय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** – डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सभागार में बुधवार को अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक के क्रम में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती 13 अप्रैल की पूर्व संध्या पर 135वी जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसके क्रम में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव ने कहा कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती मनाई जाती है क्योंकि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था, सामाजिक समानता, संवैधानिक मूल्य, जातिगत भेदभाव के खिलाफ लड़ाई, शिक्षा के माध्यम से सशक्तिकरण का कार्य उन्होंने किया था। इसी क्रम में पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती 2026 एक ऐसे आंदोलन का प्रतिनिधित्व करती है जो स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को बढ़ावा देता है । इसीलिए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन 13 अप्रैल 2026 को पूर्व संध्या के अवसर पर मनाया जायेगा। बैठक का संचालन डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के महामंत्री राजेंद्र कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता पवन कुमार सिंह, राजेश कुमार यादव, विमल प्रसाद सिंह, द्वारिकानाथ नागर, कामता प्रसाद यादव, सुरेश सिंह कुशवाहा, चतुर्भुज शर्मा, रामगुल्ली यादव, हरिद्वार, आशुतोष पाण्डेय, संतोष यादव, टीटू गुप्ता, चंद्रकला गिरी, सुश्री सुमन, शाहनवाज आलम खान, आदि उपस्थित रहे।

## नव मनोनीत सभासदों को समारोहपूर्वक दिलायी गयी शपथ, हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शासन द्वारा नगर पंचायत के लिए नामित सभासदो का बुधवार को समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण कराया गया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने नामित सभासद राजेश तिवारी, राजकुमार बरनवाल व बिन्दु शर्मा को पद का प्रतिज्ञान कराया। बतौर मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने नगर के विकास में रचनात्मक सोच के साथ सामूहिक संकल्प पर जोर दिया। उन्होने कहा कि लालगंज आदर्श नगर पंचायत में विकास तथा जनसुविधाओं के लिए सबको मिलकर कार्य करना चाहिए। नगर पंचायत के समग्र विकास को लेकर शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने चेयरपर्सन प्रतिनिधि अनीता द्विवेदी के प्रयासों को जमकर सराहा। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने भी विकास तथा शासकीय योजनाओं के संचालन में स्वायत्तशाषी संस्थाओं की रचनात्मक भूमिका पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि भाजपा मण्डल प्रभारी बृजेशचंद्र पाण्डेय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन मण्डल अध्यक्ष राजेश मिश्र एवं अनिल शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया। प्रारम्भ में अधिशाषी अधिकारी इन्द्र प्रताप ने नव मनोनीत सभासदों व अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। समारोह को भाजपा नेता ललित तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी झुन्ना, प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, पूर्व सभासद बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, हरिशंकर द्विवेदी, बृजेन्द्र तिवारी, ललित तिवारी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर डॉ0 रामसमुझ मिश्र अकेला, मिथलेश जायसवाल, हेमन्त पाण्डेय, अरूण गुप्ता, प्रवीण शुक्ला, सुधा पाण्डेय, रिंकू शुक्ला, लालजी तिवारी, कपिल तिवारी, रमाशंकर तिवारी, पप्पू मिश्र आदि रहे।




## अग्नि के आपदा प्रबन्धन व बचाव को लेकर छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** अझारा स्थित पं0 नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में बुधवार को अग्निशमन जागरूकता को लेकर छात्र छात्राओं के बीच फायर एवं आपदा प्रबंधन को लेकर बचाव के उपाय को लेकर जानकारियां प्रदान की गयी। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेण्ट तथा जिले की अग्निशमन एवं आपात सेवा के तत्वावधान में जागरूकता को लेकर फायर बिग्रेड टीम द्वारा फायर ड्रिल, मॉक ड्रिल तथा इवेक्वेशन ड्रिल के जरिए बचाव का गुर बताया गया। अग्निशमन केन्द्र प्रतापगढ़ के प्रभारी राधेश्याम दुबे ने आपातकालीन परिस्थितियों में आग लगने पर सुरक्षित निकासी व प्राथमिक सुरक्षा के उपायों पर प्रकाश डाला गया। वहीं विभाग के विजय बहादुर यादव, अवनीश कुमार, अमितेश एवं शिवम द्वारा आग बुझाने की तकनीकी का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संयोजन एकेडमिक कंट्रोलर रीमा मिश्रा ने किया। उन्होने विद्यालय में इस कार्यक्रम को शैक्षिक ज्ञान के साथ जीवन रक्षक कौशल की जानकारी के लिए लाभप्रद बताया। संस्थापक रमेशचंद्र मिश्र, प्रबंधक सुनीता मिश्र, संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र, एचआर हेड गौरव मिश्र व सीमा मिश्रा ने अग्निशमन विभाग के प्रति जागरूकता कार्यक्रम को लेकर आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर हिमांशु शुक्ला, अनीता द्विवेदी, मीनू तिवारी, श्यामशंकर मिश्र, मनोज शुक्ल, प्रदीप शुक्ल, शरद मिश्र, राजीव रत्न त्रिपाठी, रवीन्द्र शुक्ल, विवेक पाण्डेय, श्रुति शुक्ला, प्रतिज्ञा श्रीवास्तव व अनिल द्विवेदी आदि रहे।

## डीएम ने अनाथ गोल्डी को 20 हजार रूपये का चेक प्रदान कर आर्थिक मदद की

**●जिलाधिकारी ने रोजगार, राशन और आवासीय लाभ के लिये अधिकारियों को दिये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने आज कैम्प कार्यालय में कोडरा मादूपुर थाना लीलापुर निवासी 20 वर्षीय गोल्डी की समस्याओं को गंभीरता से सुना। बीते 02 फरवरी को दुर्घटना में उनके पिता बड़े लाल व माता कमला देवी की मृत्यु के बाद, गोल्डी और उनकी बहन गुंजन (17 वर्ष), प्रियम (15 वर्ष), वर्षा (08 वर्ष) और भाई आज़ाद (12 वर्ष) पूरी तरह से अनाथ और बेसहारा हो गए थे। गोल्डी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि पिता-माता मेहनत-मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते थे और अब उनकी अनुपस्थिति में रोजमर्रा की आवश्यकताओं की पूर्ति भी कठिन हो गई है। वे सभी टूटे-फूटे आवास में रहने को मजबूर हैं। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने गोल्डी की समस्या को गंभीरता से लिया और तुरंत रूपये 20000 का चेक प्रदान कर आर्थिक मदद की। इसके साथ ही रोजगार हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि गोल्डी को कस्तूरबा गांधी विद्यालय में रसोइयां के पद पर नियुक्त किया जाय। जिला पूर्ति अधिकारी को राशन कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया, जिससे बच्चों को निःशुल्क राशन प्राप्त हो सके। परियोजना निदेशक को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बच्चों को आवास से लाभान्वित किया जाय।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं ने बिजली घर पर काटा हंगामा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**– विद्युत उपभोक्ताओं के घरों पर अभी तक लगे पुराने मीटरों के स्थान पर नए सिरे से लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध एक बार फिर से देखने को मिला है। दर्जनों की संख्या में महिलाओं ने बुधवार को चन्दकुआं स्थित बिजली घर पर पहुंचकर हंगामा किया और एसडीओ को शिकायती पत्र देकर फिर से पुराने मीटर ही लगाए जाने की मांग की। नगर के मोहल्ला जवाहर नगर और तिलक नगर की महिलाओं ने बिजली घर पहुंचकर एसडीओ रविन्द्र कुमार को दिए अपने शिकायती पत्र में बताया कि हाल ही में उनके घरों पर बिजली विभाग द्वारा पुराने मीटरों के स्थान पर जबरन नए स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। स्मार्ट मीटर लगने के बाद अत्यधिक बिल आ रहा है, जबकि उनके घरों पर बहुत अधिक बिजली लोड भी नहीं है। इसके अलावा कई बार रिचार्ज करने के बाद भी घरों की बिजली गुल कर दी जा रही है जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने एसडीओ से मांग की है कि स्मार्ट मीटर हटाकर फिर से पुराने मीटर ही घरों के बाहर लगाए जाएं। शिकायती पत्र देने वाली महिलाओं में रामवती, रिंकी, शगुन, किरन, गायत्री, मुन्नी, राजाबेटी, राजपति, लक्ष्मी, भगवती, शोभा, केशकली आदि शामिल रहीं।



## संक्षिप्त खबरें

### लखीमपुर खीरी में जहरीले मांस ने ली 25 गिद्धों की जान, इलाके में मचा हड़कंप

**जहरीली लाश खाने से हुई गिद्धों और कुत्तों की सामूहिक मौत**

**लखीमपुर खीरी** के भीरा क्षेत्र में जहरीले मांस से जुड़ी एक भयावह घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। ग्राम सिमरिया के पास एक खेत में कुत्ते की लाश खाने पहुंचे गिद्धों का झुंड कुछ ही मिनटों में मौत के आगोश में समा गया। इस दर्दनाक घटना में सैकड़ों गिद्धों और आधा दर्जन कुत्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच गिद्धों को गंभीर हालत में बचाकर उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं सूचना मिलने के बाद वन विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे घटना की जांच में जुटे हुए हैं।सूत्र बताते हैं कि मामले को छिपाने के लिए कुछ ही मृत गिद्धों का पोस्टमार्टम कराकर मामला रफा-दफा करने के प्रयास में विभागीय जिम्मेदार लगे हैं। यहां पर अहम सबाल यह भी है कि आखिर मृत 06 कुत्तों का पोस्टमार्टम क्यों नहीं कराया गया? यदि गिद्धों की मौत कुत्तों का मांस खाने से हुई तो कुत्तों की मौत कैसे और किसका मांस खाने से हुई यक्ष प्रश्न बना हुआ है। फ़िलहाल मामले से जुड़े सभी साक्ष्य वीडियो सहित मौजूद हैं कि कितने गिद्धों की मौत हुई?कितने कुत्तों की मौत हुई? गिद्धों और कुत्तों की अकाल मौत का कारण कहीं मृत बकरी पर पड़ा जहर तो मौत का कारण नहीं बना है।आखिरकार मामले को छिपाने का प्रयास क्यों किया जा रहा है?

### बरेली में मौसम का यू-टर्न: झमाझम बारिश से ठिठुरा शहर, जानें कब से फिर सताएगी चुभती गर्मी?



**बरेली।** जिले में बुधवार को मौसम ने करवट ली, जिससे लोगों को तपती गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सुबह करीब 11 बजे हल्की धूप खिली थी, जिससे लगा कि मौसम सामान्य रहेगा, पर दोपहर होते-होते परिदृश्य पूरी तरह बदल गया। करीब एक बजे अचानक आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते झमाझम बारिश शुरू हो गई। इस मूसलाधार बारिश के कारण सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई7 दोपहर में बारिश इतनी तेज हो रही है कि पैदल चलने वालों और खासकर दोपहिया वाहन सवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग भीगने से बचने के लिए दुकानों, सार्वजनिक शेड और पुलों के नीचे शरण लेते नजर आए। वाहन चालक सड़क किनारे खड़े होकर बारिश रुकने का इंतजार करते दिखे।

**तापमान में गिरावट ने सर्दी का कराया अहसास**

तेज हवाओं और बारिश के कारण पारे में भारी गिरावट दर्ज की गई है। अचानक हुई इस गिरावट से वातावरण में हल्की सर्दी का अहसास होने लगा है। शाम होते-होते ठंडक ने ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार, यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण हुआ है। तापमान में यह गिरावट अगले 24 से 48 घंटों तक बनी रह सकती है। नौ अप्रैल के बाद मौसम एक बार फिर करवट लेगा। अगले सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि होने की संभावना है।

### स्मार्ट मीटर से अब मिलेगी राहत! अनिवार्यता खत्म, जानें कैसे वापस चुन सकते हैं पुराना विकल्प




**बरेली।** प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर एक बार फिर हलचल बढ़ने लगी है। इस बार लगवाने का दबाव बनवाने की नहीं, बल्कि अनिवार्यता समाप्ति हुई है। जिले के 1.34 लाख उपभोक्ताओं के यहां प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। 34 हजार उपभोक्ताओं के पोस्टपेड मीटर को विभाग ने अपने आप प्रीपेड में परिवर्तित कर दिया था। अनिवार्यता खत्म होने से विभागीय अधिकारियों और उपभोक्ताओं में मीटर बदलने को लेकर तकरार बढ़ना तय माना जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मध्यांचल मुख्यालय से अभी तक कोई दिशा निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। विद्युत विभाग ने पिछली साल प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगवाना शुरू किया तो सबसे पहले विभाग के लोग ही विरोध पर उतर आए। इसको लेकर आंदोलन भी हुए, लेकिन बाद में उनके आवासों पर स्मार्ट मीटर लगवाने के साथ उपभोक्ताओं के घरों पर भी प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगने लगे। विभाग के अधिकारी इसके फायदे गिनाने लगे, यूपीपीसीएल का स्मार्ट एप डाउनलोड कराया जाने लगा। इतना ही नहीं पोस्टपेड स्मार्ट मीटरों को मध्यांचल मुख्यालय से ही प्रीपेड में परिवर्तित कर दिया गया।

# मोहम्मदी खाद्य रसद विभाग के सप्लाई इस्पेक्टर की मिलीभगत से की जाती है घटतौली-आरोप

- **छुटपुटिया नेताओं के इशारे पर गरीबों के राशन कार्ड काट देते है**

**प्राईवेट व्यक्तियों से हो रहा दफ्तर का काम मोहीउददीनपुर मे कोटे के चुनाव मे गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया महिला प्रधान अनुसूचित जाति की कोटे मे गलत चयन कैसे**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जनपद लखीमपुर** खीरी के मोहम्मदी व पसगवां ब्लॉक में खाद्य रसद विभाग की मिलीभगत से उपभोक्ताओं के राशन में घटतौली का गंभीर आरोप सामने आये दिन आता है। कोटेदारों द्वारा गरीब जनता को कम राशन दिया जा रहा है, जबकि सरकार द्वारा प्रति यूनिट पांच किलो राशन निर्धारित किया गया है।पीड़ित उपभोक्ताओं का कहना है कि अंत्योदय राशन कार्ड पर 35 किलो की जगह मात्र 30 से 32 किलो राशन दिया जाता है। जब कोई शिकायत करता है तो जांच के नाम पर मामले को टाल दिया जाता है।यूनिट बढ़ाने के नाम पर वसूली की जाती स्थानीय लोगों का आरोप लगाया है कि यूनिट बढ़वाने या नया राशन कार्ड बनवाने के नाम पर धन उगाही की जा रही है। सप्लाई ऑफिस मोहम्मदी में पदस्थ सप्लाई निरीक्षक रजत कुशवाहा ने कुछ निजी व्यक्तियों को बैठा रखा है, जो लोगों से पैसा लेकर काम कराने की बात करते हैं।पीड़ितों के अनुसार, लकी और राहुल नामक निजी व्यक्ति राशन कार्ड संबंधी काम के लिए रुपए की मांग करते हैं और कहते हैं कि बिना पैसे दिए यूनिट नहीं बढ़ेगा। गरीब मजदूर वर्ग का कहना है कि वे इतने पैसे नहीं दे सकते, लेकिन फिर भी ऑफिस के चक्कर काटने को मजबूर हैं।कोटेदारों से वसूली का खेलराशन वितरण में भ्रष्टाचार केवल उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि कोटेदारों से भी हर माह निर्धारित 'प्रतिशत' लिया जाता है। कई कोटेदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बिना मासिक प्रतिशत दिए उनका काम अटकाया जाता है।विधवा महिलाओं के कार्ड अब तक लंबितकई विधवा महिलाएं महीनों से ऑफिस के चक्कर काट रही हैं, लेकिन उनके राशन कार्ड अब तक नहीं बने। पीड़ितों ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत जिला अधिकारी खीरी से की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।अधिकारी से संपर्क नहीं हो जब इस संबंध में मोहम्मदी खाद्य रसद विभाग के अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे फोन पर बात नहीं हो सकी वहीं छुटपुटिया नेताओं के इशारे पर गरीबों के राशन कार्ड काट देते है कि तुम्हारे पास फोरव्हीलर है ऊपर से सूची आई है की कार्ड धारकों के फोरव्हीलर है लेकिन न तो फोरव्हीलर है न ही करोडपति है फिर राशन कार्ड कैसे काट दिये जाते वर्तमान समय में अधिकांश प्रधानों के राशन कार्ड बनें हुये हैं उनके पास फोरव्हीलर है फिर भी मोहम्मदी सप्लाई इस्पेक्टर रजत कुशवाहा धन्ना सेठ के राशन कार्ड नहीं काटते है मोहीउददीनपुर मे हुये कोटेदार के चुनाव मे सरकार की गाइडलाइन के अनुसार चयन नहीं किया गया महिला प्रधान अनुसूचित जाति की फिर चयन गलत तरीके से कैसे हो गया। *काटे गये राशन कार्ड धारकों को न कोई नोटिस दिया गया न कोई सूचना दी गई।कार्ड धारकों को दी गई नोटिस की छायाप्रति सप्लाई इस्पेक्टर उपलब्ध करायें।अगर केन्द्र सरकार से कार्ड कटाने समबन्धित सूची आई है तो मीडिया को उपलब्ध करायें।

### जन शिकायतों के निस्तारण में पलिया और निघासन तहसील ने हासिल किया प्रथम स्थान




**लखीमपुर खीरी-** जन शिकायतों के निस्तारण में जनपद की मितौली ,, पलिया और निघासन तहसीलों ने मार्च माह की आईजीआरएस रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर कीर्तिमान बनाया।लखीमपुर खीरी बीते सात माह से लखनऊ मंडल में लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है.. जबकि प्रदेश स्तर पर भी शीर्ष दस में शामिल है।जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के मार्गदर्शन में समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर देने से यह सफलता मिली।मितौली तहसील ने लगातार दूसरी बार प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया.. अधिकारियों और कर्मचारियों के बेहतर समन्वय को इसका प्रमुख कारण माना गया। मार्च माह की रैंकिंग में लखीमपुर खीरी प्रदेश में दसवें स्थान पर रहा.. जबकि मंडल के अन्य जनपदों में हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली और लखनऊ पीछे रहे।

## वैवाहिक सम्मेलन में उमड़ी भीड़, 49 युवक-युवतियों का पंजीकरण, दो रिश्तों पर लगी मुहर






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर।** शहर के स्टेशन रोड स्थित रस्तोगी धर्मशाला में बुधवार को रस्तोगी स्वर्णकार कल्याण सोसाइटी द्वारा वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली, जहां विवाह योग्य युवक-युवतियों ने मंच के माध्यम से अपना परिचय दिया। सम्मेलन का शुभारंभ जिला अध्यक्ष डॉ. बी.एन. रस्तोगी एवं नगर अध्यक्ष श्याम रस्तोगी ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ उपयुक्त जीवनसाथी की तलाश को सरल बनाते हैं। मंच से प्रतिभागियों का परिचय कराया गया और अभिभावकों को आपसी संवाद के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान कुल 49 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। खास बात यह रही कि सम्मेलन के बीच ही दो जोड़ों के रिश्ते तय हो गए, जिससे आयोजन की सार्थकता स्पष्ट नजर आई। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर किया गया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और सकारात्मक माहौल बना रहा। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम में संदीप रस्तोगी, मनोज रस्तोगी, रामकुमार रस्तोगी, बिनय रस्तोगी, अशोक रस्तोगी और पुनीत रस्तोगी समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की बात कही, ताकि समाज में वैवाहिक संबंधों को और सुदृढ़ किया जा सके।

## लखीमपुर खीरी में सनसनी: बहराइच की नाबालिग संग 'विशेष समुदाय' का युवक दुकान में धराया, इलाके में भारी तनाव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी:** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के मझगई थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक दुकान से एक युवक और एक नाबालिग लड़की को बरामद किया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय स्तर पर चर्चाएं तेज हो गई हैं और पुलिस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एहतियात बरत रही है।

**पुलिस की कार्रवाई और बरामदगी**

मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि एक निजी दुकान के अंदर कुछ लोग मौजूद हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जहां से एक नाबालिग लड़की और एक युवक मिले। पुलिस ने तुरंत दोनों को अपनी सुरक्षा में ले लिया।

**बहराइच से जुड़ी कड़ियां**

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बरामद की गई नाबालिग लड़की पड़ोसी जिले बहराइच की रहने वाली है। वह लखीमपुर खीरी तक कैसे पहुंची और युवक के साथ उसके क्या संबंध हैं, पुलिस इन सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। युवक की पहचान और उसके इस मामले में संलिप्तता को लेकर भी पूछताछ जारी है।

**कानूनी प्रक्रिया और वर्तमान स्थिति**

घटना के बाद पुलिस दोनों को मझगई थाने ले गई, जहाँ उनसे पूछताछ की जा रही है। नाबालिग लड़की के परिजनों को इस मामले की सूचना दे दी गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल सतर्क है और अधिकारियों का कहना है कि उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है।

**आगे की जांच** पुलिस प्रशासन का कहना है कि तथ्यों की पुष्टि होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। महिला पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में लड़की का बयान दर्ज करने और मेडिकल परीक्षण जैसी प्रक्रियाओं को पूरा करने पर ध्यान दिया जा रहा है। इलाके में शांति बनी हुई है और पुलिस किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील कर रही है।

## पुलिस ने चोरी की घटनाओं का किया खुलासा, तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नीमगांव खीरी।** थाना मितौली पुलिस ने क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी का माल, नगदी व अवैध असलहा भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मितौली के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक महेश पाठक के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस टीम ने कस्बा मितौली एवं चौकी कस्ता क्षेत्र में दर्ज तीन चोरी के मुकदमों (मु.अ.सं. 05/26, 51/26 व 54/26) से संबंधित अभियुक्तों को 08 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रामलखन (25 वर्ष) निवासी ढखिया जाट, हेमराज (32 वर्ष) निवासी कानाखेड़ा तथा भाऊ उर्फ रामासरे (40 वर्ष) निवासी ढखिया जाट शामिल हैं। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर एक गैस सिलेंडर व चोरी से प्राप्त 9,800 रुपये नकद बरामद किए। इसके अलावा अभियुक्तों के पास से एक देशी बंदूक 12 बोर, दो तमंचे 12 बोर, एक तमंचा 315 बोर तथा जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं।

पुलिस ने सभी अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक जयकृष्ण तिवारी, हेड कांस्टेबल करुणेश वर्मा, राजेश मिश्रा, संतराम, होरीलाल तथा कांस्टेबल दीपक कुमार, सुगम कुमार, तरुण कुमार, अंकित हुड्डा और चमन कुमार शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास बढ़ा है।

### अस्पतालों में आयुष्मान योजना के नाम पर बड़ा खेल: CMO के छापे में खुली पोल, मरीजों से वसूले जा रहे थे पैसे

**बरेली।** निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत भर्ती मरीजों से इलाज में लगातार खेल किया जा रहा है। किसी अस्पताल में भर्ती मरीज से खून आदि जांचों के लिए पैसे लिए जा रहे हैं तो कहीं बिना जरूरत के ही मरीज को आइसीयू में भर्ती कर दिया जा रहा है। सीएमओ ने मंगलवार को औचक निरीक्षण में भी दो अस्पतालों में अनियमितताएं पकड़ीं। दोनों अस्पतालों के संचालक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। सीएमओ की ओर इस साल अब तक 17 अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया जा चुका है, जिसमें 15 में कमियां मिली हैं। सीएमओ ने टीम के साथ आइ नोवा हास्पिटल, चंद्रकांती हास्पिटल एवं फैज हास्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया। फैज हास्पिटल में बिहार निवासी एक मरीज आयुष्मान योजना में भर्ती मिला। टीम ने उसके आयुष्मान कार्ड की विस्तृत जांच के आदेश दिए गए हैं। अस्पताल में साफ-सफाई एवं बायोमेडिकल वेस्ट का सेग्रीगेशन मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। अस्पताल में दो स्टाफ अनट्रेंड पाए गए, यह मरीजों को बिना नर्सिंग की डिग्री के दवाइयां चढ़ा रहे थे। जिन्हें डा. गयसुल रहमान ने तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया।

## फिरोजाबाद को बड़ी सौगात, 107 करोड़ रुपये से बनाए जाएंगे दो नए स्मार्ट रोड; CM ग्रिड योजना में होगा काम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद** को मुख्यमंत्री ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट योजना के तहत दो नए स्मार्ट रोड मिलेंगे। नगर निगम ने 1.07 अरब रुपये की लागत से फिरोजाबाद क्लब से ककरऊ कोठी और सैलई पुलिया से आसफाबाद चौराहा तक सड़कें बनाने का प्रस्ताव यूरिडा को भेजा है।

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद के शहरवासियों को जल्द ही दो नए स्मार्ट रोड की सौगात मिलने वाली है। नगर निगम द्वारा फिरोजाबाद क्लब से झील की पुलिया होते हुए ककरऊ कोठी तक और सैलई पुलिया से आसफाबाद चौराहा तक दोनों मार्गो को स्मार्ट रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। इन परियोजनाओं पर 1.07 अरब रुपये का बजट खर्च होगा।

राज्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत सुभाष तिराहा से रेलवे स्टेशन तक पहला स्मार्ट रोड पहले ही बन चुका है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में काफी सुविधा मिली है। मुख्यमंत्री ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट योजना (सीएम ग्रिड फेज-वन) के अंतर्गत नालबंद से रसूलपुर तक दूसरा स्मार्ट रोड विकसित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, सीएम ग्रिड फेज-टू में सेंट्रल बैंक से वीनस आटो एजेंसी और रसूलपुर थाने से आसफाबाद क्रासिंग तक सर्विस रोड का विकास कार्य प्रारंभ हो चुका है। सरकार की प्राथमिकता के तहत नगर निगम प्रशासन ने सीएम ग्रिड फेज-तीन में दो नए स्मार्ट रोड बनाने की कार्य योजना बनाई है। नगर आयुक्त ने मंगलवार को अर्बन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट एजेंसी (यूरिडा) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को क्लब चौराहा से ककरऊ कोठी तक और सैलई पुलिया से आसफाबाद चौराहा तक स्मार्ट रोड बनाने का प्रस्ताव भेजा है।

### बरेली के नाथ कॉरिडोर पर 'ब्रेक': 54 करोड़ का अंडरपास लखनऊ में अटका, तपेश्वर नाथ मंदिर की राह हुई मुश्किल

**बरेली।** योगी सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल नाथ कारिडोर में तपेश्वर नाथ मंदिर को जोड़ने के लिए प्रस्तावित अंडरपास राजधानी में अटक गया है। महीनों मशक्कत के बाद रेलवे प्रशासन ने यार्ड से होकर अंडरपास बनाने पर सहमति जताई थी और 54 करोड़ रुपये का एस्टीमेट दिया था, जिसे लोक निर्माण विभाग के माध्यम से शासन को भेजा गया था। गुजरे वित्तीय वर्ष में ही मंजूरी देकर बजट आवंटन की उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन बजट का आवंटन ही नहीं हो सका। अब यह परियोजना अधर में लटकती दिखाई दे रही है। शहर के अलखनाथ मंदिर, तपेश्वर नाथ मंदिर, धोपेश्वर नाथ मंदिर, त्रिवटीनाथ मंदिर, वनखंडी नाथ मंदिर, पशुपति नाथ मंदिर, मढ़ीनाथ मंदिर को जोड़ने वाले मार्गो के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को दी गई। 32.5 किमी के कारिडोर में सात मंदिरों को आपस में जोड़ने के लिए चौड़ीकरण कराया जा चुका है। तपेश्वर नाथ मंदिर तक मार्ग चौड़ीकरण में अंडरपास बनाने के लिए रेलवे की एनओसी नहीं मिल पाने से दो साल पहले तीन करोड़ रुपये सरेंडर भी करने पड़े थे। मंडलायुक्त के हस्तक्षेप के बाद रेलवे प्रशासन ने महीनों मंथन के बाद रेलवे जंक्शन के पूर्वी यार्ड में दोहरा अंडरपास बनवाने पर सहमति दी।

## भाजपा कार्यालय पर अंबेडकर जयंती एवं समरसत्ता दिवस को लेकर वर्चुअल बैठक आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी,** 08 अप्रैल 2026। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर अम्बेडकर जयंती एवं समरसता दिवस को लेकर वर्चुअल बैठक आयोजित हुई। जिसमें संगठन महामंत्री मा. श्री धर्मपाल सिंह एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री / प्रदेश अध्यक्ष मा. श्री पंकज चौधरी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। इस बैठक में जिलाध्यक्ष श्री अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। वर्चुअल बैठक को सम्बोधित करते हुए संगठन महामंत्री मा. श्री धर्मपाल सिंह जी ने कहा कि अम्बेडकर जयंती संविधान दिवस एवं समरसता दिवस के रूप में मनानी है। समाज के प्रत्येक वर्ग में समरसता का संदेश पहुंचाना हमारा कर्तव्य है ताकि मन-मन में अपनेपन व राष्ट्रवाद की भावना राष्ट्र उन्होंने आशा जताई कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तन-मन से इस राष्ट्रव्यापी कर्तव्य को निभाएंगे।

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री / प्रदेश अध्यक्ष मा. श्री पंकज चौधरी जी ने कहा कि भाजपा सामाजिक सद्भाव एवं सर्व समाज के अधिकार की बात करती है। जिस तरह बाबा साहेब अम्बेडकर ने अपने संविधान से पूरे देश को अखंड भारत के रूप में जगजाहिर किया उसी तरह भाजपा भी राष्ट्रवाद की भावना पर चलती है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी व कार्यकर्ता अम्बेडकर जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में बाबा साहेब को पुष्पांजलि देंगे तथा लोगों को भाजपा की नीतियों और प्रदेश व केंद्र सरकार की चलाई जा रहीं जनोपयोगी नीतियों से अनुसूचित वर्ग, महिलाओं व लोगों को अवगत कराया जाए।

वर्चुअल बैठक के बाद जिलाध्यक्ष श्री अरविंद गुप्ता ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के दिए दिशा-निर्देशों का हमें तन-मन से पालन करना है। भाजपा कार्यकर्ता हमेशा ही पार्टी के प्रति समर्पित हैं। वह पूरे मनोयोग से दिए गए दायित्वों को निभाते हैं। आगामी कार्यक्रमों में भी वह उसी मनोयोग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष किरन अग्रवाल, संतोष कुमारी, रामजी मौर्य, आशू मिश्र, संजय मिश्र, विनोद लोधी और जितेंद्र साहनी, जिला मंत्री अनुराग मिश्र, राजेश सिंह, मनोज वर्मा और राकेश अर्कवंशी, , जिला सोशल मीडिया संयोजक निष्कर्ष मिश्र व जिला आईटी संयोजक शौर्य सक्सेना सहित तमाम जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर वन कर्मी ने खाया जहर, हालत बिगड़ने पर उरई रेफर

- **वनकर्मी ने अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया।**

**अवैध लकड़ी बेचने के दबाव में जहरीला पदार्थ खाया।**

**गंभीर हालत में उरई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**राठ।** अधिकारियों पर उत्पीड़न व अवैध रूप से लकड़ी बेंचने का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए वन विभाग के एक कर्मचारी ने मंगलवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। वनकर्मी के इस घटना से विभाग में खलबली मच गई है। वहीं गंभीर हालत में वन कर्मी को उरई रेफर कर दिया गया है।

चित्रकूट के कर्वी थाना अंतर्गत भीकमपुर निवासी 45 वर्षीय चंद्रशेखर पटेल पुत्र सहदेव धनौरी वन विभाग की पौधशाला रेंज में वन रक्षक के पद पर कार्यरत हैं। मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे चंद्रशेखर ने संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खा लिया। वहां मौजूद कर्मचारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। कर्मचारी ने आरोप लगाया कि वन विभाग के अधिकारी उसे लगातार परेशान कर रहे थे। चोरी से लकड़ी बिकवाने का दबाव बना रहे थे। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद यादव ने बताया कि चंद्रशेखर की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। वन विभाग के अधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि उनके यहां इस नाम का कोई व्यक्ति नहीं है। फिर भी मामले की जानकारी करते हैं। यदि इस तरह का कोई आरोप लगाया गया है तो मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में थानाध्यक्ष राठ अनूप सिंह का कहना है कि इस संबंध में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। यदि तहरीर मिलती है तो मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बरेली बनेगा 'सिटि ऑफ लेक्स': रजपुरी नवादा और लीलौर झील में दिखेगा ईको-टूरिज्म का नया रंग!

- **रजपुरी नवादा में साकार होगी एक जिला-एक वेटलैंड्स की परिकल्पना**

**ईको टूरिज्म के रूप में लीलौर झील का कराया जा रहा पर्यटन विकास**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** वन विभाग की ओर से वेटलैंड्स को संरक्षित कर पारिस्थितिकी तंत्र को समृद्ध किया जा रहा है। अब इसे पर्यटन और रोजगार से जोड़ने की भी कवायद शुरू की गई है। आंवला क्षेत्र के रामनगर में लीलौर झील को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा चुका है। अब भुता क्षेत्र के रजपुरी नवादा में साकार होगी एक जिला-एक वेटलैंड्स की परिकल्पना को साकार करने की जिम्मेदारी वन निगम को दी गई है। जिले में छोटे-बड़े 241 वेटलैंड्स संरक्षित किए जा रहे हैं। जिले के प्रमुख वेटलैंड्स में रामगंगा सबसे बड़ा वेटलैंड है। इसमें जलीय जंतुओं का प्रवास होने के अलावा जगह-जगह प्रवासी पक्षियों का कलरव बना रहता है। रामनगर में लीलौर झील को विकसित कराकर पर्यटक स्थल का स्वरूप दिया गया है। नौका विहार, टाय ट्रेन का संचालन शुरू हो चुका है। पर्यटन विभाग को ईको टूरिज्म के रूप में विकसित कराने के लिए सवा चार करोड़ बजट का आवंटन कर दिया गया है।

यहां ओपन थियेटर, कैफेटेरिया, मल्टीपरपज हाल, टायलेट ब्लाक बनाया जाएगा। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यक्ष-युद्धिष्ठिर संवाद की प्रतीकात्मक मूर्तियां भी लगाई जाएंगी। ब्लाक स्तर पर एक-एक वेटलैंड्स को प्राकृतिक पर्यटन स्थल बनाने की भी तैयारी की जा रही है। शहर से 20 किमी. दूर और भुता ब्लाक क्षेत्र से एक किमी. दूरी पर 2.5 हेक्टेयर के वेटलैंड को पक्षियों के अनुकूल बनाने के साथ पर्यटकों के लिए दर्शनीय बनाने की प्रक्रिया आरंभ हुई है। इसकी जिम्मेदारी वन निगम को दी गई है। दावा किया जा रहा है कि एक-एक करके सभी वेटलैंड्स को स्वच्छ बनाकर ईको टूरिज्म का स्वरूप दिया जाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## तेज आंधी से पीपा पुल क्षतिग्रस्त,आवागमन बाधित, स्टीमर का सहारा

**गोपीगंज।** रामपुर घाट पर गंगा नदी पर बना पीपा पुल मंगलवार की रात आए तेज आंधी-तूफान की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। बुधवार को भी पुल बंद रहने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और गंगा पार करने के लिए स्टीमर का सहारा लेना पड़ा। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात आई तेज आंधी ने रामपुर घाट स्थित पीपा पुल को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। पुल के प्रारंभिक हिस्से में लगे पाइप और गार्डर हिल गए, जिससे पुल क्षतिग्रस्त हो गया। स्थिति को देखते हुए मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए क्षतिग्रस्त पाइप और गार्डर को हटवा दिया,लेकिन सुरक्षा कारणों से पुल पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया। पुल की देखरेख कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि मरम्मत के लिए आवश्यक पीपा प्रयागराज से मंगवाया जा रहा है। इसके पहुंचने के बाद ही पुल को पुनः चालू किया जा सकेगा। इधर, पुल बंद होने से गंगा पार आने-जाने वाले स्थानीय लोगों, किसानों और व्यापारियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत स्टीमर का उपयोग करना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त लागत उठानी पड़ रही है। प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द पुल की मरम्मत कर आवागमन बहाल करने का आश्वासन दिया गया है।


## दिल्ली मे इग्नू के दीक्षांत समारोह मे दो छात्रों को मिला गोल्ड मेडल

**गोपीगंज।** दारुल उलूम हबीबिया रिज्विया गोपीगंज मे इग्नू के दो विद्यार्थियो को गोल्ड मेडल मिला है,इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व विद्यालय के 39वे दीक्षांत समारोह में स्टडी सेंटर गोपीगंज (48044) के दो विद्यार्थी श्वेता दूबे (समाज शास्त्र)तथा स्वप्निल परिहार (इतिहास) को स्वर्ण पदक से विभूषित किया गया। उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन तथा दिल्ली के उपराज्यपाल तरन जीत सिंह संधू ने स्वर्ण पदक पहना कर दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित किया।श्वेता दुबे विकासखंड ज्ञानपुर के भिदिउरा व स्वप्निल गोपीगंज निवासी है, संस्था के समन्वयक मो. इम्तियाज अंसारी तथा प्रधानाचार्य मौलाना मुख्तार रिज़वी ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी है और कहा है कि इससे भदोही के लोगों का सम्मान बढ़ा है।

## शांति भंग की आशंका में 9 गिरफ्तार, 376 वाहनों का चालान

**भदोही।** जनपद पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई करते हुए शांति भंग की आशंका में 9 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेजा गया। पुलिस के अनुसार, थाना ज्ञानपुर क्षेत्र में 2, औराई में 1, सुरियावां में 2, गोपीगंज में 2 तथा भदोही कोतवाली क्षेत्र में 2 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। सभी को संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। वहीं, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी व्यापक अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस ने 343 दोपहिया और 33 चारपहिया वाहनों सहित कुल 376 वाहनों का चालान किया। इस दौरान कुल 4,06,000 रुपये का समन शुल्क वसूला गया तथा एक वाहन को सीज किया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## दीवार गिरने से एक महिला की मौत




**जमुई, मिर्जापुर।** नगर पालिका चुनार क्षेत्र के अंतर्गत बहरामगंज में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया। नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद के नव-निर्मित मकान की दीवार अचानक गिरने से पास में रह रहे एक बुजुर्ग दंपति इसकी चपेट में आ गए।इस हादसे में बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति नंदलाल बिंद (लगभग 60 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है और उन्हें उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना से पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। नंदलाल बिंद के दामाद अजय बिंद एवं उनकी पुत्री बालूघाट, चुनार में निवास करते हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार, यदि निर्माण कार्य में आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन किया गया होता, तो संभवतः यह हादसा टल सकता था। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

# सीएम का आदेश ठेंगे पर ,बीज गोदाम की जमीन पर कब्जा, लेखपाल पर मिलीभगत के आरोप

- केंद्रीय बीज गोदाम की करोड़ों की जमीन हड़पी

**अधिकारियों के संज्ञान के बाद भी कब्जा**

**कागजों में कार्रवाई, जमीन पर कब्जा, भदोही में खुला खेल**

**जिम्मेदारों पर मेहरबानी का आरोप**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ज्ञानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त फरमान के बावजूद भदोही में सरकारी जमीन पर कब्जे का खुला खेल जारी है। भदोही क्षेत्र के मोढ़ स्थित बरदहवा (ग्राम सभा जमुनीपुर आठगवां) में केंद्रीय बीज गोदाम की करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि पर अवैध कब्जा प्रशासनिक सिस्टम की कार्यप्रणाली पर सीधे सवाल खड़ा कर रहा है। तीन दशक पहले किसानों की सुविधा के लिए बना बीज गोदाम आज खंडहर में तब्दील है, जबकि उसकी जमीन पर पक्का निर्माण और झोपड़ियां खड़ी कर दी गई हैं। सामने आए फोटो इस बात की गवाही दे रहे हैं कि सरकारी संपत्ति को किस तरह धीरे-धीरे कब्जे में लिया गया।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नए हल्का लेखपाल के आने के बाद ही कब्जे ने रफ्तार पकड़ी। गोदाम के सामने पक्का कमरा बनाया गया, फिर टीन शेड और मड़हा डालकर कब्जे को मजबूत कर दिया गया। इससे भी गंभीर बात यह है कि पहले अतिक्रमण के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन अब उसी जमीन पर दोबारा कब्जा हो गया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब मामला पहले से ही उच्च अधिकारियों के संज्ञान में था, तो फिर कब्जा कैसे हो गया? क्या यह सब जिम्मेदारों की अनदेखी से हुआ या फिर मिलीभगत से?

दूसरी तरफ, सुरियावां में केंद्रीय बीज भंडार किराये के भवन में संचालित हो रहा है, जिससे सरकार हर महीने आर्थिक नुकसान झेल रही है और किसान परेशान हो रहे हैं। ग्राम प्रधान शक्ति शंकर कन्नौजिया ने साफ आरोप लगाया,'हल्का लेखपाल और कानूनगो ने अपने सजातीय बंधुओं को सरकारी जमीन पर कब्जा कराया है। लेखपाल की शह पर अवैध निर्माण हुआ है। अधिकारियों को जानकारी होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जो बेहद गंभीर है। 'अब ग्रामीणों की मांग है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो, वरना सरकारी जमीनों पर कब्जे का यह सिलसिला रुकने वाला नहीं है।

## एसपी अभिनव त्यागी का दुर्गागंज थाने का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने मंगलवार को थाना दुर्गागंज का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, मिशन शक्ति केंद्र व साइबर हेल्प डेस्क सहित विभिन्न अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने लंबित विवेचनाओं एवं प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने महिला अपराध से संबंधित शिकायतों पर विशेष संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं पुलिस कर्मियों के टर्न आउट को लेकर भी निर्देशित किया गया। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए थाने आने वाले आगंतुकों एवं पीड़ितों के लिए स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण प्राथमिकता होनी चाहिए, जिससे पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास और मजबूत हो सके।


# भदोही में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना को मिली रफ्तार

- जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** जनपद में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना को गति देने के लिए जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत नियोक्ताओं का अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा समय से अंशदान विवरण (ईसीआर) प्रस्तुत किया जाए, जिससे कर्मचारियों एवं नियोक्ताओं को योजना का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने बताया कि योजना का संचालन कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा तथा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए लाभार्थियों के बैंक खातों में धनराशि सीधे भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि नियोक्ताओं को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में पंजीकरण कराना और समय पर विवरण जमा करना अनिवार्य होगा।

उन्होंने श्रम विभाग को निर्देशित किया कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा उपलब्ध कराई गई 213 नियोक्ताओं की सूची के अनुसार सभी से नियमित संपर्क कर उन्हें योजना के अंतर्गत पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही योजना के लाभों की




जानकारी विस्तार से दी जाए और आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाए।

जनपद में विभिन्न क्षेत्रों जैसे वस्त्र उद्योग, अभियांत्रिकी, भवन निर्माण, शैक्षणिक संस्थान एवं अन्य क्षेत्रों के नियोक्ताओं द्वारा एक अगस्त 2025 के बाद रोजगार सृजन किया गया है, लेकिन पंजीकरण न होने के कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विशेष रूप से कालीन उद्योग के 52 नियोक्ताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए शीघ्र पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना जनपद में रोजगार के नए अवसर सृजित करने और युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सभी विभागों को मिशन मोड में कार्य करते हुए अधिक से अधिक नियोक्ताओं का पंजीकरण कराकर योजना का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# निर्माणाधीन मकान ढहने से महिला की मौत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के बहरामगंज मुहल्ले मे मंगलवार की रात्रि तेज आधी मे दुसरी मंजिल पर हो रहा निर्माण ढह जाने से एक महिला की मौत और उसका पति गंभीर रुप से घायल हो गया। पडोस के मंसूर ने बहरामगज मुहल्ले में अपने जमीन पर प्रथम तल पर दिवाल बन रहा था कि मंगलवार की रात्रि तेज आई आंधी मे दिवाल गिर गया गिरा हुआ मलवा बगल मे स्थित नन्दलाल विंद के क्षत पर गिरा,मलवा गिरने से घर मे लगा पटिया टूट गया और कमरे मे सो रहे नन्दलाल 65 वर्ष व राधा देवी पत्नी नन्दलाल बिंद 60 वर्ष के उपर जा गिरा जिससे दोनो गंभीर रुप से घायल हो गए घटना की जानकारी होने पर पहुचे लोगों ने दोनो को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चेचरी मोड ले गए जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया और वृद्ध की गंभीर हालत देख उसे ट्रामा सेन्टर वाराणसी रेफर कर दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

उक्त घटना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मण्लल अध्यक्ष मंगरु साहनी के नेतृत्व मे उपजिलाधिकारी को ज्ञापन नायब तहसीलदार अवनीश को ज्ञापन देकर आरोप लगाते हुए घटना की जांच कराने एवं मृत महिला के परिवार को उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग किया। इस दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह व चन्द्रहाश गुप्ता, उपाध्यक्ष अजयशेखर पाण्डेय, महामंत्री अभिलाष राय व आलोक श्रीवास्तव, रतन साहनी, पूर्व सभासद ज्योति प्रकाश सिंह एवं कुवंर सूर्यप्रताप सिंह,मनिष राय, संजय सोनकर प्रमुख रुप से मौजूद रहे।कोतवाल विजयशंकर सिंह पटेल ने



बताया कि मृतका के दामाद की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया घटना तेज आंधी आ जाने घटना घटित हुई है। मृतक के परिजनों के तरफ कोई तहरीर अभी तक प्राप्त नही हुई है।

# डिजिटल होगी 'भारत की जनगणना 2027': भदोही में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण गोष्ठी संपन्न, 7 मई से शुरू होगी स्व-गणना प्रक्रिया

**जनगणना कार्य में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः जिलाधिकारी शैलेष कुमार के सख्त निर्देश, HLO ऐप से रियल-टाइम डेटा एंट्री कराए सुनिश्चित**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोहीः-** आज उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'भारत की जनगणना 2027' के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना से संबंधित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण गोष्ठी एन.आई.सी. सभागार में संपन्न हुई।

इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने प्रतिभाग करते हुए शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के कड़ाई से अनुपालन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस बार जनगणना की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और सुगम होगी। उन्होंने कहा कि ?स्व-गणना(Self-Enumeration): आम नागरिक 7 मई से 21 मई 2026 के बीच आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in के माध्यम से स्वयं अपनी और अपने परिवार की गणना कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि सुविधा का लाभ उठाएं और राष्ट्र निर्माण के इस महाभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

HLO ऐप का प्रयोगः गणना कार्य में लगे प्रगणक (Enumerators) और पर्यवेक्षक (Supervisors) द्वारा HLO App का प्रयोग किया जाएगा। मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का समस्त डेटा इसी ऐप के माध्यम से रियल-टाइम दर्ज होगा। बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई कि जो नागरिक स्वयं गणना नहीं कर पाएंगे, उनके लिए 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक और पर्यवेक्षक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण




का कार्य करेंगे।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने प्रशिक्षण सत्रों को समय से पूरा करने, प्रगणकों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए ताकि कोई भी मकान या परिवार गणना से वंचित न रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अभिषेक मिश्रा एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपभोक्ता आयोग ने दिलाया न्याय, 55,040 रुपये का चेक देकर पुराने मामले का निस्तारण

**भदोही।** जिला उपभोक्ता आयोग ने एक लंबे समय से लंबित मामले का निस्तारण करते हुए परिवादी को 55,040 रुपये का चेक सौंपकर न्याय दिलाया। आयोग के इस फैसले से परिवादी को वर्षों बाद राहत मिली। मामला छोटे लाल दुबे निवासी कंस रायपुर, थाना भदोही द्वारा दायर किया गया था, जिसमें उन्होंने ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड एवं बैंक ऑफ बड़ौदा को विपक्षी बनाया था। परिवादी के अनुसार, उन्होंने बैंक से ऋण सुविधा लेने के साथ अपने गोदाम का बीमा कराया था। वर्ष 2003 में अज्ञात चोरों द्वारा उनके प्रतिष्ठान में चोरी कर ली गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इस मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने पहले बीमा कंपनी को क्षतिपूर्ति राशि ब्याज सहित देने का आदेश दिया था, जिसे बाद में राज्य उपभोक्ता आयोग, लखनऊ द्वारा आंशिक रूप से संशोधित किया गया। संशोधित आदेश में सर्वेयर द्वारा आकलित राशि पर ब्याज सहित भुगतान करने के निर्देश दिए गए थे। उक्त आदेश के अनुपालन में जिला उपभोक्ता आयोग, भदोही द्वारा परिवादी को 55,040 रुपये का चेक प्रदान किया गया। साथ ही शेष धनराशि बीमा कंपनी के अधिवक्ता को वापस कर दी गई। अंततः आयोग के अध्यक्ष संजय कुमार डे, सदस्य दीप्ति श्रीवास्तव एवं विजय बहादुर सिंह की पीठ ने मामले का पूर्ण संतुष्टि के आधार पर निस्तारण कर दिया।इस संबंध में जानकारी आयोग के रीडर स्वतंत्र रावत द्वारा दी गई।

# उपजिलाधिकारी भदोही और क्षेत्राधिकारी भदोही द्वारा शस्त्र दुकान का निरीक्षण किया गया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

दिनांक 08.04.2026 को जिलाधिकारी भदोही और पुलिस अधीक्षक भदोही के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में उपजिलाधिकारी भदोही और क्षेत्राधिकारी भदोही द्वारा संयुक्त रूप से भदोही कस्बे में स्थित 'कमला गन हाउस' का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा दुकान के स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर और लाइसेंस नवीनीकरण से संबंधित सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों का बारीकी से मिलान किया गया। साथ ही दुकान में मौजूद शस्त्रों और कारतूसों की भौतिक गणना करते हुए यह सुनिश्चित किया गया कि उपलब्ध स्टॉक सरकारी रिकॉर्ड के पूरी तरह अनुरूप है। निरीक्षण के क्रम में दुकान के सुरक्षा मानकों, जैसे



सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अग्निशमन उपकरणों की स्थिति और शस्त्रों के सुरक्षित रख-रखाव का भी गहन जायजा लिया गया। अधिकारियों ने दुकान संचालक को सख्त निर्देश दिए कि शस्त्रों या कारतूसों की बिक्री केवल वैध लाइसेंस और उचित पहचान पत्र के आधार पर ही की जाए और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित किया जाए।

# पास्को के वांछित अभियुक्त को भेजा जेल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चुनार, मिर्जापुर।** अपराध के रोकथाम हेतु चलाए गए अभियान के अंतर्गत बुधवार को उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार व हेड कांस्टेबल शिंपू यादव द्वारा पास्को एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त शैलेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय रामसमुझ निवासी शेरपुर थाना अदलहाट जनपद मिर्जापुर उम्र 29 वर्ष को कैलहट टेंपो स्टैंड से सुबह लगभग 11:00 बजे




गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# भीषण आग से किसानों की मेहनत खाकः कुड़ी कला गांव में 5 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** क्षेत्र के विकासखंड डीघ स्थित कुड़ी कला गांव के भट्टगवा बस्ती में बुधवार को अचानक लगी आग से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। तेज हवा के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और लगभग 5 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। इस अग्निकांड में श्यामधर, विद्याधर, अद्याधर समेत कई किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं। ग्रामीणों ने आग की लपटें उठते ही फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस को सूचना दी, साथ ही स्वयं भी आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन पर्याप्त संसाधनों के अभाव में



आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक फसल पूरी तरह जल चुकी थी। इस घटना से प्रभावित किसानों का रो-रोकर बुरा हाल है। किसानों का कहना है कि उनकी सालभर की मेहनत कुछ ही मिनटों में जलकर खत्म हो गई। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने मौके का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है और पीड़ित किसानों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। आग लगने के कारणों की जांच भी की जा रही है।

# डीघ, के दुगुना में शवदाहगृह चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट, एक साल में ही जर्जर हालत




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** विकास खंड डीघ के ग्राम पंचायत दुगुना में विकास कार्यों में कथित भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। यहां निर्मित शवदाहगृह ( अंत्येष्टि स्थल) महज एक वर्ष के भीतर ही जर्जर अवस्था में पहुंच गया है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, लाखों रुपये की लागत से बने इस सौदाहगृह की दीवारें जगह-जगह से सरकने लगी हैं और प्लास्टर झड़ रहा है। भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि इसका उपयोग करना भी मुश्किल हो गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिस भवन का उपयोग सामुदायिक कार्यों के लिए होना था, वह आज गंदगी का अंबार बन चुका है।

सौदाहगृह के अंदर पशुओं का चारा, कूड़ा-कबाड़ और अन्य बेकार सामान भरा हुआ है, जिससे यह पूरी तरह अनुपयोगी हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान मानकों की अनदेखी की गई और घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया, जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही और भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जा सके।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का वार्षिक सम्मेलन दस अप्रैल को

**गोपीगंज।** नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि




मंडल का वार्षिक सम्मेलन व होली मिलन गोपीगंज नगर के पश्चिम मुहाल चौधरी लान मे 10 अप्रैल शुक्रवार को होगा,यह जानकारी नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने दी,बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी वार्षिक सम्मेलन व होली मिलन का आयोजन किया गया है। सायंकाल सात बजे से आयोजित समारोह में गीत संगीत के साथ प्रीति भोज का भी आयोजन किया गया है।

# प्रसार व्याख्यान का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में बुधवार को वर्ल्ड वीवर क्लब,अंग्रेजी विभाग तथा आई क्यू ए सी के संयुक्त तत्वावधान में एक प्रसार व्याख्यान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला एवं मुख्य वक्ता डॉ राहुल चतुर्वेदी एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। डॉ राहुल चतुर्वेदी ने शोध प्रविधि जैसे गंभीर विषय को अत्यंत सहजता पूर्वक विद्यार्थियों के समक्ष व्याख्यान देकर उद्घाटित किया। उन्होंने कहा कि शोध एक ऐसी प्रक्रिया है जो जीवन पर्यंत विद्यार्थियों के साथ-साथ सामान्य व्यक्तियों के जीवन में भी चलती रहती है। सबसे पहले समस्याओं को चिन्हित करके उचित माध्यम के द्वारा समस्याओं के निराकरण का प्रयास करना चाहिए। समस्या के अनुसार ही माध्यम का




चुनाव करना चाहिए अन्यथा समाधान में दिक्कत हो सकती है।डॉ चतुर्वेदी ने संवाद के माध्यम से अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को जोड़ा और प्रत्येक विद्यार्थी से तीन-तीन समस्याओं को चिन्हित करने का आह्वान किया।

उन्होंने अत्यंत रोचक शैली में समस्त विद्यार्थियों को शोध प्रक्रिया से जोड़ा।प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला ने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों से कहा कि शोध प्रविधि को अच्छे से समझ कर ही आगे जीवन में बढ़ा जा सकता है।उन्होंने कहा कि समाज के विविध पहलुओं पर आधारित नए अन्वेषण होने चाहिए जिसमें अपनी जड़ों से जुड़कर विचारों को समझना होगा। प्राचार्य ने संवादात्मक शैली की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों को व्याख्यान से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का आयोजन एवं स्वागत उद्बोधन संयोजक डॉ रीता मिश्रा ने और धन्यवाद ज्ञापन सहसंयोजक डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर सहसंयोजक डॉ नलिनी सिंह, प्रोफेसर कुसुम लता,डॉ सत्येन्द्र कुमार,डॉ दीपक सिंह, डॉ अदिती सिंह,डॉ शैलेंद्र कुमार, डॉ शिवकुमार,डॉ शिखा तिवारी, डॉ मंजुला शुक्ला, धर्मचंद्र यादव, धर्मेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑनलाइन ठगी के शिकार दो पीड़ितों को ,1.93 लाख रुपये वापस दिलाए



**प्रयागराज।** साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच थाना धूमनगंज की साइबर हेल्प डेस्क ने सराहनीय कार्य करते हुए ऑनलाइन ठगी के शिकार दो पीड़ितों को कुल 1,93,491 रुपये वापस दिलाए। इस कार्रवाई से पीड़ितों को बड़ी राहत मिली है और पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अविनाश चन्द्र गुप्ता निवासी शकुन्तला कुंज, आदर्श कॉलोनी चक मुण्डेरा तथा संजीव कुमार राडनी निवासी अबूबकरपुर, थाना धूमनगंज, कमिश्नरेट प्रयागराज, ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गए थे। अज्ञात साइबर ठगों ने अलग-अलग माध्यमों से इनके खातों से धनराशि निकाल ली थी। घटना के बाद दोनों पीड़ितों ने थाना धूमनगंज की साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई शुरू की। बैंक और संबंधित डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से समन्वय स्थापित कर ठगी गई धनराशि को ट्रेस किया गया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने कुल 1,93,491 रुपये की राशि सफलतापूर्वक पीड़ितों के खातों में वापस कराई।

### कैमरे में कैद चोर पर 25 हजार का इनाम घोषित



**नैनी, प्रयागराज–** नैनी क्षेत्र में 2 अप्रैल को हुई नकबजनी/चोरी की घटना के खुलासे की दिशा में पुलिस को अहम सुराग हाथ लगा है। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध अभियुक्त की पहचान की गई है, जिसके बाद उसकी तलाश तेज कर दी गई है।पुलिस ने कैमरे में कैद आरोपी की फुटेज जारी करते हुए आम जनता से सहयोग की अपील की है। अधिकारियों ने घोषणा की है कि अभियुक्त और उसके साथियों के बारे में पुख्ता सूचना देने वाले व्यक्ति को 25,000 रुपये का इनाम दिया जाएगा। साथ ही यह भी आश्वासन दिया गया है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही उन्हें पकड़ने की उम्मीद है। सीसीटीवी फुटेज में एक अभियुक्त स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है,आमजन से अपील की गई है कि यदि किसी के पास इस मामले से जुड़ी कोई भी जानकारी हो, तो वे तुरंत सहायक पुलिस आयुक्त करछना के सीयूजी नंबर 9454401283, प्रभारी निरीक्षक नैनी के नंबर 9454402846 या प्रभारी एसओजी, जोन यमुनानगर के मोबाइल नंबर 9140756811 पर संपर्क कर सकते हैं और इनाम के पात्र बन सकते हैं। पुलिस का विश्वास है कि जनता के सहयोग से जल्द ही इस घटना का पर्दाफाश कर आरोपियों को कानून के शिकंजे में लिया जाएगा।

### समाज सेविका निर्मला श्रीवास्तव हुई पंच तत्व में विलीन



**नैनी, प्रयागराज।** समाजसेविका निर्मला श्रीवास्तव पंच तत्व में विलीन हो गई।उनका अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट में किया गया। मुखाग्नि उनके छोटे सुपुत्र भाजपा नेता कुमार नारायण ने दिया उनके अंतिम संस्कार में बडे पुत्र एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव महापौर गणेश केसरवानी पूर्व केपी पाठशाला अध्यक्ष चौधरी जितेन्द्र नाथ सिंह,टी पी सिंह, डाक्टर सुशील सिन्हा, पूर्व उपमहापौर मुरारी लाल अग्रवाल,भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता राजेश केसरवानी आर्य कन्या डिग्री कालेज प्रबंधक पंकज जायसवाल,विवेक अग्रवाल,सपा नेता दुर्गा प्रसाद गुप्ता रविन्द्र गुप्ता, व्यापारी नेता सतीश चंद्र केसरवानी, प्रमिल केसरवानी,अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल,दाऊ दयाल गुप्ता, पत्रकार संदीप वालिया, पार्षद राकेश जायसवाल, किशोरी लाल जायसवाल, रामबाबू केसरवानी, अभिलाष केसरवानी, आदि सैकड़ो सामाजिक व्यापारिक संगठनों और राजनैतिक दलों एवं पत्रकार बंधुओ एवं कायस्थ पाठशाला परिवार के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान देंने और उनकी आत्मा को शांति प्रदान करनें की कामना की।

## 'DNA टेस्ट की मांग सिर्फ विलंब के आधार पर खारिज नहीं की जा सकती', इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला

**● इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि दुष्कर्म मामले में डीएनए टेस्ट की मांग को केवल देरी के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि दुष्कर्म केस में डीएनए टेस्ट की मांग को केवल इसलिए खारिज नहीं किया जा सकता है कि इसे देरी से दायर किया गया है। डीएनए टेस्ट के गंभीर सामाजिक परिणाम होते हैं, लेकिन जब इसके लिए मजबूर करने वाले और अपरिहार्य परिस्थितियां होती हैं, तो इसकी अनुमति दी जा सकती है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायमूर्ति मनोज बजाज की एकल पीठ ने आरोपित के उस आवेदन को मंजूर किया है, जिसमें उसने पीड़िता (शिकायतकर्ता) के पत्र की हस्तलेखन की जांच कराने की मांग की थी। कोर्ट ने कहा है कि यह एक महत्वपूर्ण सुबूत है जो मामले के फैसले में मदद कर सकता है। साथ ही शिकायतकर्ता की बेटी और आरोपित का डीएनए टेस्ट कराने का आदेश दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने शिकायतकर्ता की वह याचिका खारिज कर दी है जिसमें आरोपित के रिश्तेदारों को समन करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा, डीएनए टेस्ट का आदेश नियमित रूप से नहीं दिया जा सकता है, खासकर जब मामला पहले से ही ट्रायल में हो। पीड़िता (शिकायतकर्ता) ने तीन अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं। आरोप लगाया आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया और गर्भवती होने के बाद गर्भपात करवा दिया। पीड़िता ने आरोपित के उस आवेदन को खारिज करने की मांग की थी, जिसमें उसने अपनी बेटी के साथ डीएनए टेस्ट कराने की मांग की थी। यह मामला गाजियाबाद के कवि नगर थाने में दर्ज है। पीड़िता ने इस मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश/एफटीसी-गाजियाबाद के आदेशों को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

### नगर पंचायतों द्वारा कराये गये कार्यों के प्रस्ताव के सम्बन्ध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्नं

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में जनपद की समस्त नगर पंचायतों द्वारा 15वें वित्त के सम्बन्ध में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष उपलब्ध कराये गये कार्यों के प्रस्ताव के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में नगर पंचायतों के अध्यक्ष , अपर जिलाधिकारी नगर एवं अधिशासी अधिकारी, अधिषाशी अभियन्ता विद्युत एवं यांत्रिक खण्ड नगर निगम व अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-1 आदि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी के द्वारा नगर पंचायतों के अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारियों से उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव की आवश्यकता एवं औचित्य व पूर्व में कराये गये कार्यों के सम्बन्ध में चर्चा करते प्रस्ताव पास किये गये। नगर पंचायतों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर चर्चा के उपरान्त जिलाधिकारी के द्वारा समस्त नगर पंचायतों को शासन द्वारा दिये निर्देश के क्रम में नियमानुसार अपनी नगर पंचायतों की आय बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये। उक्त के साथ नगर पंचायतों में अवैध अतिकमण/नगर पंचायत स्थित तालाबों का संरक्षण एवं उन्हे कब्जा मुक्त कराये जाने, सरकारी जमीनों को तत्काल खाली कराये जाने के निर्देश दिए गए।

## बुजुर्ग महिला हत्याकांड में दो दोषियों को उम्रकैद

**● लालच में की गई निर्मम हत्या पर अदालत का सख्त फैसला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** जनपद में वर्ष 2021 में हुए सनसनीखेज बुजुर्ग महिला हत्याकांड में अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश रजनीश कुमार मिश्रा की अदालत ने दोषी धीरज गुप्ता और रिंकू जायसवाल उर्फ कचौड़ी को हत्या और साक्ष्य मिटाने के आरोप में उम्रकैद के साथ दंडित किया। यह मामला अगस्त 2021 का है, जब 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला को लालच का शिकार बनाया गया। आरोपियों ने पहले महिला का विश्वास जीता और फिर करीब 4.5 लाख रुपये व गहनों की ठगी की। इसके बाद अपने अपराध को छिपाने के लिए महिला की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को सोरांव क्षेत्र में जमीन में दफनाकर सबूत मिटाने का प्रयास किया, ताकि घटना का कोई सुराग न मिल सके। हालांकि, पुलिस की सतर्कता और तकनीकी जांच ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। जांच के दौरान पुलिस ने कॉल डिटेल रिकॉर्ड (CDR) और लोकेशन ट्रैकिंग के आधार पर संदिग्धों तक पहुंच बनाई। कड़ी पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद उनकी निशानदेही पर महिला का शव बरामद किया गया। अभियोजन पक्ष ने अदालत में मजबूत साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर न्यायालय ने दोनों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

## ट्रैक्टर चालक पर दबंगों का कहर, बेल्ट से बेरहमी से पीटा ,मजदूरों में उबाल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** थरवई थाना क्षेत्र के कोड़सर गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर बुधवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब कुछ दबंग युवकों ने एक ट्रैक्टर चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। हमलावरों ने चालक को बेल्ट से इतना पीटा कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और भट्ठे पर काम कर रहे मजदूरों में भारी आक्रोश फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर चालक रोज की तरह अपने काम में लगा हुआ था, तभी कुछ युवक वहां पहुंचे और किसी बात को लेकर उससे कहासुनी करने लगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दबंगों ने चालक पर हमला बोल दिया और बेल्ट से लगातार प्रहार कर उसे लहूलुहान कर दिया। घायल चालक को आनन-फानन में पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना से नाराज ईंट भट्ठा मजदूरों ने एकजुट होकर थरवई थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मजदूरों का आरोप है कि शिकायत देने के बावजूद देर शाम तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे उनमें रोष बढ़ता जा रहा है। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### लखनऊ के राजाजीपुरम में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, रूम पार्टनर देखते ही रह गया सन्न

**लखनऊ।** तालकटोरा के राजाजीपुरम एफ ब्लॉक में बुधवार को 28 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आनन फानन में परिजन युवक को फंदे उतारकर एरा मेडिकल कालेज ले गए। जहॉ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक सआदतगंज निवासी अखिलेश प्रजापति का बेटा आदर्श प्रजापति राजाजीपुरम एफ 3759 में किराए के कमरे में अपने रूम पार्टनर उन्नाव निवासी जिम टेऊनर शिवा के साथ रहता था और एक सीए के पास एकाउंट का काम सीखता था। घटना के समय आदर्श घर पर अकेला था। दोपहर रूम पार्टनर शिवा घर लौटा तो मेन गेट अंदर से बंद मिला। शिवा ने कई बार आदर्श प्रजापति को फोन किया लेकिन काल रिसीव नहीं हुई तो शिवा ने आदर्श के परिजनों को बुलाया। परिजन व पुलिस गेट तोड़ कर अंदर पहुंचे तो रसोईघर के अंदर कुण्डे में चादर के सहारे अखिलेश फंदे से लटकता मिला। आदर्श के घर में मां, तीन भाई और एक बहन है। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे ने बताया कि आत्महत्या की कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका 'विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज–** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,में बुधवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश के निर्देशन में मिशन शक्ति फेस 5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत 'नारी सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका' विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता संस्कृत विभाग की विभाग प्रभारी प्रो.मंजूलता रहीं। उन्होंने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक एवं आत्मविश्वासी बनाता है। शिक्षा के माध्यम से ही महिलाएं अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझ पाती हैं तथा समाज में समानता स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षित महिला न केवल अपने परिवार को सुदृढ़ बनाती है, बल्कि राष्ट्र के विकास में भी सक्रिय योगदान देती है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में महिलाओं के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक हो गई है, जिससे वे हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ सकें। उन्होंने छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने, आत्मनिर्भर बनने तथा सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम का संचालन प्रभारी डॉ हेमलता के निर्देशन में किया जा रहा है। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग के विभाग प्रभारी प्रो. महेंद्र प्रसाद, मिशन शक्ति की सह-संयोजक डॉ भावना सिंह, राजनीति विज्ञान के असि. प्रो. श्री ऋषि प्रताप सिंह, डॉ राजेश यादव, डॉ संदीप एवं अन्य शिक्षक तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में डॉ हेमलता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की 38 छात्राएं एवं 26 छात्र उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे आयोजन में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई तथा वक्ता के विचारों से प्रेरित होकर अपने जीवन में शिक्षा के महत्व को अपनाने का संकल्प लिया, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

## यूपी बोर्ड का बड़ा कदमः अमान्य विद्यालयों पर होगी सख्त कार्रवाई, शिक्षकों की कोचिंग पर भी शिकंजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने परिषद से संबद्ध 29,208 विद्यालयों की सूची upmsp.edu.in पर अपलोड कर अमान्य विद्यालयों की पहचान सुगम कर दी है। इसके साथ ही बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने सभी डीआइओएस, बीएसए व बीईओ को पत्र लिखकर अमान्य विद्यालयों के विरुद्ध 18 अप्रैल तक सघन अभियान चलाकर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि जांच के दौरान निजी कोचिंग में संलग्न शिक्षकों की भी जांच कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। इस कार्रवाई की रिपोर्ट भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। यूपी बोर्ड से संबद्ध प्रदेश भर में संचालित विद्यालयों में 10,295 हाईस्कूल स्तर (कक्षा नौ-10) के हैं, जबकि 18,913 विद्यालय इंटरमीडिएट स्तर तक (कक्षा नौ से 12) के हैं। इसके अलावा संचालित अन्य विद्यालय अमान्य माने जाएंगे। बोर्ड सचिव ने कहा है कि परिषद की विनियमावली तथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत बिना मान्यता प्राप्त किए विद्यालय की स्थापना या संचालन पूर्णतया प्रतिबंधित है। संचालन पर इनके विरुद्ध भारी अर्थदंड व विधिक कार्यवाही का प्रविधान है। उत्तर प्रदेश कोचिंग विनियम अधिनियम 2002 के अनुसार मान्यता प्राप्त विद्यालय में कार्यरत शिक्षक का निजी कोचिंग संस्थान में सेवाएं देना वर्जित है।हाई कोर्ट ने भी एक याचिका पर आदेश दिए हैं कि प्रदेश भर में संचालित अमान्य संस्थानों को चिह्नित किया जाए। मामले में कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए शासन के नौ जून 2025 के निर्देश पर सभी जिलों में डीआइओएस की अध्यक्षता में समिति गठित है। समिति के माध्यम से अभियान चलाकर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट देने के लिए बोर्ड ने एक प्रारूप भी जारी किया है। इसमें जनपदवार संचालित अमान्य विद्यालयों की संख्या, उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई, निजी कोचिंग में संलग्न शिक्षकों की संख्या व उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई का विवरण 30 अप्रैल तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## प्रयागराज के झूंसी में 10 बीघा में की गई अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर, PDA की कार्रवाई से मची खलबली



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**झूंसी।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से अवैध प्लटिंग करने वालों के खिलाफ झूंसी क्षेत्र में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इस दौरान 10 बीघा में की गई अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर से ढहाया गया।

कुसमीपुर, उस्तापुर महमूदाबाद में पीडीए ने पूरे दिन अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। उस्तापुर महमूदाबाद स्थित चुंबक फैक्ट्री के निकट उदय प्रताप श्रीवास्तव उर्फ विधायक द्वारा ग्राम सभा की भूमि व नाले की जमीन पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग की सूचना पर पीडीए का दस्ता मौके पर पहुंचा। उन्होंने संबंधित से कागज की मांग की लेकिन कागज देने में असमर्थ होने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इसके बाद इसी क्षेत्र में बबलू यादव के दो बीघा अवैध प्लाटिंग पर तथा अजय यादव व अन्य के छह बीघा क्षेत्रफल के अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

इसके बाद दस्ता कुसमीपुर कनिहार रोड पहुंचा। वहां आलोक मिश्रा व अन्य के दो बीघा क्षेत्रफल के प्लाट पर प्लाटिंग करने वालों से नक्शा मांगा लेकिन किसी ने नक्शा व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया तो उस पर अधिकारियों ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान जोनल अधिकारी प्रवीण कुमार यादव सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### आंधी-बारिश से यूपी में फसलों को भारी नुकसान, गेहूं-सरसों खराब; आम पर कीटों का खतरा

लगातार बदलते मौसम ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। बुधवार शाम आई तेज आंधी और भारी बारिश से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। नटकुर, पिपरसंड और चंद्रावल गांवों में खेतों में गिरी गेहूं की फसल नमी के कारण सड़ने लगी है, जिससे दाने काले पड़ रहे हैं और गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। वहीं सरसों की फसल भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। किसानों के अनुसार कटी फसल खेतों में ही पड़ी थी, जो बारिश से भीगकर खराब हो रही है। पानी भराव और धूप न निकलने से स्थिति और गंभीर हो गई है। नमी बढ़ने से दीमक और सड़न का खतरा भी बढ़ गया है। बदलते मौसम और बढ़ती आर्द्रता ने आम उत्पादकों की चिंता बढ़ा दी है। हल्की बारिश और बादलों के कारण नमी 50-60 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो कीटों और रोगों के लिए अनुकूल स्थिति बना रही है। अप्रैल में पेड़ों पर छोटे फल आने के कारण यह समय फसल के लिए बेहद संवेदनशील होता है। उद्यान विशेषज्ञों के अनुसार इस समय भुनगा, रुजी, मिलीबग (गुजिया कीट) और एन्थ्रेक्नोज़ रोग का प्रकोप बढ़ जाता है, जो पत्तियों और बौर को नुकसान पहुंचाते हैं। गुजिया कीट के नियंत्रण के लिए दवा में स्टीकर मिलाकर स्प्रे करना प्रभावी होता है।

## नोएडा में गड्ढे ने ली एक और जान, दोस्तों संग पिकनिक पर गया छात्र डूबा; मचा हड़कंप

**● नोएडा के सेक्टर-94 में पिकनिक मनाने गए एमिटी यूनिवर्सिटी के छात्र हर्षित भट्ट की गहरे पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई. घटना के बाद शहर में असुरक्षित गड्ढों को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नोएडा में एक दर्दनाक घटना सामने आई है. यहां एग्जाम खत्म होने के बाद बुधवार को दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए एक छात्र की गहरे पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई. यह हादसा सेक्टर-94 थाना क्षेत्र में हुआ, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया. बताया जा रहा कि छात्र अपने तीन दोस्तों के साथ घूमने गया था. सभी एक गहरे पानी भरे गड्ढे में नहा रहे थे. इस दौरान अचानक एक छात्र गहराई में चला गया और डूबने लगा. दोस्तों ने छात्र को बचाने की कोशिश की, लेकिन वह उसे बचा नहीं सके। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से छात्र को गड्ढे से बाहर निकला. आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. वहीं हादसे जानकारी मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

**एमिटी यूनिवर्सिटी का छात्र था मृतक**

DCP शाद मियां खान ने बताया कि मृतक की पहचान हर्षित भट्ट के रूप में हुई, जो गाजियाबाद का रहने वाला था. वह एमिटी यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन की पढ़ाई कर रहा था. उसका छठ सेमेस्टर चल रहा था. एग्जाम खत्म होने के बाद वह दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया था. इसी दौरान पास में मौजूद पानी से भरे गड्ढे में मौज-मस्ती करने लगा, लेकिन ये मौज-मस्ती हर्षित को भारी पड़ गई. हर्षित को डूबता देख दोस्तों ने बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन बचा नहीं सके. उन्होंने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने हर्षित के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और उसके परिजनों को सूचना दी।

**खुले और असुरक्षित गड्ढों पर उठे सवाल**

इस घटना के बाद नोएडा शहर में एक बार फिर खुले और असुरक्षित गड्ढों को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं. नोएडा की सेक्टर-150 में हुए सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ था कि एक बार फिर गहरे गड्ढे में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई. शहर वासियों का कहना है कि ऐसे गहरे गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है. हादसे के बाद मृतक के परिवार में गहरा दुख का पहाड़ टूट पड़ा है. परिजन सदमे में हैं और पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

## लखनऊ वालों को जाम से मिलेगी राहत, ग्रीन कॉरिडोर से जुड़ेगी सुलतानपुर रोड; 10 लाख लोगों को फायदा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



राजधानी लखनऊ में गोमती नगर विस्तार से अर्जुनगंज की दूरी अब काफी कम होने वाली है. छ्व (लखनऊ विकास प्राधिकरण) के तहत निर्माणाधीन ग्रीन कॉरिडोर को सुलतानपुर रोड से जोड़ने के लिए 4-लेन सड़क का निर्माण शुरू होने जा रहा है. इस परियोजना पर करीब 33 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे. इससे लगभग 10 लाख की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा।

LDA उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने स्थल का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए. उन्होंने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर के तीसरे चरण में पिपराघाट से शहीद पथ के बीच बंधा, सड़क, फ्लाईओवर और ब्रिज का काम तेजी से चल रहा है. अब इस रूट को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए आर्मी लैंड से मरी माता मंदिर तक 1800 मीटर लंबी 4-लेन सड़क बनाई जाएगी।

**ट्रैफिक की भीड़ कम होगी**

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. जल्द ही कार्यदायी एजेंसी को साइट सौंप दी जाएगी. इस नई सड़क के बनने से पुलिस मुख्यालय, ओमैक्स सिटी, इमार टाउनशिप समेत गोमती नगर विस्तार के हजारों वाहन चालकों को अर्जुनगंज की ओर जाना आसान हो जाएगा. ट्रैफिक की भीड़ कम होगी और यात्रा का समय बचेगा।

**15 जून तक पूरा होगा डालीगंज फ्लाईओवर**

निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने ग्रीन कॉरिडोर के दूसरे महत्वपूर्ण हिस्से पक्का पुल से डालीगंज के बीच बन रहे 1.5 किलोमीटर लंबे आरओबी (रेल ओवर ब्रिज)/फ्लाईओवर का भी जायजा लिया. अधिकारियों ने बताया कि रेलवे से एनओसी मिल चुकी है। प्रथमेश कुमार ने सख्ती से कहा कि 15 जून तक यह काम पूरा कर कनेक्टिविटी सुनिश्चित कर दी जाए।

**इन नए रास्तों का फायदा उठा सकेंगे लोग**

आरओबी के चालू होते ही खदरा, सीतापुर रोड, चौक, हुसैनाबाद और बसंतकुंज इलाकों की बड़ी आबादी को राहत मिलेगी रोजाना हजारों लोग इस नए रास्ते का फायदा उठा सकेंगे. ग्रीन कॉरिडोर लखनऊ की यातायात व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में LDA की महत्वाकांक्षी परियोजना है। सुलतानपुर रोड कनेक्टिविटी के बाद यह कॉरिडोर शहर के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों को बेहतर तरीके से जोड़ेगा। LDA के इस कदम से न सिर्फ ट्रैफिक जाम कम होगा, बल्कि आसपास के इलाकों में विकास को भी नई गति मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस अधीक्षक अमेठी में किया शुकुल बाजार थाने का वार्षिक निरीक्षण



**एसपी ने सराही व्यवस्था व स्वच्छता**

**अमेठी।** जनपद के शुकुल बाजार थाने का वार्षिक निरीक्षण सरवणन टी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अमेठी ने अभिलेखों के बेहतर रखरखाव और परिसर की उत्कृष्ट स्वच्छता की सराहना की। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि थाना स्तर पर पारदर्शिता, अनुशासन और जवाबदेही बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, जिससे आम जनता का विश्वास और मजबूत हो सके। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, फरियादियों से संवेदनशील व्यवहार तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश भी दिए।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने कहा कि थाने की साफ-सफाई और अभिलेखों का सुव्यवस्थित होना बेहतर पुलिसिंग का आधार है, जो कार्यक्षमता को बढ़ाता है और जनता को सकारात्मक संदेश देता है।वहीं क्षेत्रवासियों ने भी पुलिस प्रशासन की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि जब से सरवणन टी ने जनपद की कमान संभाली है, तब से अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगा है। आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ा है।यह निरीक्षण पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### संदिग्ध हालात में 10 गैस सिलेंडर बरामद, चालक मौके से फरार



**बलरामपुर।** धर्मपुर स्थित गैस गोदाम के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने एक ई-रिक्शा पर लदे 10 गैस सिलेंडरों (9 भरे, 1 खाली) को संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान ई-रिक्शा चालक सिलेंडर छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिससे मामले ने गंभीर रूप ले लिया।

घटना बुधवार सुबह लगभग 11 बजे की है, जब गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने पहुंचे ग्रामीणों की नजर ई-रिक्शा पर पड़ी। शक होने पर ग्रामीणों ने उसे रोककर पूछताछ करने की कोशिश की, लेकिन चालक मौके से भाग निकला। इसके बाद तत्काल मामले की सूचना जिला पूर्ति अधिकारी को दी गई।

सूचना पर पहुंचे पूर्ति निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर सिलेंडरों के संबंध में जानकारी जुटानी शुरू की, लेकिन किसी भी व्यक्ति ने सिलेंडरों पर अपना दावा नहीं किया। इसके बाद सभी सिलेंडरों को विधिवत लिखापढ़ी कर राप्ती गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में दे दिया गया। जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेंदु ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। पूर्ति निरीक्षक अनिल कुमार और वीरेंद्र कुमार को पूरे प्रकरण की जांच सौंपी गई है। पूर्ति निरीक्षक के अनुसार, फरार ई-रिक्शा चालक की पहचान और सिलेंडरों के स्रोत की जानकारी जुटाई जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा।

### नवागढ़ में अर्चना अरनाथ महामंडल विधान सम्पन्न

**ललितपुर।** प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में पं.गुलाबचंद पुष्प द्वारा अन्वेषित मनोकामना पूर्ण अतिशयकारी अरनाथ स्वामी के चरणों में अरनाथ महामण्डल विधान विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा, पूजन भक्तिभाव से किया गया। प्रचारमंत्री ने बताया कि सुबह की बेला में भगवान अरनाथ स्वामी का अभिषेक शांतिधारा की गयी। विधि विधान ब्रह्मचारी जय निशान्त के निर्देशन में सम्पन हुआ। नवागढ़ गुरुकुलम का निरीक्षण अनुपमा जैन जो लगातार नवागढ़ गुरुकुलम की देखरेख कर रही हैं। उन्होंने नमन जैन एवं अस्मिता के साथ बच्चों की परीक्षा कापियों का निरीक्षण किया। उनके पढ़ाई के स्तर का आकलन किया एवं आगामी संचालित होने वाले सत्र के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये।

# निजी स्कूलों पर सख्ती: मनमानी शुल्क वसूली पर प्रशासन का शिकंजा, नियम उल्लंघन पर होगी कठोर कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंड:-** लातेहार जिले में निजी विद्यालयों की कार्यप्रणाली को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, जवाबदेह एवं विद्यार्थी हितैषी बनाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि शिक्षा केवल व्यवसाय का माध्यम न होकर सामाजिक दायित्व है, अतः सभी निजी विद्यालयों को निर्धारित सरकारी मानकों का कठोरता से पालन करना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यार्थियों के समग्र विकास, अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना विद्यालयों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

**अवैध शुल्क वसूली पर सख्त निर्देश**

प्रशासन ने मनमानी फीस वसूली को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की अतिरिक्त या अनधिकृत शुल्क वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विद्यालयों को अनिवार्य रूप से शुल्क समिति का गठन कर 10 अप्रैल तक इसकी सूचना प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। समयसीमा की अवहेलना करने वाले संस्थानों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**अभिभावकों की शिकायतों के लिए व्यवस्था**

अभिभावकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रत्येक विद्यालय में 'जन सेतु पोर्टल' का हेल्पलाइन नंबर 6287399707 प्रमुखता से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि एक ही छात्र का दो विद्यालयों में नामांकन पाए जाने पर संबंधित संस्थान के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**परिवहन एवं सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान**

विद्यालय परिवहन व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन सतर्क दिखाई दिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि किसी भी वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाया जाए तथा सभी सुरक्षा मानकों–जैसे फिटनेस, ड्राइवर की वैधता एवं सुरक्षा उपकरण–का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। इसके अतिरिक्त विद्यालय परिसरों में अग्नि सुरक्षा तथा स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

**शैक्षणिक पोर्टलों पर पारदर्शिता अनिवार्य**

उपायुक्त ने यू-डायस (UDISE) सहित अन्य शैक्षणिक पोर्टलों पर समय पर डेटा अपलोड करने, प्रत्येक छात्र का आईडी जनरेट करने तथा विद्यालय प्रबंधन में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि री-एडमिशन के नाम पर किसी भी प्रकार की अतिरिक्त राशि वसूलना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

**अभिभावकों से सहयोग की अपील**

प्रशासन ने अभिभावकों से भी सक्रिय सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपील की कि यदि उनसे किसी प्रकार का अनावश्यक शुल्क मांगा जाता है, तो वे तत्काल इसकी सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू, जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित जिले के सभी निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, 30 लोगों ने किया रक्तदान




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:-** थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों की मदद के उद्देश्य से 7 अप्रैल को वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर मानवता की मिसाल पेश की। शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के महासचिव विनीत छाबड़ा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत नियमित रक्तदाता राजेश जैन (पिंटू) और योगेश जैन द्वारा रक्तदान कर की गई। इसके बाद रविंद्र कुमार महतो, देवेंद्र कुमार, अजहरुद्दीन, राहुल राणा, जुनैद अली, राजू कुमार, मोहम्मद रफीक, विकास कुमार, सनी कुमार, अभिषेक, रोशन राणा, सुनील पांडे सहित कुल 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए सहयोग प्रदान किया। रक्तदान के पश्चात एसोसिएशन के अध्यक्ष, जिन्हें ब्लड मैन के नाम से जाना जाता है, निर्मल जैन ने सभी रक्तदाताओं के इस नेक कार्य की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। निर्मल जैन ने यह भी बताया कि एकत्रित रक्त की जांच रांची में की जाती है और रिपोर्ट आने के बाद ही मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया जाता है। इस प्रक्रिया में समय लगने के कारण कई बार मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि हजारीबाग में ही रक्त जांच की मशीन लगाई जाए, ताकि समय पर जरूरतमंदों को रक्त मिल सके। शिविर को सफल बनाने में एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, महासचिव विनीत छाबड़ा, कोषाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, जनसंपर्क सचिव राजेश सेठी, रजत जैन सहित मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों, तकनीशियनों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

### छूट प्रजाति की आड़ में हरियाली पर कुल्हाड़ी, गांव-गांव सक्रिय वन माफिया

**तालबेहट।** तहसील क्षेत्र के गांवों में इन दिनों वन माफिया बेखौफ होकर हरियाली पर कुल्हाड़ी चला रहे हैं। आरोप है कि छूट प्रजाति के नाम पर किसानों के खेतों से पेड़ों की खरीद कर अवैध कटान कराया जा रहा है, जबकि हकीकत में प्रतिबंधित प्रजातियों तक को नहीं बख्शा जा रहा।

जानकारी के अनुसार माफिया ने गांवों के दबंग लोगों को दलाल बनाकर अपना नेटवर्क तैयार कर लिया है, जो किसानों को लालच देकर पेड़ों की खरीद कराते हैं। इसके बाद प्रतिदिन बड़े पैमाने पर कटान किया जा रहा है। छूट प्रजाति जैसे चिरौल, नल, सेमर, यूकेलिप्टस और जामुन की आड़ में अर्जुन, खैर, शीशम और नीम जैसे बहुमूल्य पेड़ों को भी काटा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बाहरी जिलों कानपुर, कन्नौज व यमुनानगर के कारोबारी इस अवैध कारोबार में सक्रिय हैं। इतना ही नहीं, वन विभाग के जिम्मेदारों की मिलीभगत के भी आरोप लगाए जा रहे हैं, जिसके चलते वनकर्मियों की मौजूदगी में ही कटान का खेल जारी है। तहसील क्षेत्र के पिपरई, कडेसराकलां, सुनौरी टौरिया, थानागांव, पारा, रामपुर, सेरवास, बरीखुर्द, बिजरौठा, मऊ, खैरी सहित पूराकलां क्षेत्र के नत्थिखेड़ा, कंधारी कलां, उगरपुर, गेवरा गुंदेरा, चुरावनी, सारसेड व बलरगुंवा जैसे गांवों में यह अवैध कटान तेजी से फैल रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि क्षेत्र में हो रहे जंगलों के सफाए पर रोक लग सके।

# नारायणपुर में गुरु गोष्ठी का हुआ आयोजन, शिक्षकों को अनुशासन व एचपीवी टीकाकरण पर दिए गए अहम निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड:-** नारायणपुर प्रखंड के टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, अनुशासन बनाए रखने तथा स्वास्थ्य जागरूकता को विद्यालय स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने पर विस्तार से चर्चा की गई। गुरु गोष्ठी को संबोधित करते हुए बीडी सर्किल मरांडी ने शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप विद्यालयों का संचालन सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से विद्यालयों में अनुशासन के स्तर को बेहतर बनाने और नियमित रूप से आवश्यक प्रतिवेदन (रिपोर्ट) समय पर कार्यालय में जमा करने पर बल दिया।

**एचपीवी टीकाकरण पर विशेष जागरूकता**

बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के बीपीएम अखिलेश प्रसाद सिंह एवं चिकित्सक डॉ. अरनव चक्रवर्ती ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड सरकार के निर्देशानुसार संचालित एचपीवी (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी का टीका दिया जा रहा है, जिससे सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) से प्रभावी बचाव संभव है। इस अभियान की सफलता के लिए विद्यालयों में पढ़ने वाली सभी पात्र किशोरियों का टीकाकरण सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शिक्षकों से अपील की कि वे छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को इस टीकाकरण के प्रति जागरूक करें तथा सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र किशोरी इस महत्वपूर्ण टीके से वंचित न रहे।

**समन्वय और सहभागिता पर जोर**

गुरु गोष्ठी में शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के बीच समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया गया, ताकि विद्यार्थियों के समग्र विकास के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर बीपीओ अनामिका हांसदा सहित क्षेत्र के अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# सांसद मनीष जायसवाल ने दिव्यांग उपेंद्र पांडेय को दी नई गति, बैटरी चालित ट्राई-साइकिल भेंट कर पेश की संवेदनशीलता की मिसाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर रेखांकित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने पदमा प्रखंड के ग्राम सरैया निवासी दिव्यांग उपेंद्र पांडेय को बैटरी चालित ट्राई-साइकिल भेंट कर उनके जीवन में नई उम्मीद का संचार किया।सदर विधानसभा अंतर्गत कटकमसांडी प्रखंड के व्यापक दौरे और विभिन्न शोकाकुल परिवारों से मुलाकात के उपरांत जैसे ही सांसद अपने हजारीबाग स्थित सेवा कार्यालय लौटे, उन्होंने तत्परता दिखाते हुए पदमा प्रखंड के जरूरतमंद उपेंद्र पांडेय की सहायता कर मानवीय संवेदना का परिचय दिया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि राजनीति उनके लिए केवल एक पद या शक्ति का साधन नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुँचाने का माध्यम है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शारीरिक अक्षमता को पूर्णतः समाप्त करना संभव नहीं है, किंतु आधुनिक तकनीक और संसाधनों के माध्यम से दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम और आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उपेंद्र पांडेय, जो पिछले कुछ समय से पैरालिसिस (लकवा) के कारण गंभीर दिव्यांगता से जूझ रहे थे, उनके लिए यह ट्राई-साइकिल किसी वरदान से कम नहीं है। अब तक घर की चारदीवारी में सीमित रहने को विवश पांडेय इस साधन के माध्यम से अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु स्वतंत्र रूप से आवागमन कर सकेंगे। ट्राई-साइकिल प्राप्त करने के पश्चात उनके चेहरे पर झलकी खुशी ने इस पहल की सार्थकता को स्पष्ट रूप से दर्शाया। यह पहल न केवल एक व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन का माध्यम बनी, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशील शासन-प्रशासन की भूमिका को भी उजागर करती है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, पदमा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि अजय मेहता, उप प्रमुख सत्येंद्र राणा, सांसद सारथी महेंद्र पांडेय तथा मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चंदवा में चरमराई गैस वितरण व्यवस्था, ऑनलाइन बुकिंग के बाद भी उपभोक्ता दर-दर भटकने को मजबूर







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंड:-** चंदवा प्रखंड क्षेत्र में रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर सोमवार को अव्यवस्था की स्थिति देखने को मिली। गैस एजेंसी की लचर व्यवस्था के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गैरेज लेन स्थित एजेंसी कार्यालय और गोदाम परिसर में उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लगी रहीं, जिससे पूरे दिन अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थिति यह रही कि ऑनलाइन बुकिंग और भुगतान करने के बावजूद उपभोक्ताओं को घर तक गैस सिलेंडर की डिलीवरी नहीं मिल रही है। मजबूरन लोगों को पासबुक लेकर एजेंसी कार्यालय पहुंचना पड़ा, जहां पासबुक जमा कराने के बाद उन्हें सिलेंडर लेने के लिए गोदाम भेज दिया गया। इससे गोदाम परिसर में भारी भीड़ उमड़ पड़ी और अव्यवस्था की स्थिति और भी गंभीर हो गई।

उपभोक्ताओं ने एजेंसी प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि जानबूझकर होम डिलीवरी नहीं की जा रही है, ताकि डिलीवरी खर्च बचाया जा सके। लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से आम जनता को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो गोदाम में बढ़ती भीड़ और अव्यवस्था के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व भी इसी तरह की स्थिति उत्पन्न हुई थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए अंचलाधिकारी ने गोदाम का निरीक्षण कर एजेंसी संचालक को कड़ी फटकार लगाई थी और स्पष्ट निर्देश दिया था कि गोदाम से सिलेंडर वितरण गैरकानूनी है तथा हर हाल में घर-घर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं होने से उपभोक्ताओं में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या ठोस कदम उठाता है।

### ललितपुर रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**ललितपुर।** जीआरपी पुलिस ने सोमवार तड़के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2/3 से एक युवक को अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में रसभरी ब्रांड के 20 टेट्रा पाउच बरामद किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, सोमवार रात्रि करीब 1.51 बजे उपनिरीक्षक राजेश सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति थैले में अवैध शराब लेकर प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर बीना एंड की ओर जाने की फिराक में खड़ा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे आवश्यक बल प्रयोग कर प्लेटफॉर्म 2/3 पर लगे एसएनटी बॉक्स के पास पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक का नाम नेहरू नगर निवासी सोनू रैकवार बताया गया है। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद थैले से 20 टेट्रा पाउच (प्रत्येक 200 मिली) अवैध देशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह इन पाउच को ऊंचे दामों पर बेचने के लिए ले जा रहा था। जीआरपी पुलिस ने आरोपी सोनू रैकवार के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।


## कार्यालय-ग्राम पंचायत सेमरी वि.खं. बर्डपुर, सिद्धार्थनगर

**पत्रांक: मेमो/निविदा/सामग्री/2026-27**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सेमरी द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना ( VB- G RAMG )/पन्द्रहवां वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन एस.एल.डब्ल्यू.एम. सांसद/विधायक /एम.एल.सी निधि आदि योजना अंतर्गत वर्ष 2026-2027 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (प्रथम श्रेणी ईट, सीमेण्ट ईट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, सरिया, पैंट, साइनबोर्ड, हयूमपाइप, स्ट्रीट लाईट, सफाई सामग्री, ठेला, सादा बालू मोरंग, कुढ़ापात्र, प्लास्टिक बैंक, ई-रिक्शा, साइकिल, ई-रिक्शा मरम्मत, स्वच्छता किट, इन्सीनीरेटर आदि एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। इस निमित निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक. 21-04-2026 को 11.00 बजे तक आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म रूपयां 100.00 रु. स्टाम्प पेपर तथा वांक्षित प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय स्थान ग्राम पंचायत सेमरी निविदा बाक्स में डाला जाएगा। निविदा उसी दिन 01.00 बजे निविदाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

1. अधिकृत फर्म/अधिकृतं डीलर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है 03 वर्ष का आयकर क्लियरेंश संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जी.एस.टी. तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर ही दरें प्रस्तुत की जाय।
3. आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2.28 प्रतिशत आयकर / टीडीएस देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगी। पी. डब्लू डी के समयानुसार तय दर पर ही भुगतान की जाएगी।
5. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, टीए, अवर अभियन्ता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
6. धरोहर की धनराशि मु. 5000.00 (पांच हजार) है।
7. धरोहर की राशि राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडीआर/एनएसेंसी एवं डाकघर के बचत पत्र जो सचिव ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो की। मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8.निविदा स्वीकृत होने के उपरांत ग्राम प्रधान / सचिव ग्राम पचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9. आदेश देने के सात दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जप्त कर ली जाएगी,
10. सामग्री की आपूर्ति स्वीकृतदर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी,
11.सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान का. इंजिनियर/अवर अभियन्ता (ग्रा.अभि.वि ) / तक. सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर भुगतान नहीं की जायेगा।
13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपंत्र 100.00 रुपये है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।
15. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान सचिव ग्राम पंचायत के पास होगा।
16. निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत सेमरी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
17. जिस कार्य कि निविदा पृथक से निकाली जाएगी उस कार्य पर इस निविदां की शर्ते लागू नहीं होगी।

विशाल सिंह
ग्रा.पं .अ./सचिव
ग्राम पंचायत सेमरी
विकास खण्ड , सिद्धार्थनगर

माया देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सेमरी
विकास खण्ड-बर्डपुर, सिद्धार्थनगर

## कार्यालय-ग्राम पंचायत खैराटी वि.खं. बर्डपुर, सिद्धार्थनगर

**पत्रांक: मेमो/निविदा/सामग्री/2026-27**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत खैराटी द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना ( VB- G RAMG )/पन्द्रहवां वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन एस.एल.डब्ल्यू.एम. सांसद/विधायक /एम.एल.सी निधि आदि योजना अंतर्गत वर्ष 2026-2027 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (प्रथम श्रेणी ईट, सीमेण्ट ईट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, सरिया, पैंट, साइनबोर्ड, हयूमपाइप, स्ट्रीट लाईट, सफाई सामग्री, ठेला, सादा बालू मोरंग, कुढ़ापात्र, प्लास्टिक बैंक, ई-रिक्शा, साइकिल, ई-रिक्शा मरम्मत, स्वच्छता किट, इन्सीनीरेटर आदि एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। इस निमित निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक. 22-04-2026 को 10.00 बजे तक आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म रूपयां 100.00 रु. स्टाम्प पेपर तथा वांक्षित प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय स्थान ग्राम पंचायत खैराटी निविदा बाक्स में डाला जाएगा। निविदा उसी दिन 11.00 बजे निविदाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

1. अधिकृत फर्म/अधिकृतं डीलर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है 03 वर्ष का आयकर क्लियरेंश संलग्न करना अनिवार्य है,
2. जी.एस.टी. तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर ही दरें प्रस्तुत की जाय।
3. आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2.28 प्रतिशत आयकर / टीडीएस देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगी। पी. डब्लू डी के समयानुसार तय दर पर ही भुगतान की जाएगी।
5. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, टीए, अवर अभियन्ता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
6. धरोहर की धनराशि मु. 5000.00 (पांच हजार) है।
7. धरोहर की राशि राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडीआर/एनएसेंसी एवं डाकघर के बचत पत्र जो सचिव ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो की। मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8.निविदा स्वीकृत होने के उपरांत ग्राम प्रधान / सचिव ग्राम पचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9. आदेश देने के सात दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जप्त कर ली जाएगी,
10. सामग्री की आपूर्ति स्वीकृतदर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी,
11.सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान का. इंजिनियर/अवर अभियन्ता (ग्रा.अभि.वि ) / तक. सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर भुगतान नहीं की जायेगा।
13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपंत्र 100.00 रुपये है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।
15. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान सचिव ग्राम पंचायत के पास होगा।
16. निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत खैराटी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
17. जिस कार्य कि निविदा पृथक से निकाली जाएगी उस कार्य पर इस निविदां की शर्ते लागू नहीं होगी।

विशाल सिंह
ग्रा.पं .अ./सचिव
ग्राम पंचायत खैराटी,
विकास खण्ड, सिद्धार्थनगर

ओम प्रकाश
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खैराटी
विकास खण्ड-बर्डपुर,सिद्धार्थनगर

## संक्षिप्त खबरें

### रुद्रपुर में रोजगार मेले का आयोजन, 327 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन

**रूद्रपुर, देवरिया।** जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया एवं राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को रामजी सहाय पीजी कॉलेज, रुद्रपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ पूर्वाह्न 10 बजे हुआ। रोजगार मेले में प्रधानाचार्य बृजेश कुमार पाण्डेय, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के प्रबंधक कुमार रोहित, प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा तथा धीरज कुमार मद्धेशिया सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य एवं प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने चयनित अभ्यर्थियों को प्रारंभिक चयन प्रमाण पत्र प्रदान किए। मेले में अपराह्न 3 बजे तक कुल 545 रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 327 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में प्रारंभिक चयन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सेवायोजन कार्यालय एवं एनएसआईसी देवरिया के कार्मिकों सिद्दीकी, हिमांशु, आनंद मणि त्रिपाठी आदि का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एवं प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी तथा अन्य अभ्यर्थियों को निराश न होकर सतत प्रयास एवं परिश्रम के माध्यम से सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया।

### कप्तानगंज सीएचसी में ट्रूनॉट साइट का उद्घाटन, टीबी जांच हुई आसान



**बस्ती।** बस्ती जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज में टीबी मरीजों की जांच को और अधिक सुलभ एवं तेज बनाने के उद्देश्य से ट्रूनॉट साइट का उद्घाटन किया गया। इस नई सुविधा का उद्घाटन अधीक्षक डॉ. अनूप कुमार शास्त्री द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान एलटी अंकित सिंह ने मशीन इंसटाल कर एलटी को प्रशिक्षण दिया और ट्रूनॉट मशीन के महत्व और इससे होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। अधीक्षक डॉ. अनूप कुमार शास्त्री ने कहा कि ट्रूनॉट तकनीक के शुरू होने से टीबी की जांच अब पहले से अधिक तेज और सटीक हो जाएगी। इससे मरीजों को समय पर सही उपचार मिल सकेगा और टीबी उन्मूलन अभियान को भी मजबूती मिलेगी। इस नई व्यवस्था से क्षेत्र के लोगों को अब टीबी जांच के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। एसटीएलएस संजय कुमार पांडेय ने बताया कि अब क्षेत्र के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से संभावित क्षय रोग (टीबी) के मरीजों का बलगम सैंपल स्पुटम ट्रांसपोर्टर के माध्यम से मंगाकर सीएचसी पर जांच की जाएगी। साथ ही, केंद्र पर आने वाले मरीजों की भी तत्काल जांच कर उन्हें चिन्हित किया जाएगा, जिससे समय पर इलाज शुरू हो सके और मरीजों को अनावश्यक परेशानी से राहत मिले।इस दौरान एसटीएस गिरीश गुप्ता, एलटी बच्चू लाल, लव कुमार, राहुल, मुकेश मणि त्रिपाठी, विजय वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### 82 लाख की लागत से बनेगी पनयारा- चमरसेना मार्ग की सड़क



**विधायक के प्रस्ताव पर शासन ने जारी की मंजूरी**

**कोंच(जालौन)-** माधोगढ़ विधानसभा में कोंच ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पनयारा-चमरसेना के बीच 2.63 किमी दूरी के संपर्क मार्ग की जर्जर हालत में पड़ी सड़क के दिन अब बहुरने वाले हैं, क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन के प्रस्ताव पर शासन द्वारा नए सिरे से सड़क निर्माण कार्य को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। विधायक ने जानकारी देते हुए बताया है कि यह सड़क काफी दिनों से जर्जर अवस्था में पड़ी हुई थी, ग्रामीणों की आवागमन में खासकर बारिश के दिनों में कठिनाई का सामना करना पड़ता था। विधानसभा क्षेत्र में नए सिरे से बन चुकी अधिकांश सड़कों की तरह इस सड़क का भी नया निर्माण हो सके इसके लिए उन्होंने शासन को प्रस्ताव भेजा था जिस पर शासन ने मंजूरी प्रदान कर दी है। कुल 82.10 लाख रुपए की लागत से शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य आरंभ कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि थोड़े बहुत जो संपर्क मार्ग नए बनने से बाकी रह गए हैं, प्राथमिकता के आधार पर जल्द ही कार्यवाही की जाएगी। उधर, सड़क निर्माण की मंजूरी मिलने पर उक्त दोनों गांवों के ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक को धन्यवाद देते हुए उनका आभार जताया है।

# दोस्तों ने किशोर की हत्या कर शव दफनाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**माधौगढ़(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र के रुद्रपुरा गांव में दोस्ती को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां दो दोस्तों ने मिलकर एक 17 वर्षीय किशोर की हत्या कर दी और शव को बोरी में बंद कर पशुबाड़े में मिट्टी के नीचे दफना दिया। किशोर 25 मार्च से लापता था, जिसकी तलाश परिजन लगातार कर रहे थे। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल के आधार पर मामले का खुलासा किया।

जानकारी के अनुसार, माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के रुद्रपुरा गांव निवासी परमाल सिंह का 17 वर्षीय बेटा कमल प्रताप सिंह उर्फ कुक्के 25 मार्च को घर से यह कहकर निकला था कि वह अपने दोस्तों तेज प्रताप और रोहित के घर जा रहा है। लेकिन इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। जब कई दिनों तक किशोर का कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने 27 मार्च को माधौगढ़ कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने किशोर के मोबाइल फोन की लोकेशन और कॉल डिटेल खंगाली। इसमें पता चला कि आखिरी बार उसकी बातचीत उसके दोस्तों तेज प्रताप और रोहित से हुई थी। इसके बाद पुलिस का शक दोनों पर गहरा गया। मंगलवार रात पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने हत्या की बात कबूल कर ली। उन्होंने बताया कि हत्या के बाद शव को बोरी में बंद कर रोहित के घर स्थित पशु बाड़े में मिट्टी के नीचे दफना दिया था। आरोपियों की निशानदेही पर बुधवार सुबह पुलिस टीम रोहित के घर पहुंची। वहां पशुबाड़े की मिट्टी हटवाई गई। कुछ ही देर में मिट्टी के नीचे बोरी में बंद किशोर का शव बरामद कर लिया गया। शव मिलने की सूचना पर इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोर की हत्या की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि हत्या सुनियोजित तरीके से की गई है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और न्याय की मांग की है।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि 27 मार्च को परमाल सिंह ने अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 8 अप्रैल को सूचना मिली कि लापता किशोर का शव रोहित पुत्र नाथूराम के पशु बाड़े में मिट्टी के नीचे दबा है। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके से साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। कुछ महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं और जल्द ही पूरे मामले का सफल अनावरण किया जाएगा। फिलहाल पुलिस हत्या के पीछे की वजह का पता लगाने में जुटी है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को दिया गया अग्नि शमन प्रशिक्षण

**● सीआईएसएफ अग्नि शमन विभाग के उपनिरीक्षक फायर परमजीत सिंह के तत्वाधान में जन जागरुकता अभियान का आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बीजपुर/ सोनभद्र –** डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, रिहंदनगर में सीआईएसएफ अग्नि शमन विभाग के उपनिरीक्षक फायर परमजीत सिंह, हेड कांस्टेबल फायर अशोक कुमार, कांस्टेबल फायर के सी बेहरा एवं कांस्टेबल डीसीपीओ भूप सिंह ने विद्यार्थियों को अग्नि शमन सुरक्षा के विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने अग्नि शमन के विभिन्न उपकरणों को चलाने का व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया। फायर इंस्टिंग्यूश के संचालन में छात्रों के साथ-साथ छात्राओं ने भी भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से स्वयं फायर इंस्टिंग्यूश से जलती अग्नि को बुझाने का काम किया। उपनिरीक्षक परमजीत सिंह ने फायर के चार प्रकार ए,बी,सी एवं डी को बुझाने के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरणों के इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा घास-फूस में आग लगने पर पानी वाले उपकरण का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इसी तरह अन्य प्रकार की अग्नि को बुझाने के लिए दूसरे उपकरणों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। तत्पश्चात विभिन्न प्रकार के आग को बुझाने का तरीका बताया। उदाहरण स्वरुप खरपतवार, पेट्रोल, मिट्टी तेल, एलपीजी गैस, इलेक्ट्रिक आदि से लगने वाली आग को बुझाने के अलग-अलग तरीकों के अपनाने का व्यवहारिक ज्ञान दिया। इस प्रशिक्षण में एनसीसी कैडेट्स अंजली सिंह, खुशबू, अथर्व प्रताप सिंह, अभय मिश्रा, ध्रुव वत्स के साथ प्रकृति श्रीवास्तव, रितांशु गुप्ता, मोहित, प्रतीक, आयुष सेठ, सूरज, लव कुमार, आशीष, ऋषि शर्मा, अदिति यादव, अल्फिया, खुशबू पाल, समृद्धि सिंह, मो0आबीर, अरशद रजा, नुमान अख्तर आदि विद्यार्थियों ने विशेष रूप से प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थी शामिल रहे। अंत में प्राचार्य राजकुमार ने सीआईएसएफ से आए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ आर के झा के साथ पूरा विद्यालय परिवार कार्यक्रम में शामिल रहा।

## जनगणना-2027 के प्रथम चरण हेतु राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से हुआ आयोजन, 22 मई से जनगणना होगी प्रारम्भ

**●जनगणना कन्ट्रोल रूम में सभी आवश्यक व्यवस्थाये सुनिश्चित करने के दिये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश –**जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण हेतु राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आज एन0आई0सी0 में किया गया। उन्होने कहा कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जनपद सोनभद्र में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य दिनांक 22 मई, 2026 से प्रारम्भ होकर 20 जून, 2026 तक सम्पन्न कराया जाना है। उक्त कार्य के सफल संचालन हेतु राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। प्रशिक्षण सम्मेलन में महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त मृत्युजंय कुमार नारायण व निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश श्रीमती शीतल वर्मा द्वारा प्रदेश में संचालित जनगणना कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने जनगणना की समस्त प्रक्रिया, समय-सीमा एवं कार्य निष्पादन की पद्धति पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कार्य को शुद्धता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराने पर बल दिया। जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना-2026 में मई माह से प्रारम्भ होगी,पहली बार जनपद स्तर पर स्व-गणना की व्यवस्था लागू की गई है।

इसके अंतर्गत निवासी स्वयं अपने घर एवं परिवार से संबंधित 34 प्रश्नों का उत्तर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भरकर प्रस्तुत कर सकेंगे। यह स्व-गणना प्रक्रिया एच0एल0ओ0 प्रक्रिया प्रारम्भ होने के 15 दिन पूर्व, दिनांक 07 मई, 2026 से 21 मई, 2026 तक संचालित की जाएगी। स्व-गणना प्रक्रिया का क्रियान्वयन जनपद में मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन एवं जिला पंचायतराज अधिकारी की देखरेख में कराया जाएगा। जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता करते हुए सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराये, इस दौरान जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित जनगणना कन्ट्रोल रूम कक्ष का किया निरीक्षण । निरीक्षण के दौरान उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी मूलभूत आवश्यक व्यवस्थायें उपलब्ध करायी जाये। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट उत्कर्ष द्विवेदी, अर्थ एव संख्या अधिकारी संता पाल वर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल नाजिर कलेक्ट्रेट बाबूलाल, जिला प्रभारी जनगणना प्रियासा सिंह, ई0डी0एम0 दिव्यतोष मिश्रा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निजामूद्दीन सहित अन्य सम्बन्धिगण उपस्थित रहे।

## न्यायालय ने दिया पनौरा के शिक्षामित्र संतोष यादव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**●- विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र की कोर्ट ने प्रभारी निरीक्षक मांची को सीओ से विवेचना कराने व परिणाम से अवगत कराने का दिया आदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश –**करीब 5 माह पूर्व पनौरा के शिक्षामित्र संतोष यादव द्वारा आदिवासी महिला को भगाकर अपने पास रखने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने प्रभारी निरीक्षक मांची को एफआईआर दर्ज करने व सीओ से मामले की विवेचना कराने के साथ ही परिणाम से न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया है। यह आदेश मांची थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 48 वर्षीय आदिवासी व्यक्ति द्वारा अधिवक्ता नरेंद्र प्रताप सिंह के जरिए दाखिल 173(4) बीएनएसएस प्रार्थना पत्र पर दिया गया है। दिए प्रार्थना पत्र में आदिवासी व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 4 नवंबर 2025 को उसकी 45 वर्षीय पत्नी अचानक गायब हो गई। जिसे हर संभावित जगह तलाश की गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।इसीबीच 20 नवंबर 2025 को मांची थाना क्षेत्र के पल्हारी गांव निवासी संतोष यादव पुत्र रामदुलारे जो पनौरा में शिक्षामित्र है की पत्नी व गांव घर के लोगों ने बताया कि उसकी पत्नी को शिक्षामित्र संतोष यादव भगाकर ले गया है। इसकी जानकारी होने पर 21 नवंबर 2025 को शिक्षामित्र संतोष यादव से पनौरा विद्यालय पर जाकर मिला।जब अपनी पत्नी के बारे में पूछताछ करने लगा तो उसका हाथ पकड़ कर विद्यालय के बाहर ले आया और जाति सूचक शब्दों से गाली देते हुए पटक दिया, जिससे उसे चोट लग गई। उसने यह धमकी दिया कि अगर ज्यादा चिल्लाओगे तो तुम्हें जान से मरवाकर फेंकवा दूंगा तथा तुम्हारी पत्नी को राजस्थान वालों को बेच दूंगा। राहगीरों ने घटना को देखा और बीच बचाव किया। घटना की सूचना पनौरा चौकी पर उसी दिन दिया, लेकिन पुलिस ने मांची थाने पर जाने को कहा। मांची थाने के दीवान ने कहा कि कोर्ट से आदेश कराओ तब शिक्षामित्र संतोष यादव को पकड़ेंगे। 24 नवंबर 2025 को घटना की सूचना एसपी सोनभद्र को रजिस्टर्ड डाक से भेजा, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब मजबूर होकर न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया गया है।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने अधिवक्ता नरेंद्र प्रताप सिंह के तर्कों को सुनने एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर गम्भीर प्रकृति का अपराध मानते हुए पुलिस द्वारा विवेचना कराया जाना आवश्यक मानते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार कर लिया। साथ ही प्रभारी निरीक्षक मांची को पनौरा के शिक्षामित्र संतोष यादव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के साथ ही सीओ से विवेचना कराने व परिणाम से न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया है।

### स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविरः छात्रों ने सीखी अनुशासन और सेवा का पाठ

**सिद्धार्थनगर-** शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में चल रहे प्रवेश रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रातः श्रमदान के साथ शिविर संचालित हुआ। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अरविंद कुमार सिंह ने दूसरे दिन शिविरार्थियों को रोवर्स रेंजर्स के नियमों उद्देश्यों पर चलने हेतू प्रेरित किया। महाविद्यालय रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ प्रवीण कुमार जी ने टोली विधि के अनुशासन को बनाए रखने हेतु जागरूक करते हुए जीवन में इसके महत्व को बताया।शिविर संचालक जिला संगठन आयुक्त स्काउट अमित कुमार शुक्ल ने दूसरे दिन बुधवार को वी पी सिक्स व्यायाम, स्काउटिंग के सेन्स, गेम,पायनियरिगं, प्राथमिक सहायता, सीटी संकेत आदि विधाओं की पूर्ण जानकारी दी। सहायक प्रशिक्षक राम शर्मा ने कल होने वाले टेंट निर्माण हेतु पूर्ण अभ्यास कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## पीड़ित किसानों ने लेखपाल पर सर्वे में फसल नुकसान कम होने का लगाया आरोप, सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** तहसील क्षेत्र के ग्राम कुदरा बुजुर्ग और कुदरा खुर्द के किसानों ने गांव के लेखपाल पर फसलों के नुकसान का गलत सर्वे करने का आरोप लगाया है। किसानों का साफ तौर पर कहना है कि हाल ही में हुई भारी ओलावृष्टि से उनकी फसलें 50 से 60 प्रतिशत तक बर्बाद हो गई हैं, लेकिन लेखपाल द्वारा किए गए सर्वे में वास्तविक नुकसान को दर्ज नहीं किया गया। पूरे मामले को लेकर दोनों गांवों के दर्जनों किसानों ने बुधवार को प्रभारी एसडीएम/तहसीलदार वीरेंद्र गुप्ता को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। शिकायती पत्र में किसानों ने बताया कि उनके गांव में हुई ओलावृष्टि से गेहूं, चना, सरसों और मूंग की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानों का आरोप है कि शासन के निर्देश पर दैवीय आपदा के तहत आर्थिक मदद प्रदान किए जाने को लेकर किए गए सर्वे में गांव के लेखपाल द्वारा बहुत कम नुकसान दर्शाया गया है जिससे वह उचित आर्थिक मदद/मुआवजा मिलने से वंचित रह सकते हैं। किसानों ने बताया कि उनकी आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है और फसल बर्बाद होने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। किसानों ने प्रभारी एसडीएम से मांग की है कि मौके पर दोबारा सर्वे कराया जाए और वास्तविक नुकसान का आकलन कर उन्हें आर्थिक मदद दिलाई जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं प्रभारी एसडीएम ने किसानों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन किसानों को दिया है। इस दौरान किसान बृजेंद्र, शैलेन्द्र, अमित, रामरूप, शंकर, कृष्णपाल, हरिमोहन, विश्वनाथ, सुरेंद्र, मंजेश, पर्वत सिंह सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब कालपी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**● मुख्य अतिथि विधान परिषद सभापति ने दिलाई पदाधिकारियों को शपथ**






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कालपी(जालौन)-** डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब तहसील इकाई कालपी का मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम अनुरागी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे विधान परिषद उत्तर प्रदेश के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज को दिशा देने का कार्य करता है उन्होंने भरोसा दिलाया कि पत्रकारों की जो भी समस्याएं आएंगी उनका में अपने स्तर पर समाधान करने को तत्पर रहूंगा।

राम वाटिका सभागार में आयोजित समारोह में कुंवर मानवेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब कालपी इकाई के पदाधिकारी अपने दायित्वों का निष्पक्षता एवं निर्भिता से निर्वाह करने के लिए तत्पर रहें। उन्होंने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में जनता को पत्रकारों से समाज सुधार के लिए बहुत अधिक आशा एवं उम्मीद है। उन्होंने राष्ट्रीय हित में पत्रकारों से अपना योगदान देने का आवाहन किया। पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह जादौन ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। मुख्य वक्ता के रूप में पधारे डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष मनोज राजा ने कहा कि निष्पक्ष लेखनी के लिए पत्रकारों को समय-समय पर कठिनाइयों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने सक्रिय पत्रकारों को मान्यता प्रदान करने तथा पत्रकारों को पेंशन के मुद्दों पर चर्चा करते हुए ध्यान आकर्षित कराया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि पत्रकारों के हितों के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहूंगा। बरकत अंसारी, राज योगिनी रजनी पाल, रामप्रकाश सेंगर, रश्मि पाल, ब्रजभूषण सिंह आदि अतिथियों ने भी विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व सर्वोदय इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। तहसील इकाई के पदाधिकारियों ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनपद के वरिष्ठ पत्रकार, अधिकारी, राजनेता, सामाजिक संगठनों से जुड़े गणमान्य नागरिक भारी संख्या में मौजूद रहे।

**सभापति ने पदाधिकारियों को सत्य निष्ठा की दिलाई शपथ**

कालपी(जालौन)- विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब तहसील कालपी के अध्यक्ष सलीम अंसारी सहित संरक्षक प्रकाश नारायण द्विवेदी, राजनारायण शुक्ला, रामप्रकाश पुरवार, शरद खन्ना, हरमोहन सिंह यादव, अमित यादव, महामंत्री सुरेंद्र राठौर, उपाध्यक्ष राजाबाबू ओमरे, विकास सिंह प्रवक्ता, अजीमुल्ला, पंकज ठाकुर, अंकित गुप्ता, राजकुमार चौरसिया, अमीर हसन, फहीम खान, रविंद्र सिंह, भूपेंद्र विश्वकर्मा, अजहर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, देव पटेल, संतोष राठौर, अजीमुल्ला अंसारी, रहमत खान आदि पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

## फार्मर रजिस्ट्री के विशेष कैम्प में अनुपस्थित लेखपाल को जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण जारी करने के दिये निर्देश

**●फार्मर रजिस्ट्री कैम्प में अनुपस्थित पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी के विरूद्ध होगी कार्यवाही-जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश –**फार्मर रजिस्ट्री हेतु कल ग्राम पंचायत परही में कैम्प का आयोजन किया गया था जिसमें उक्त कैम्प का निरीक्षण उप निदेशक कृषि द्वारा किया गया मैके पर परही ग्राम के लेखपाल कंचन मौर्या अनुपस्थित पायी गयी लेखपाल के अनुपस्थित पाये जाने के खबर को जिलाधिकारी ने संज्ञान में लेकर लेखपाल को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये और कहा कि फार्मर रजिस्ट्री कैम्प में यदि कोई अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, यह शासन की शीर्ष प्राथमिकता वाली योजना है। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि मा0मुख्यमंत्री, जी के निर्देश के क्रम में जनपद के ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री बनाये जाने हेतु विशेष शिविर ग्राम पंचायतों में आयोजित कर कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने हेतु कार्य किया जा रहा है यह अभियान जनपद में दिनांक 06.04.2026 से प्रारम्भ हुआ है जो दिनांक 15.04.2026 तक नामित ग्राम पंचाचत के सचिवालय में फार्मर रजिस्ट्री विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक/ए0 टी0एम0/ बी0टी0एम0, राजस्व विभाग के क्षेत्रीय लेखपाल, पंचायती राज विभाग के पंचायत सहायक, पंचायत सचिव की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पंचायतों में अवशेष कृषको की फार्मर रजिस्ट्री मिशन मोड में बनायी जा रही है, सम्बंधित ग्राम प्रधान तथा कोटेदार द्वारा अवशेष कृषकों को प्राथमिकता के आधार पर ग्राम सचिवालय में उपस्थिति सुनिश्चित करायी जा रही है जिससे अवशेष कृषकों का फार्मर रजिस्ट्री बनाया जा सकें। जिन कृषकों की खतौनी में नाम आधार से मिसमैच होने या आदेश कालम में होने से फार्मर रजिस्ट्री नहीं बन पा रही है उन कृषकों का नाम संशोधन हेतु अभिलेख क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा प्राप्त कर संशोधन की अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है, फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे कृषक विभिन्न योजनाओं यथा-प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, फसली ऋण, गुणवत्ता पूर्ण बीज एवं उर्वरक, फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर विक्रय इत्यादि सहित अन्य योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त कर सकें। फार्मर रजिस्ट्री न कराये जाने से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त अवरूद्ध हो सकती है।

# चोपन पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चोरी की घटना का शत-प्रतिशत अनावरण

**● 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी का माल व अवैध गांजा बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चोपन / सोनभद्र –**पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार कुशल पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर सोनभद्र रणधीर मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 नफर शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 08.04.2026 को समय 01:05 बजे रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज के उत्तरी छोर बारी डाला से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी किया गया माल बरामद किया गया, जिसमें एक जोड़ा झुमका, एक नथिया, मंगलसूत्र का लॉकेट, सफेद धातु के चार जोड़ा पायल, दो जोड़ा बिछिया, एक जोड़ा चूड़ी, एक आधार कार्ड, 15,000/- नकद व कुल 07 अदद मोबाइल फोन शामिल हैं।गिरफ्तार अभियुक्त अनिल गुप्ता के कब्जे से उपरोक्त चोरी के सामान के अतिरिक्त 01 किलो 250 ग्राम नाजायज गांजा भी बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण क्रमशः अनिल गुप्ता पुत्र शंभू गुप्ता निवासी डिबुलगंज थाना अनपरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 23 वर्ष, हनुमान बंसल पुत्र गांधी बंसल निवासी मलीन बस्ती डाला थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 35 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग-मु0अ0सं0 126/2026 धारा 305(a), 317(2) बीएनएस थाना चोपन जनपद सोनभद्र, मु0अ0सं0 127/2026 धारा 8/20 NDPS Act थाना चोपन जनपद सोनभद्र।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र, थाना चोपन जनपद सोनभद्र,

उ0नि0 घनश्याम तिवारी, चौकी प्रभारी डाला थाना चोपन , हे0का0 सीताराम यादव, चौकी डाला , हे0का0 शिवशरण राम, चौकी डाला , .हे0का0 हरिसिंह यादव, चौकी डाला , का0 गोविन्द कुमार शामिल रहे।


## संक्षिप्त खबरें

### कथा वाचक पर लगे गम्भीर आरोप अदालत में निराधार साबित हुए



**वृंदावन ( मथुरा)।** अप्रैल 2019 में ठाकुर कुटिया प्रमुख राजऋषि मुकुंद जो की प्रसिद्ध कथा वाचक हैं पर गम्भीर धाराओं पर मुकदमा दर्ज हुआ था राजऋषि मुकुंद पर दुष्कर्म लूट जान से मारने की धमकी अपहरण जैसे गम्भीर आरोप लगाए गए थे लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद जिला अदालत मथुरा से 4 अप्रैल 2026 को आये फैसले मे कथा वाचक राजऋषि मुकुंद को अदालत ने दोष मुक्त मानते हुए बरी किया साथ ही अदालत ने कहा ये आरोप एक षडयंत्र के तहत लगाए गए झूठे आरोप एवं झूठी गवाही देने के कारण अदालत ने वादी राज कुमारी चौधरी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही के आदेश भी दिये... अदालत से दोष मुक्त होने पर कथा वाचक राजऋषि मुकुंद का उनके कथा प्रेमियों ने फूल माला से स्वागत किया राजऋषि मुकुंद ने वृंदावन स्थित रंग नाथ मन्दिर एवं बाबा नीब करौरी मन्दिर जा कर ईश्वर को नमन करते हुए संतों का आशीर्वाद लिया साथ ही कहा ' सत्य प्रताड़ित हो सकता है पराजित नहीं ' कथा वाचक के अधिवक्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ये सारे आरोप सिर्फ एक षडयंत्र के तहत धन उगाही के उद्देश्य से लगाए गए थे जो आज न्यालय में निराधार साबित हुए।

### आईजीआरएस निस्तारण में कानपुर जोन फिर से प्रथम



**कानपुर ।** आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर, जोन कानपुर के कुशल निर्देशन में उ0प्र0 शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण हेतु संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण की शासन द्वारा की गई माह मार्च-2026 की नवीन मासिक मूल्यांकन समीक्षा में कानपुर जोन एवं जोन के कानपुर परिक्षेत्र, झाँसी परिक्षेत्र व 7 जनपद क्रमशः कानपुर देहात, इटावा, फतेहगढ़, कन्नौज, झाँसी, जालौन व ललितपुर तथा कुल 125 थानों को प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त हुयी है, जो जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध समाधान के प्रतिबद्धता का परिचायक है।

### स्कुल चलो अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मनकापुर गोण्डा-** ब्लॉक बभनजोत के ग्राम पंचायत केशव नगर ग्रांट स्थित कंपोजिट विद्यालय केशव नगर ग्रांट के कैंपस में दिनांक 7 मार्च 2026 को स्कूल चलो अभियान व वार्षिक उत्सव बड़े हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी बभनजोत रियाज़ अहमद ने मां वीणा वादिनी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके की तत्पश्चात स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तदोपरांत खंड शिक्षा अधिकारी महोदय के द्वारा स्कूल चलो अभियान हेतु निकल गई रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी रियाज़ अहमद तथा पूर्व ए आर पी राम विलास वर्मा के द्वारा विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना की गई व शुभकामना दी गई कार्यक्रम में न्याय पंचायत के सम्मानित शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक संजय वर्मा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन असीम वर्मा 'राहुल' तथा राम तौल वर्मा ने की । कार्यक्रम में पृथ्वीराज दुबे, अखिलेश कुमार ,संतोष कुमार मौजूद रहे।

# प्रेम गिरि महाराज द्वारा आनंदेश्वर मंदिर के विकास हेतु शासन प्रशासन से समंजस बनाने के लिए दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** मंदिर प्रशासन को प्राप्त हुए आज कानपुर बाबा आनंदेश्वर मंदिर परिषद में परम पूज्य जूना अखाड़ा वरिष्ठ अध्यक्ष परम पूज्य प्रेम गिरि जी महाराज ने कानपुर के पत्रकार बंधुओ क़ो सम्मानित करतें हुए कहा कि महादेव आनंदेश्वर सभी भक्त व कानपुर वासियों को सुख शांति समृद्धि स्वस्थ रहने के साथ पत्रकार बंधुओ को सच निष्पक्ष और साहस की लेखनी हो साथ सुख शांति समृद्धि की महादेव प्रदान करें। महाराज जी कहा ने सभी कार्यों पर जूना अखाड़ा बारिकी से नजर रखे हुए हैं बाबा आनंदेश्वर के भक्तों को व मंदिर के विकास कार्यों में किसी भी तरीके की समस्या नहीं आने दी जाएगी। इसके साथ ही बंगाल प्रदेश में सनातनी सरकार बने महादेव से कामना की है और बंगाल के हिंदुओं के विकास विस्तार स्वास्थ सुख शांति समृद्धि की इच्छा करते हुए महादेव से प्रार्थना किया।

गुरु महाराज कानपुर के सभी पत्रकार बंधुओ को पिंटू वर्मा (ANI) फोटोग्राफर ऋषभ तिवारी (अमृत विचार) गौरव कनौजिया (अमर उजाला) सर्वेश सनी (ABC) अजय गुप्ता (आज तक)संदीप पासवान( दैनिक भास्कर ) मयंक सैनी (सुदर्शन) हिंदुस्तान से रोहित मिश्रा दैनिक जागरण से आशुतोष कुमार मिश्रा व टीवी 18 के वरिष्ठ ब्यूरो चीफ अमित गंजू अखाड़ा टीवी से विजय कुमार क्रम बद्ध तरीके से जूना अखाड़ा / मंदिर प्रशासन की ओर से सम्मानित किया। जूना अखाड़ा वरिष्ठ अध्यक्ष परम पूज्य प्रेम गिरि जी महाराज जी ने मंदिर में अच्छी व्यवस्था भक्तों को सुचारू रूप से दर्शन और मंदिर विकास कार्य हेतु शासन प्रशासन से संपर्क बनाने के निर्देश जारी किए मंदिर कोठारी महंत परम पूज्य श्री महाकाल गिरी जी महाराज पूज्य आदित्य गिरी जी महाराज परम पूज्य इच्छा गिरी जी महाराज परम पूज्य मथुरा गिरी जी महाराज अत्रिवन महाराज जी परम पूज्य हितेश गिरी जी महाराज मंदिर पुजारी अजय पुजारी संजय मिश्रा अनूप मिश्रा व जूना अखाड़ा मीडिया प्रभारी आशुतोष कुमार अंश भी रहे आरती में शामिल।

# बहुचर्चित किडनी कांड में कानपुर में अब तक 9 गिरफ्तार, पूछतांछ में जारी चौंकाने वाले खुलासे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** देश भर में चर्चा का विषय बने यहां के बहुचर्चित किडनी कांड में जारी जांच में लगातार चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। मामले में अस्पताल संचालक डॉक्टरों और दलालों समेत अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस मामले में अब तक बड़ी संख्या में नामचीन अस्पतालों की भी अहम भूमिका प्रकाश में आई है ,जिसको लेकर पुलिस की गहन छानबीन लगातार जारी है। इस बारे में कल मंगलवार को पुलिस ने एजेंट शिवम अग्रवाल उर्फ काड़ा से भी गहन पूछताछ की थी। इस दौरान शिवम ने 50 किडनी ट्रांसप्लांट कराने की बात कबूल की। उसके द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक उसे हर ऑपरेशन पर 50 हजार रुपए मिलते थे। दलाल शिवम ने डॉक्टर के साथ मिल करीब 50 ट्रांसप्लांट कानपुर में कराए हैं। बताया गया कि पारुल तोमर के ट्रांसप्लांट में भी डॉ रोहित और डॉ अफजल कानपुर आए थे और करीब 8-10 दिन रुके थे।

सूत्रों के मुताबिक करीब 2 घंटे चली पूछताछ में उससे 15 सवाल पूछे गए। ज्यादातर सवालों का उसने गोलमोल जवाब दिया। डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने बताया, शिवम पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा है। जल्द ही उसे पुलिस कस्टडी में लेगी, तब विस्तार से पूछताछ की जाएगी। लगातार जारी गहन छानबीन के दौरान इस बहुचर्चित किडनीकांड में पुलिस को शिवम के मोबाइल से एक कॉल रिकॉर्डिंग मिली है। इसमें शिवम, दिल्ली एन सी आर के एजेंट नवीन पांडेय से बातचीत करता सुनाई दे रहा है। सूत्रों ने जानकारी देते हुए यह भी बतायाकी इस रिकॉर्डिंग किडनी ट्रांसप्लांट के दौरान एक मरीज की मौत के बाद की है। 1 मिनट 36 सेकेंड की रिकॉर्डिंग में शिवम, नवीन से कह रहा है कि रोहित सर (फरार आरोपी डॉक्टर) ने साइलेंट होने के लिए कहा है। पुलिस का दावा है कि ऑडियो में दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल का नाम भी सामने आया है। फिलहाल अब इस मामले मेंभी पुलिस नोटिस भेजकर हॉस्पिटल से जवाब मांगेगी। इसके अलावा पुलिस ने डॉ. अफजल के ड्राइवर परवेज सैफी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अबतक कुल 10 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

एजेंट शिवम अग्रवाल ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि अफ्रीकी महिला अरेबिका को डॉ रोहित ने भेजा था। उसने फोन करके कहा था कि एक अफ्रीकी महिला किडनी ट्रांसप्लांट के लिए कानपुर आ रही है। उसके लिए होटल और अस्पताल की व्यवस्था करो। शिवम के अनुसार इसके बाद उसने ट्रांसप्लांट के लिए आहूजा हॉस्पिटल में इंतजाम कर दिया था। शिवम ने बताया अरेबिका से रोहित की मुलाकात दिल्ली में ही हुई थी। डॉ रोहित हर ऑपरेशन में कानपुर आता था। अरेबिका के ट्रांसप्लांट के दौरान भी वो आया था। फिलहाल मामले की जांच से लगातार जारी ,जिसमें और भी कई बड़े चौंकाने वाले खुलासे होने की उम्मीद जताई गई है।

# खरीफ मौसम में उर्वरक की कालाबाजारी एवं अन्य उत्पादों की टैगिंग पर होगी कड़ी कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि जनपद में आगामी खरीफ मौसम में किसान किसी भी प्रकार की कमी की आशंका से घबराकर अभी से यूरिया, डीएपी, पोटाश आदि उर्वरक का पूर्व-संचय या स्टाक न करें। प्रशासन द्वारा समय पर पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराना शासन एवं कृषि विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी उर्वरक विक्रेता सुनिश्चित करेंगे कि कृषकों को उनकी खतौनी के अनुरूप ही उर्वरक का वितरण किया जाए। बिना खतौनी अथवा कम दस्तावेज पर अधिक उर्वरक देना प्रतिबंधित रहेगा। उर्वरकों का विक्रय निर्धारित दरों पर ही किया जाए तथा किसी भी दशा में उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग न की जाए।

उन्होने जनपद के सभी उर्वरक विक्रेताओ को निर्देशित किया है कि प्रत्येक विक्रेता को अपने दुकान पर स्पष्ट रूप से रेट बोर्ड तथा स्टॉक बोर्ड अवश्य लगाना होगा। आने वाले उर्वरकों की मात्रा तथा उसका विवरण स्टॉक रजिस्टर में लगातार एवं नियमित रूप से दर्ज करना अनिवार्य होगा। उर्वरकों की विक्री वितरण के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग, ओवर रेटिंग कालाबाजारी तथा तस्करी करते हुए जो भी विक्रेता पाया जाएगा के विरुद्ध उर्वरक अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्नित नियन्त्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 में निहित प्रविधानों के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगा। उर्वरकों की विक्री निर्धारित दर से अधिक दर पर करने अथवा यूरिया व अन्य उर्वरकों के साथ जबरन अन्य उत्पादों की टैगिंग दुकानदार द्वारा की जाने की स्थिति में इसकी लिखित सूचना जिला कृषि अधिकारी कार्यालय अथवा दूरभाष नं-7839882339 एवं 9793096573 पर दर्ज करा सकते है, जिससे संबन्धित विक्रेता के विरद दंडात्मक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।उन्होने किसानों से अपील किया है कि वे खरीफ सीजन की फसलों की आवश्यकता के अनुरूप ही उर्वरक खरीदें। खरीदते समय बिल अवश्य लें। यदि आपको किसी उर्वरक की गुणवत्ता पर संदेह है, तो तुरंत नजदीकी कृषि कर्मचारी या जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में इसकी सूचना दें।

# नगर पंचायत बिस्कोहर में नामित सभासदों को दिलाई गई शपथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**सिद्धार्थनगर** – नगर पंचायत बिस्कोहर कार्यालय सभागार में बुधवार को आयोजित भव्य समारोह में राज्य सरकार द्वारा नामित तीन सभासदों को पद की शपथ दिलाई गई। उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल ने मनोनीत सदस्य सत्यनारायण दुबे , सूर्यमणि चौधरी,और राजू कसौधन को गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए कर्तव्यों के प्रति निष्ठा की सीख दी अब नगर पंचायत में सभासदों की कुल संख्या 18 हो गई है। इसके पूर्व समारोह के मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल व भाजापा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ,विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री डॉक्टर सतीश चंद्र द्विवेदी व अजय गुप्ता के द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया। संचालक राम नरेश पासवान ने सभी मनोनीत सभासद राजू कसौधन, सूर्य मणि चौधरी, सत्यनारायण दुबे,को उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल के द्वारा शपथ ग्रहण दिलाया गया।चेयर मैन अजय गुप्ता अपना विचार व्यक्त करते हुए जनता को सरकार की योजनाओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि सबका साथ सबका विकास स्वच्छ भारत स्वच्छ नगर पंचायत का नारा दिया। मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि पड़ोसी देश नेपाल मे भी गैस सिलेंडर व तेल संकट गहराया था। सरकार जनता के प्रति वचनबद्ध है, तेल की कमी नहीं होगा ना गैस सिलेंडर की परेशानी आयेगी। देश के प्रति हमारी सरकार सोच समझ कर ईंधन का भंडार भर कर रखा है।इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी अखिलेश दीक्षित, जयवर्धन तिवारी, राम तेज़ शुक्ला ,रामकृपाल चौधरी, सुधीर त्रिपाठी अखंड पाल सिंह, संजय सिंह, राम कृपाल चौधरी ,धनीराम प्रजापति, पंकज सिंह,मारकंडे पांडे, सत्यनारायण दुबे, कालिया बाबा,राम सागर मिश्रा, लव कुश चौधरी, माधव सोनी, मंतोष पाठक, मोना पांडे, आजाद सिंह,सुनील पांडे, रक्षा राम प्रजापति, चंद्र प्रकाश,गुप्ता, राम नरेश पासवान, सूर्यमणि चौधरी,अरविंद गुप्ता, सत्य प्रकाश बाबा, नृपेंद्र सिंह, शाहिद सिद्दीकी, राहुल पाण्डेय , सुधीर कुमार रावत बड़े बाबू, आदि लोग मौजूद रहे।

# गैर शुल्क अदायगी के साथ ईंट निर्माण को लेकर प्रशासन ने कसा शिकंजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विनियमन शुल्क जमा करने में लापरवाही को लेकर प्रशासन द्वारा ईट भट्ठों पर शिकंजा कसे जाने के अभियान को लेकर तहसील क्षेत्र में हडकंप का माहौल दिखा है। लालगंज एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने खनन टीम के साथ पतुलकी गांव में संचालित हो रहे बीपीएस ईट उद्योग के द्वारा पिछले दो वर्षो से बिना विनियमन शुल्क के मिट्टी के खनन को लेकर गहन पड़ताल की। मंगलवार की देर शाम एसडीएम की अगुवाई में फोर्स व टीम के अचानक ईट उद्योग आ धमकने पर हडकंप मच गया। जांच में पाये गये कि संचालको द्वारा पिछले दो वर्षो से अवैध रूप से मिट्टी का खनन करते हुए ईट निर्माण को लेकर भट्ठे का संचालन किया जा रहा है। विभाग द्वारा नोटिस के बावजूद शुल्क अदायगी में अनसुनी को लेकर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जतायी। टीम ने राजस्व क्षति को देखते हुए भट्ठे पर मिट्टी खनन में लगे एक ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर लीलापुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। प्रशासनिक कार्रवाई से ईट भट्ठों के संचालकों में बुधवार को भी हडकंप मचा हुआ दिखा।

### कानपुर में गैस उपभोक्ताओं की फरियाद,साहब सिलेंडर दिला दो, खाना नहीं बन पा रहा



**घाटमपुर।** कानपुर शहर में गैस सिलेंडर की क़िल्लत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है, बुधवार को भी एजेंसियों के बाहर सिलेंडर लेने के लिए कतारें लगीं रही ,, किसी को सिलेंडर मशक्कत के बाद मिला तो कोई खाली हाथ घर लौट गया, घंटों इंतज़ार के बाद भी लोग परेशान दिखे, आपको बताते चलें कि पनकी में भारत गैस एजेंसी में सुबह से ही उपभोक्ताओं की लाइनें लग गई स्वतंत्र गैस एजेंसी सिविल लाइंस में गैस के लिए मारामारी दिखी,लोग सिलेंडर के लिए फरियाद करते दिखे कि साहब सिलेंडर दिला दो खाना नहीं बन पा रहा है, पुष्पा गैस एजेंसी गैस बुकिंग के लिए आफत दिखी उपभोक्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी तों किसी तरह पुलिस ने स्थिति संभाली,भारत की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने रसोई गैस की किल्लत एवं स्मार्ट मीटर से जनता के उत्पीड़न और मूल्य वृद्धि के खिलाफ जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन भी सौंपा।

# कानपुर किडनी कांड : होटल में नोटों की गड्डियां उछालने वाला परवेज शैफी गिरफ्तार

### ● शीघ्र ही डॉ. अफजाल की होगी गिरफ्तारी, परवेज शैफी से मिले महत्वपूर्ण सुराग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** कानपुर किडनी ट्रांसप्लांट कांड में आज परवेज शैफी के रुप में नवी गिरफ्तारी रावतपुर पुलिस ने की है। ये वही परवेज शैफी है जिसका एक वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें ये नोटों की गड्डियों को उछालते दिखाई दे रहा था। यह जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस एम कासिम आबिदी ने बताया कि थाना रावतपुर क्षेत्र में विगत दिवसों में प्राइवेट अस्पतालों में अवैध किडनी खरीद-फरोख्त से संबंधित प्रकरण में अब तक 8 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद एक अन्य अभियुक्त परवेज सैफी को भी गिरफ्तार किया गया है, जो मूलतः मेरठ का निवासी एवं शातिर अपराधी है। वह डॉक्टर अफजाल के साथ मिलकर लॉजिस्टिक्स व ट्रांसपोर्टेशन का कार्य करता था तथा ऑपरेशन से पूर्व रेकी में शामिल था। उसके पास से लगभग 9 लाख बरामद हुए हैं। जांच में वीडियो व ऑडियो साक्ष्य प्राप्त हुए हैं, जिनसे महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। एक ऑडियो में ट्रांसप्लांट के बाद एक महिला की मृत्यु की बात सामने आई है। डोनर-रिसिपिएंट के संबंध में जांच जारी है। अभियुक्त शिवम से पूछताछ में भी नए तथ्य प्राप्त हुए हैं, जिनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस एम कासिम आबिदी ने बताया कि परवेज शैफी से डाक्टर अफजाल के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है और शीघ्र ही डाक्टर अफजाल की भी गिरफ्तारी होगी।

# डीजी की वीडियो कांफ्रेंसिंग में एडीजी आलोक सिंह ने जोन की कानून व्यवस्था से अवगत कराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा आज वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से सभी जोन के एडीजी से कानून व्यवस्था आदि पर चर्चा की गई। कानपुर जोन के एडीजी आलोक सिंह ने कानपुर जोन की स्थिति से अवगत कराया। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी पर्व/त्योहार के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था की तैयारी, अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर कार्यक्रमों एवं अम्बेडकर प्रतिमाओं की सुरक्षा व्यवस्था, जनसुनवाई, ई-साक्ष्य व ई-सम्मन की प्रगति, मीडिया में प्रकाशित/प्रसारित घटनाओं पर त्वरित एवं तथ्यपरक प्रतिक्रिया, Zero Fatality District के लक्ष्य की समीक्षा, यातायात जाम में कमी लाने के उपाय, सी0सी0टी0एन0एस0 में 60/90 दिवस से लंबित विवेचनाओं की स्थिति, यक्ष ऐप पर की जा रही कार्यवाहियों सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के संबंध में समीक्षा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समीक्षा गोष्ठी के दौरान श्री आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जोन के अंतर्गत जनपदों में वर्तमान कानून-व्यवस्था की स्थिति, विभिन्न अभियानों/अभियोजनात्मक कार्यवाहियों की प्रगति, तथा शासन एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित प्राथमिकताओं के प्रभावी अनुपालन हेतु की जा रही कार्यवाहियों की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही जोन स्तर पर जनपदों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ीकरण तथा जनसुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु किये जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया गया।

# अमेरिका तथा इजराइल व ईरान के बीच हुए सीजफायर देश दुनिया के लिए राहत- प्रमोद तिवारी

### ●राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने सन्धि वार्ता में चीन व पाकिस्तान की उभरती भूमिका को विदेश नीति के लिए बताया आघात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने ईरान इजराइल व अमेरिका के बीच दो सप्ताह के लिए हुए सीजफायर को देश दुनिया के लिए राहत भरा कदम करार दिया है। बुधवार को रामपुरखास के दौरे पर पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी लालगंज में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि सभी पक्षों को सदबुद्धि के साथ इस सीजफायर को पूर्ण युद्ध विराम में बदलने के लिए सकारात्मक कदम आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होने अपेक्षा जतायी है कि युद्ध के सदासर्वदा के लिए रूक जाने के साथ व्यापक पैमाने पर धन जन की हानि भी समाप्त हो सकेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी ने हैरानी जताते हुए कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद की नर्सरी है। उन्होने कहा कि देश की विदेश नीति के लिए यह गहरा आघात होगा कि आगामी दस अप्रैल को पाकिस्तान के इस्लामाबाद में यह तीनों देश संधि वार्ता करेंगे। उन्होने कहा कि इस संधि वार्ता की पृष्ठभूमि का सर्वाधिक दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि चीन द्वारा इस युद्ध विराम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गयी है। उन्होने दो दिन पूर्व विदेश नीति के भटकाव को लेकर व्यक्त की गयी अपनी चिन्ता को दोहराते हुए कहा कि वैश्विक परिवेश का इस्लामाबाद व चीन की भूमिकाओं से जुड़ा यह परिदृश्य देश की विदेश नीति के लिए गहरा आघात पहुंचाएगा। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि 39 बार अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यह दावा जारी रखा है कि आपरेशन सिन्दूर में उन्होनें पीएम मोदी से कहकर सीजफायर कराया। उन्होने कहा कि इसके बावजूद पीएम मोदी दृढ़ता के साथ ट्रंप के दावे का खण्डन भी नहीं कर सके। उन्होने कहा कि ईरान, इजराइल व अमेरिका के बीच युद्ध की कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ी। उन्होने कहा कि यह कड़वा सच है कि कच्चे तेल, ईंधन और ऊर्जा के लिए भारत समेत निर्भर रहने वाले देशों को इस युद्ध से काफी नुकसान पहुंचा है।उन्होने कहा कि युद्ध रूकने की खबर आते ही कच्चे तेल की कीमत एक सौ सत्रह डॉलर प्रति बैरल से घट कर इक्यान्वे डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गयी। उन्होने कहा कि भारत के शेयर बाजार में भी आर्थिक सुधार आया है। प्रेसवार्ता में कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने पूर्व मंत्री एवं एआईसीसी की पूर्व महासचिव मोहसिना किदवई के निधन को भी राजनैतिक एवं सामाजिक सरोकार के प्रति अपूर्णनीय क्षति कहा। प्रेसवार्ता के दौरान प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# निर्धारित गति से तेज वाहन चलाया तो होगा ओवर स्पीड चालान, इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। आज राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 84 ट्रक, 8 बस, 74 चार पहिया/दो पहिया 166 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया ।राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 2 ट्रक, 2 बस, 95 चार पहिया / दो पहिया 99 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया । गंगा बैराज पर 77 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की आमजनमानस से अपील है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें, रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें । सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें । यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें । नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है -नियमों का पालन करें व दूसरों को भी प्रेरित करें।

## मसवानपुर चोरी की घटना का अनावरण, पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार, 10 लाख की बरामदगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** थाना रावतपुर क्षेत्र के मसवानपुर में 27/28 की रात में एक ठेकेदार के घर लगभग 30-40 लाख के जेवरात की चोरी की घटना हुई। सूचना मिलते ही तत्काल अभियोग पंजीकृत कर सर्विलांस, एसओजी , थाना व क्राइम टीमों द्वारा संयुक्त रूप से जांच शुरू की गई। इसमें तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से करीब दस लाख के ज़ेवर बरामद हुए हैं। पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस एम कासिम आबिदी ने बताया कि जांच के दौरान करीब 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर संदिग्धों की लोकेशन ट्रेस की गई, जिसके आधार पर 03 अभियुक्तों राजेश बाथम, आशु अग्निहोत्री उर्फ पंडित (सजायाफ्ता, पूर्व में 98.5 वर्ष जेल में) व सौरभ चंदेल को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से लगभग 8-10 लाख के जेवरात बरामद किए गए हैं। अभियुक्तों से पूछताछ में सामने आया कि घटना से पूर्व आरोपियों ने रेकी की थी और सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि एक अन्य अभियुक्त अजय यादव (थाना मधुबन निवासी), जो चोरी के सामान को ठिकाने लगाने में सहयोग करता था, की भूमिका भी प्रकाश में आई है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास है और उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। प्रकरण में अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है। चोरी की घटना के सफल अनावरण हेतु टीम को 25,000 का पुरस्कार घोषित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑपरेशन के बाद महिला की मौत, आरोपी डॉक्टरों की गिरफ्तारी न होने पर पति ने दी आत्मदाह की चेतावनी



**बलिया:** जिले के अपूर्वा नर्सिंग होम में पथरी के ऑपरेशन के दौरान हुई एक महिला की मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित मृतका के पति ने आत्मदाह की चेतावनी दी है। बुधवार को मृतका अनीषा राय के पति शिवांशु राय कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर आरोपी चिकित्सकों की गिरफ्तारी नहीं की गई, तो वह 17 अप्रैल को सुबह 11 बजे जिलाधिकारी कार्यालय पर आत्मदाह करेंगे। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदार ठहराया है। शिवांशु राय के अनुसार, उनकी पत्नी की 22 मार्च 2026 को अपूर्वा नर्सिंग होम में पथरी के इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उन्होंने डॉ. ज्योत्सना सिंह सहित अन्य डॉक्टरों पर लापरवाही और हत्या का आरोप लगाया है। इस मामले में बलिया कोतवाली में पांच चिकित्सकों के खिलाफ हत्या का मुकदमा भी दर्ज किया जा चुका है। घटना के पंद्रह दिन से अधिक समय बीतने के बावजूद अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इसे लेकर मृतका के पति ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं और आरोप लगाया है कि जानबूझकर देरी की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दोहराते हुए दोषी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और बुलडोजर चलाने की मांग भी की।

### तालानगरी को जल्द मिलेगी ट्रिपिंग से राहत, अलीगढ़ में बनाया जाएगा नया बिजलीघर; जगह चिह्नित


**अलीगढ़।** औद्योगिक विकास को गति देने के लिए प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला उद्योग व व्यापार बंधु की बैठक में डीएम संजीव रंजन ने कहा कि उद्यमियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। बैठक में तालानगरी व सीडीएफ क्षेत्र में बिजली आपूर्ति, ट्रिपिंग की समस्या व 132 केवीए बिजलीघर की स्थापना जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। उद्यमियों ने भूमि उपलब्धता न होने की समस्या उठाई। यूपीएसआइडीसी के अधिकारियों ने छेरत में उपकेंद्र स्थापना का प्रस्ताव भेजे जाने की जानकारी दी। डीएम ने ब्रेकडाउन की स्थिति में वाट्सएप के माध्यम से तत्काल सूचना दी जाए। इससे उद्योगों को अनावश्यक नुकसान न हो। एमएसएमई विभाग ने विकसित प्लेज पार्क में प्लाट आवंटन व वहां तक संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण पर भी फोकस किया। मार्ग में बाधा बनी विद्युत लाइनों को शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए। पीपीपी माडल पर प्लेज़ पार्क के विकास को आगे बढ़ाने की बात कही गई। नवीन औद्योगिक आस्थान ख्यामाई में प्लग एंड प्ले आधार पर शेड विकसित करने व मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उद्यमियों को अनावश्यक नोटिस न दिए जाने पर भी चर्चा हुई। व्यापार बंधु बैठक में सेंटर प्वाइंट क्षेत्र में हैंडपंप व शौचालय निर्माण के लिए नगर निगम को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा।

### अलीगढ़: दिल्ली-कानपुर हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, टेंपो-कार टक्कर में पांच घायल

(अलीगढ़)। दिल्ली-कानपुर हाईवे पर कन्होई मोड़ के पास सवारियों से भरे टेंपो में कार ने टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार की देर शाम को करीब साढ़े सात बजे एक टेंपो भांकरी स्थित निजी फैक्टरी से सवारियों को लेकर रिलायंस पेट्रोल पंप पर सीएनजी डलवाकर विपरीत दिशा में कस्बे के लिए आ रहा था। तभी कन्होई मोड़ के पास सामने से आ रही स्कार्पियो कार ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक बच्चू के अलावा सुनील, अनारो देवी, सविता देवी, मंजू निवासीगण नगला नत्था घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को टोल एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि कार को कब्जे में लेकर थाना भिजवा दिया है। मामले में कोई शिकायती प्रार्थना पत्र नहीं आया है।

# अमेरिका-ईरान युद्धविराम के बीच बोले पीट हेगसेथ- ईरान का भविष्य हमारे हाथों में है

**● पेंटागन में एक ब्रीफिंग में बोलते हुए, हेगसेथ ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस भीषण संकट के समय में एक अभूतपूर्व कदम उठाया है। हेगसेथ ने आगे कहा कि युद्धविराम से ठीक पहले के अंतिम कुछ घंटों में राष्ट्रपति ट्रंप के फैसलों ने 'इतिहास रच दिया' और युद्ध की दिशा बदल दी।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमति बनने के कुछ घंटों बाद, युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने कड़े बयान जारी करते हुए कहा कि अमेरिकी नेतृत्व ने संघर्ष में स्पष्ट बढ़त हासिल कर ली है। उनके ये बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अचानक युद्धविराम की घोषणा के बाद वैश्विक स्तर पर मची गहन जांच के बीच आए। पेंटागन में एक ब्रीफिंग में बोलते हुए, हेगसेथ ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस भीषण संकट के समय में एक अभूतपूर्व कदम उठाया है। हेगसेथ ने आगे कहा कि युद्धविराम से ठीक पहले के अंतिम कुछ घंटों में राष्ट्रपति ट्रंप के फैसलों ने 'इतिहास रच दिया' और युद्ध की दिशा बदल दी।

**ईरान का भविष्य हमारे हाथों में है**

अपने सबसे मुखर बयानों में से एक में अमेरिकी युद्ध सचिव ने घोषणा की कि ईरान का भविष्य हमारे हाथों में है यह संकेत देते हुए कि युद्धविराम पर सहमति के बावजूद वाशिंगटन के पास रणनीतिक और सैन्य शक्ति बनी हुई है। उन्होंने दावा किया कि युद्धविराम से पहले ही अमेरिका ने युद्धक्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली थी। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकी सेनाओं ने एक निर्णायक सैन्य विजय प्राप्त की थी जिसने प्रशासन को मजबूत स्थिति से बातचीत करने का आत्मविश्वास दिया।

**ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करेगा**

वाशिंगटन के दृढ़ रुख को दोहराते हुए, हेगसेथ ने दावा किया कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि युद्धविराम की शर्तें अमेरिका के दीर्घकालिक सुरक्षा उद्देश्यों के अनुरूप थीं। हेगसेथ ने आगे कहा कि ईरान को पूरी तरह से कुचलने के लिए आर्थिक और सैन्य विकल्प उपलब्ध थे। अमेरिकी युद्ध सचिव ने कहा, 'राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान की अर्थव्यवस्था को तबाह कर सकते थे, लेकिन उन्होंने संयम बरता। उन्होंने युद्धविराम के दौरान राजनयिक बातचीत का रास्ता चुनकर दया दिखाई।

## बंगाल चुनाव: 'यहां से दफा हो जाओ', टीएमसी नेताओं से चुनाव आयोग, डेरेक ओ'ब्रायन का si पर गंभीर आरोप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ब्यूरो प्रयागराज।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने चुनाव आयोग (ईसी) के साथ हुई बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ बेहद असम्मानजनक व्यवहार किया और बैठक के महज 7 मिनट के भीतर उन्हें वहां से जाने के लिए कह दिया। डेरेक ओ'ब्रायन ने कहा कि वे अपनी पार्टी के प्रतिनिधियों के साथ पूरी तैयारी के साथ चुनाव आयोग के पास गए थे। उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी की प्रमुख ममता बनर्जी की ओर से चुनाव आयोग को 9 चिट्ठियां भेजी गई थीं, लेकिन उनमें से किसी का भी न तो जवाब दिया गया और न ही कोई संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि यह अपने आप में गंभीर मामला है, क्योंकि एक संवैधानिक संस्था को इस तरह की चिट्ठियों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

ओ'ब्रायन के मुताबिक, बैठक सुबह करीब 10 बजकर 2 मिनट पर शुरू हुई और 7-8 मिनट में ही खत्म हो गई। इस दौरान उन्होंने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कुछ अहम मुद्दे उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ ऐसे अधिकारी चुनाव प्रक्रिया में शामिल हैं, जिनका संबंध भारतीय जनता पार्टी से है। उन्होंने ऐसे 6 उदाहरण चुनाव आयोग के सामने रखे और कहा कि इससे चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने अधिकारियों के ट्रांसफर और नियुक्तियों को लेकर भी चिंता जताई। उनका कहना था कि अगर इस तरह के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी, तो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कैसे संभव हो पाएंगे। लेकिन जैसे ही उन्होंने ये मुद्दे उठाए, मुख्य चुनाव आयुक्त ने उन्हें बीच में रोक दिया और कथित तौर पर 'यहां से निकल जाओ' कह दिया। डेरेक ओ'ब्रायन ने इस पूरे घटनाक्रम को शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि अपने 22 साल के राजनीतिक करियर और 16 साल के संसदीय अनुभव में उन्होंने कभी भी किसी संवैधानिक संस्था के साथ ऐसी स्थिति नहीं देखी। उन्होंने खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर चुनाव आयोग के पास बैठक का वीडियो या ऑडियो रिकॉर्ड है, तो उसे सार्वजनिक किया जाए ताकि सच सामने आ सके। उन्होंने यह भी कहा कि जब उनका प्रतिनिधिमंडल बाहर निकल रहा था, तब उनके एक सहयोगी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को बधाई दी कि वे भारत के इतिहास में पहले ऐसे मुख्य चुनाव आयुक्त हैं, जिनके खिलाफ लोकसभा और राज्यसभा में हटाने के नोटिस दिए गए हैं।ओ'ब्रायन ने आगे बताया कि इस मुद्दे को लेकर सभी विपक्षी दल एकजुट हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब वे बैठक में पहुंचे, तो शुरुआत में ही यह कहा गया कि उनका प्रतिनिधिमंडल अधिकृत नहीं है, जबकि वे पूरी तरह अधिकृत होकर गए थे। इसके बाद जब उन्होंने अपने मुद्दे रखने शुरू किए, तो उन्हें बोलने का मौका ही नहीं दिया गया।ओ'ब्रायन ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं की निष्पक्षता बेहद जरूरी है और अगर इस पर सवाल उठते हैं, तो यह पूरे सिस्टम के लिए चिंता की बात है।

## ओखला पक्षी विहार बनेगा विश्वस्तरीय इको टूरिज्म और रिसर्च केंद्र, वन विभाग ने तैयार की परियोजना

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**नोएडा।** ओखला पक्षी विहार को विश्वस्तरीय इको टूरिज्म और रिसर्च केंद्र विकसित करने की तैयारी है। वन विभाग इको टूरिज्म को प्रमोट करने के लिए परियोजना तैयार कर चुका है। इस सम्बंध में वन विभाग प्राधिकरण से साथ कई बैठक कर चुका है। शासन के आदेश मिलते ही इस प्रोजेक्ट को जमीनी स्तर पर लाया जाएगा और काम शुरू होगा। खास बात यह कि इस योजना के तहत पर्यटक बढ़ाने पर जोर दिया जा रहे बल्कि पक्षियों की संख्या में बढ़ोतरी हो इस पर भी वैज्ञानिक तरीके भी अपनाए जाएंगे।

वन विभाग का रिसर्च और कंजर्वेशन पर अधिक जोर है । इसकी खासियत है कि यहां अत्याधुनिक रिसर्च केंद्र बनाए जाएंगे। इन केंद्रों में स्कूली और कॉलेज के छात्रों को पक्षियों पर शोध करने का अवसर दिया जाएगा। साथ ही शोधकर्ता पक्षियों, पानी, मिट्टी पर शोध कर सकेंगे। इससे शोध क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा बल्कि पारिस्थितिक तंत्र को आसानी से समझने में भी मदद मिल सकेगी। साथ प्रजातियों के अनुसार हैबिटेट, नेस्टिंग साइट्स सुरक्षित आवास विकसित किए जाएंगे।

**पर्यटकों को मिलेगी सुविधा**

पर्यटकों को सुविधा देने के लिए विहार में कई बदलाव किए जा रहे हैं। नेचर ट्रेल, साइक्लिंग ट्रक, गाइड टायर, वॉच टावर जैसी सुविधा पर्यटकों की दी जाएगी। विहार में पहुंचने वाले पर्यटकों को खानपान की सुविधा भी मिल सकेगी।

# साइबर धोखाधड़ी में फंसे नीट अभ्यर्थी को साकेत कोर्ट से झटका, जमानत देने से किया इनकार

**» साकेत कोर्ट ने नीट अभ्यर्थी की जमानत याचिका खारिज की।**

**» अभ्यर्थी पर संगठित साइबर धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप।**

**» कोर्ट ने ठोस सबूतों और गंभीर अपराध का हवाला दिया।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दक्षिणी दिल्ली।** साकेत कोर्ट ने नीट की तैयारी कर रहे 18 वर्षीय एक अभ्यर्थी को जमानत देने से इनकार कर दिया है। उस पर संगठित साइबर धोखाधड़ी में सक्रिय होने का आरोप है। कोर्ट ने कहा कि उसके खिलाफ मिले ठोस सबूतों को देखते हुए इस मामले में उसकी भूमिका केवल 'मामूली' नहीं है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार गौतम ने आरोपित अबुजर गफ्फारी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

अबुजर पर बीएनएस की धारा धारा 318 (4) (धोखाधड़ी और बेईमानी से संपत्ति की सुपुर्दगी के लिए प्रेरित करना), 112 (3) (अपराध का दुष्प्रेरण), 317(2) (चोरी की संपत्ति प्राप्त करना), 61(2) (आपराधिक षड्यंत्र), 49 (आत्महत्या का दुष्प्रेरण) और 3(5) (सामान्य आशय) के तहत अपराध करने का आरोप है। साथ ही उस पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66(डी) (पहचान बदलकर साइबर धोखाधड़ी) के तहत भी आरोप लगाए गए हैं।

**'आवेदक की भूमिका मामूली नहीं'**

कोर्ट ने छह अप्रैल के अपने आदेश में कहा कि आवेदक की जो भूमिका बताई गई है, वह मामूली नहीं है। संगठित साइबर धोखाधड़ी से जुड़े आर्थिक अपराधों के समाज और वित्तीय प्रणालियों पर गंभीर परिणाम होते हैं और इनसे सख्ती से निपटा जाना आवश्यक है।

कोर्ट ने कहा कि आरोपों की प्रकृति को देखते हुए, इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि आवेदक गवाहों को प्रभावित कर सकता है या सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकता है। इसलिए यह कोर्ट आवेदक को जमानत देने के पक्ष में नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि चल रही जांच में इस बड़े षड्यंत्र में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता का पता लगाया जाना अभी बाकी है।

**क्या है मामला?**

आवेदक (गफ्फारी) बैंक खाते खुलवाने, कई खातों के माध्यम से धनराशि का लेन-देन करने और उस धनराशि को क्रिप्टोकरेंसी में बदलने में सक्रिय रूप से शामिल था, जो प्रथम दृष्टया एक सुनियोजित और व्यवस्थित गतिविधि को दर्शाता है। अभियोजन पक्ष ने इस बात पर भी जोर दिया कि आरोपित से जुड़े 30-40 बैंक खाते 'नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल' पर दर्ज कई शिकायतों से जुड़े हुए थे।

कोर्ट ने यह भी पाया कि आरोपित के विभिन्न एटीएम से नकद निकालते और जमा करते हुए सीसीटीवी फुटेज, लेन-देन की विशाल मात्रा (जिसमें लगभग 44 लाख रुपये की जमा राशि भी शामिल है), ने जमानत याचिका का विरोध कर रहे अभियोजन पक्ष के मामले को और अधिक मजबूत कर दिया।

इससे पहले बचाव पक्ष के वकील ने यह तर्क दिया था कि बरामद किए गए सबूतों को झूठे तरीके से फंसाने के लिए रखा गया है, और पुलिस द्वारा स्वतंत्र रूप से कोई बरामदगी नहीं की गई है। उन्होंने आरोपित की कम उम्र का हवाला देते हुए यह भी तर्क दिया कि उसे लगातार जेल में रखने से उसकी शिक्षा और भविष्य की संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अदालत ने इस पर जवाब दिया कि ऐसे मामलों के लिए सबूतों की आवश्यकता होती है और जमानत के इस चरण पर इनका निपटारा नहीं किया जा सकता।

## अलीगढ़ की रामघाट रोड पर मिलेगी पार्किंग और हरियाली, सफर होगा जाम मुक्त



**अलीगढ़।** सीएम ग्रिड योजना में शामिल रामघाट रोड को स्तरीय व आकर्षक बनाया जाएगा। मीनाक्षी पुल से क्वार्सी थाना तक लगभग 2.65 किलोमीटर लंबे मार्ग पर पूर्व में सीसी सड़क निर्माण का काम शामिल था। नगर निगम स्तर से नाला का मरम्मतीकरण भी कराया जा रहा था। ये सड़क 15.69 करोड़ रुपये से तैयार की जानी थी। मगर, अब इस सड़क को पार्किंग सुविधा, इंटरलाकिंग ईंट का फुटपाथ, आकर्षक लाइटिंग व थीम आधारित (एकरूपता वाले पेड़-पौधे) पौधारोपण से युक्त किया जाएगा। रामघाट रोड पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने से हमेशा जाम की स्थिति रहती है। मगर अब पार्किंग स्थल बनने से इस सड़क पर जनता का सफर जाम मुक्त होगा। शासन से एक बार निर्माण कार्य के लिए अनुमति मिलने के बाद दोबारा नए काम जोड़ते हुए नगर निगम की ओर से प्रस्ताव भेजा गया था। अब ये कार्य 24.39 करोड़ रुपये की लागत से कराए जाएंगे। हालांकि फुटपाथ व नाला का काम पूरा होने के बाद चौड़ी जगह की उपलब्धता के अनुसार पार्किंग की व्यवस्था की जानी है।

## बलिया में अमर शहीद मंगल पांडेय को श्रद्धांजलि: माल्यार्पण, राष्ट्रगान और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ याद किया शौर्य





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलिया:** 1857 की क्रांति के महानायक मंगल पांडेय के शहादत दिवस पर बुधवार को जनपद में उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। शहर के कदम चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों ने देशभक्ति के इस अमर नायक को याद किया। इस दौरान झंडारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया, वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें सलामी दी गई।

सुबह सात बजे से ही कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई थी। सरस्वती शिशु मंदिर भृगु आश्रम, पार्वती शिक्षा निकेतन, शिव बाबा शिक्षा निकेतन और भृगु शिक्षण संस्थान के बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। प्रभातफेरी शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी, जिसमें बच्चे 'मंगल पांडेय अमर रहें' के नारों से माहौल को देशभक्ति से सराबोर करते नजर आए। कदम चौराहे पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने मंगल पांडेय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बैरकपुर छावनी में एक सिपाही के रूप में उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह की जो चिंगारी जलाई, वही आगे चलकर स्वतंत्रता संग्राम की बड़ी लौ बनी। वक्ताओं ने युवाओं से उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शहीद मंगल पांडेय स्मारक समिति के अध्यक्ष शशिकांत चतुर्वेदी, मंत्री राजकुमार पांडेय, सियाराम यादव, संतोष तिवारी सहित भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्र ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर अनिल राय, रामनाथ पटेल, श्रीभगवान यादव, रामजी गुप्ता, जगमोहन, पदूमदेव विंद, पूर्व सैनिक हरि बल्लभ तिवारी, विजय शंकर पांडेय, हरिन्द्र पांडेय, अंगद सिंह, आईएमए के अध्यक्ष डॉ. डी. राय, कांग्रेस नेता जैनेन्द्र कुमार पांडेय, रुपेश चौबे, संतोष चौबे, रजनीश यादव, दुर्गा दत्त त्रिपाठी, राजनाथ पांडेय, शेख अमर उल्लाह, राजन कौन्जीया, पप्पू पांडेय, श्रीकांत उपाध्याय, रमाशंकर तिवारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, साहित्यकार, पत्रकार और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# ईरान बोला शुक्रिया भारत, पाकिस्तान पर भड़का यूएई

**● ईरानी हमलों में यूएई को सबसे बड़ा नुकसान हुआ। तेल सुविधाएं, जहाज, अर्थव्यवस्था सब प्रभावित हुई। अब सीज फायर हुआ है तो यूई को लग रहा है कि वह ठगा गया है क्योंकि हॉर्न स्टेट अभी भी पूरी तरह से नहीं खुला है।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

सीजफायर के महज 24 घंटे के अंदर भारत ने वो कर दिखाया जिसने पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है। जी हां, पाकिस्तान ने सीज फायर कराया। यह कहना है पाकिस्तानियों का। लेकिन अमेरिका ईरान के बीच दो हफ्ते का यह जो सीज फायर हुआ है, हॉर्मोज स्टेट पर जो तनाव थमा है, दुनिया ने जो राहत की सांस ली है, ठीक उसी वक्त भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अचानक संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई के दो दिवसीय दौरे 11 से 12 अप्रैल 2026 पर जा रहे हैं। पाकिस्तान की सांसे फूली हुई है। लेकिन इस बीच ईरान के सुप्रीम लीडर के भारत में प्रतिनिधि डॉक्टर अब्दुल माजिद हकीम इलाही ने दिल्ली में बैठकर अमेरिका ईरान सीज फायर पर ऐसा ऐलान कर दिया बयान दे दिया कि पाकिस्तान अमेरिका दोनों के होश उड़ गए। उन्होंने साफ कह दिया कि अमेरिका खुद चाहता था सीज फायर कराना। हमने कुछ नहीं कहा। लेकिन इस ईरान को कोई नहीं हरा सकता है और पाकिस्तान वह तो पहले से ही टेंशन में था।

यूएई ने अपना 3.5 अरब डॉलर करीब 29,000 करोड़ का पुराना कर वापस मांग लिया। तुरंत दो। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था जो सालों से यूएई के एहसानों यूएई की गुलामी करके टिकी हुई थी। आज वही यूएई उसे बेचारा जरूरतमंद बता रहा है। यानी पैसा भी दो और गाली भी सुनो। पाकिस्तानी नेता मुशाहिद हुसैन सैयद टीवी पर बैठकर यूएई का मजाक उड़ाते दिखे भारत के खिलाफ अखंड भारत का डर भी दिखा रहे थे।

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर सीज फायर का ऐलान कर दिया। अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने मध्यस्था की। ऐसा उन्होंने कहा। अब ईरान को हॉर्म स्टेट खोलने की शर्त रखी गई है। दुनिया ने राहत की सांस जरूर ली है और ठीक 24 घंटे बाद भारत का विदेश मंत्रालय बयान जारी करता है कि विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर 11 से 12 अप्रैल 2026 को यूएई जा रहे हैं आधिकारिक यात्रा पर। एमए का बयान साफ था कि दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग की समीक्षा होगी।

ईरानी हमलों में यूएई को सबसे बड़ा नुकसान हुआ। तेल सुविधाएं, जहाज, अर्थव्यवस्था सब प्रभावित हुई। अब सीज फायर हुआ है तो यूई को लग रहा है कि वह ठगा गया है क्योंकि हॉर्न स्टेट अभी भी पूरी तरह से नहीं खुला है। सच्चाई है ये। ईरान ओमान मिलकर टोल वसूलने की तैयारी में है और यूएई को भरपाई नहीं मिल पा रही है और भारत भारत यूएई का सबसे भरोसेमंद पार्टनर है। 43 लाख भारतीय वहां रहते हैं। दोनों देशों के बीच 100 अरब डॉलर से ज्यादा का व्यापार होता है। रक्षा ऊर्जा सुरक्षा हर क्षेत्र में साझेदारी है और डॉक्टर जयशंकर की यात्रा सिर्फ मुलाकात नहीं बल्कि रणनीतिक संदेश है कि भारत क्षेत्रीय स्थिरता का गारंटर है। पाकिस्तान के लिए यह खबर किसी बड़े बम की तरह है क्योंकि यूएई पाकिस्तान का पुराना भाई था। लेकिन अब वही भाई यूएई भारत के साथ और करीबी दोस्ती निभा रहा है।

# मोदी और नेतन्याहू क्या राजनीतिक रूप से नाकाम

**● ईरान-अमेरिका सीज़फायर की खबर अब पुरानी हो रही है। लेकिन इसराइल और भारत में इस पर बहस हो रही है। दोनों देशों में विपक्षी दलों ने पीएम नेतन्याहू और पीएम मोदी पर जबरदस्त हमला बोला है। हालांकि भारत इस मामले में पार्टी नहीं है। लेकिन कुछ बात तो है।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** ईरान-अमेरिका सीज़फायर का असर इसराइल और भारत में नज़र आ रहा है। भारत और इसराइल के विपक्षी दलों ने अपने-अपने देशों के प्रधानमंत्रियों नेतन्याहू और नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को नेस्तानाबूद करने की धमकी दी थी लेकिन वो समझौते की टेबल पर आ गए। नेतन्याहू ने अमेरिका को इस युद्ध में जबरन ढकेला और जब ट्रंप ने सीज़फायर डील की घोषणा की तो नेतन्याहू की उसमें कोई भूमिका नहीं थी। पीएम मोदी ईरान पर युद्ध थोपे जाने से तीन दिन पहले इसराइल गए थे। यह भी इसराइल का गेम था। वो दुनिया को दिखाना चाहता था कि ईरान का सदियों पुराना दोस्त भारत आज उसके साथ खड़ा है। यानी ईरान पर युद्ध थोपे जाने की मोदी की मौन सहमति थी। मोदी ने आज तक ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की हत्या की निन्दा नहीं की। युद्ध के बीच में जब पाकिस्तान की भूमिका की बात कही जा रही थी तो भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर पाकिस्तान को दलाल देश बता रहे थे।

कांग्रेस के संचार प्रभारी और सांसद जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा- पूरी दुनिया पश्चिम एशिया में एक तरफ यूएस और इसराइल और दूसरी तरफ ईरान के बीच चल रहे इस संघर्ष में लागू हुए दो सप्ताह के संघर्षविराम का सावधानीपूर्वक स्वागत करेगी। यह संघर्ष 28 फरवरी को ईरान के शासन के शीर्ष नेतृत्व की टारगेटेड किलिंग के साथ शुरू हुआ था। यह घटनाएं प्रधानमंत्री मोदी की बहुचर्चित इसराइल यात्रा पूरी होने के ठीक दो दिन बाद शुरू हुई थीं। इस यात्रा ने भारत की वैश्विक साख और प्रतिष्ठा को कम किया। पीएम मोदी ने ग़ज़ा में इसराइल द्वारा किए जा रहे नरसंहार और कब्जे वाले वेस्ट बैंक में उसकी आक्रामक विस्तारवादी नीतियों पर कुछ नहीं कहा।

जयराम रमेश ने कहा- युद्धविराम कराने में पाकिस्तान की भूमिका, पीएम मोदी की अत्यधिक व्यक्तिनिष्ठ कूटनीति के सार और शैली-दोनों-के लिए एक गंभीर झटका है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को जारी समर्थन के कारण पाकिस्तान को अलग-थलग करने और दुनिया को यह विश्वास दिलाने की नीति कि वह एक विफल राष्ट्र है, स्पष्ट रूप से सफल नहीं हुई है। जैसा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने मुंबई आतंकी हमलों के बाद कर दिखाया था। यह तथ्य कि एक दिवालिया अर्थव्यवस्था (पाकिस्तान की), जो पूरी तरह बाहरी डोनर्स की मदद पर निर्भर है, और कई मायनों में एक टूटे हुए देश ने ऐसी भूमिका निभा ली, पीएम मोदी की कूटनीतिक रणनीति और नैरेटिव प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने या उनकी टीम ने यह भी कभी नहीं बताया कि ऑपरेशन सिंदूर को 10 मई 2025 को अचानक और तत्काल क्यों रोक दिया गया। जिसकी पहली घोषणा अमेरिका के विदेश मंत्री ने की थी और जिसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति तब से लगभग सौ बार श्रेय ले चुके हैं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा- हर जगह एक स्पष्ट राहत की भावना है। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को दलाल कहकर खारिज किया था। लेकिन अब स्वयंभू विश्वगुरु पूरी तरह एक्सपोज हो चुके हैं। उनका स्वयं घोषित 56 इंच का सीना सिमटकर रह गया है। उनकी कायरता न केवल इसराइल की आक्रामकता पर, बल्कि व्हाइट हाउस में बैठे उनके करीबी मित्र द्वारा इस्तेमाल की जा रही पूरी तरह अस्वीकार्य और शर्मनाक भाषा पर भी उनकी चुप्पी से पता चलती है।